* ओड़िशा संस्करण

30 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 219


राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पीएम नरेंद्र मोदी से नयी दिल्ली में भेंट की











### धनबाद रेल मंडल के निचितपुर हॉल्ट के पास बड़ा हादसा

# पोल में दौड़ा करंट, छह ठेका मजदूर जिंदा जले

- हावड़ा-दिल्ली रेलखंड पर तीन घंटे बंद रहा परिचालन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/बाघमारा/कतरास।** सोमवार को हावड़ा-दिल्ली रेलखंड पर धनबाद रेल मंडल के निचितपुर हॉल्ट के पास पोल खड़ा कर रहे छह ठेकाकर्मी उस समय जिंदा जल गये, जब पोल में करंट दौड़ गया। छह अन्य मजदूर बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पाकर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, रेलवे के उच्चाधिकारी, बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू और अन्य अधिकारी वहां पहुंचे। हादसे के बाद हावड़ा-दिल्ली रेलखंड पर लगभग तीन घंटे तक परिचालन ठप रहा। सभी मजदूर दिल्ली की कंपनी सिक्का में ठेके पर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि घटना के बाद पास के एक चापाकल में भी करंट दौड़ गया, जिससे वहां पानी भर रही एक बच्ची भी झुलस गयी।

**ऐसे घटी घटना :** जानकारी के अनुसार आठ मजदूर डाउन लाइन के पोल संख्या सात के पास पोल गाड़ रहे थे। तभी पोल 25 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार की ओर झुक गया। इससे पोल में करंट दौड़ गया और छह मजदूरों के शरीर में आग लग गयी। दो मजदूरों ने भाग कर अपनी जान बचायी। बताते चलें कि धनबाद रेल मंडल के प्रधानखंता से लेकर बंधुआ तक दो सौ किलोमीटर रेल मार्ग पर ट्रेनों की गति 120 किमी से 160 किमी प्रति घंटे करने को लेकर काम चल रहा है। सोमवार को भी निचितपुर फाटक के पास पोल गाड़ा जा रहा था। बताया जाता है कि ऐसे काम के लिए ट्रैफिक ब्लॉक की अनुमति ली जाती है। क्रेन की मदद ली जाती है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया था।



### इन मजदूरों की हुई मौत

मृत मजदूरों की पहचान लातेहार के संजय भुइयां, प्रयागराज के सुरेश मिस्त्री और पलामू के गोविंद सिंह और नामदेव सिंह के रूप में हुई है। दो अन्य की पहचान नहीं हो सकी है। पोल लगाने के लिए कुल 22 मजदूरों को लाया गया था। सभी मजदूर धनबाद के भूली में ठहराए गए थे। टीम लीडर बबलू कुम्हार था।

### घटना की होगी तीन जांच, दोषियों पर करेंगे कड़ी कार्रवाई : डीआरएम

घटनास्थल पर पहुंचे धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि इस घटना के लिए दोषी कौन है, इसकी जांच की जायेगी। इस घटना के बारे में तीन जांच होगी। एक जांच पुलिस और दूसरी रेलवे करेगी, जबकि तीसरी विभागीय जांच होगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### प्रथम द्दष्टया घटना रेलवे की लापरवाही से घटी है : सीओ

बाघमारा सीओ कमल किशोर सिंह ने बताया कि प्रथम द्दष्टया यह घटना रेलवे की लापरवाही के कारण हुई। वह जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपेंगे। डीएसपी निशा मुर्मू ने बताया कि फिलहाल सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित : जनरल वीके सिंह

- मीडिया संवाद में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिये उपलब्धियां दिखायीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन और नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को बताया। सोमवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित मीडिया संवाद के दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिये नौ वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यों को दर्शाया।

जनरल वीके सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी देश की प्रगति में उसके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र के बदलाव महत्वपूर्ण होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में देश गति के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अपने पहले कार्यकाल से ही मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को ही देश कल्याण का आधार बनाया। गरीबों के लिए बुनियादी ढांचा का निर्माण, 80 करोड़ गरीबों को खाद्य सुरक्षा, दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण, तीन करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नौ साल पूरे होने पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रूप में मना रही है। नौ वर्षों में बगैर किसी भेदभाव के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। इन नौ वर्षों में तीन व्यवस्थाओं में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में जो काम हुआ, उतना काम पिछले 70 वर्षों में भी नहीं हुआ। एक सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में किसी गैर भाजपा शासित प्रदेश के लिए अलग व्यवस्था नहीं है।

कार्यक्रम में जनरल वीके सिंह का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश एवं नेता विधायक बाबूलाल मरांडी ने अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।




प्रेस क्लब में मीडिया से संवाद करते जनरल वीके सिंह। साथ में हैं प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश एवं नेता विधायक बाबूलाल मरांडी।

### कश्मीर में आये बदलाव को दुनिया ने देखा

जनरल वीके सिंह ने कहा कि हत्या और विकास के साथ कोई तालमेल नहीं। हत्या, दंगा-फसाद ये सब विकास में बाधक होते हैं, वैसे भी इन नौ वर्षों के अंदर कश्मीर में काफी कुछ बदलाव आया है। जहां तक पाकिस्तान की बात है, तो वहां जो स्थिति बनी है, वह किसी से छिपी नहीं है। वह जिस रास्ते पर चल चुका है, उस पर उसकी तबाही निश्चित है।

## इसरो का नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 सफलतापूर्वक लांच

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 को सफलतापूर्वक लांच किया। इससे हमारा नाविक नेविगेशन सिस्टम और मजबूत होगा। नाविक सैटेलाइट से हमारी सेनाओं को दुश्मनों के ठिकानों की सटीक जानकारी मिलेगी। इनके अलावा नेविगेशन सर्विस भी मजबूत होगी। इसरो ने सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर 51.7 मीटर ऊंचे रॉकेट से एनवीएस-01 लांच किया। इसरो प्रमुख डॉ एस सोमनाथ ने बताया कि भारत के पास सात नाविक सैटेलाइट थे। इनमें से चार ही काम कर रहे हैं। तीन खराब हो चुके हैं। अगर हम तीनों को बदलते, तब तक ये चार भी बेकार हो जाते। इसलिए हमने पांच नेक्स्ट जेनरेशन नाविक सैटेलाइट को छोड़ने की तैयारी की। एनवीएस-01 उनमें से एक है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के दूसरे लांच पैड से सुबह 10.42 बजे उपग्रह ने उड़ान भरी। लांच के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट से पेलोड अलग हो गया। इसने एनवीएस-01 सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में तैनात किया।

# दिनेश गोप की निशानदेही पर कामडारा के जंगल से डेढ़ हजार गोलियां बरामद

- गुमला के बाद खूंटी के जंगलों की खाक छान रही एनआइए टीम
- पीएलएफआइ सुप्रीमो को साथ लेकर हथियारों की तलाश जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला/खूंटी।** एनआइए की टीम ने गुमला के कामडारा के सरिता जंगल से डेढ़ हजार गोलियां बरामद की है। इनकी बरामदगी पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की निशानदेही पर सोमवार को हुई। बरामद गोलियों में 7.62 एमएम की 1245 और 5.56 एमएम की 271 राउंड गोलियां हैं। दिनेश गोप ने इस गोलियों को डिब्बे में बंद कर जमीन में गाड़ कर रख दिया था। बताया जा रहा है कि उसने दो साल पहले पुलिस की बढ़ती दबिश के बाद ऐसा किया था। उसने गोलियों को दफनाने वाली जगह के पास के एक पेड़ में निशान भी बना रखे थे।



गुमला के बाद एनआइए की टीम दिनेश गोप को साथ लेकर खूंटी पहुंची। दिनेश गोप ने पूछताछ के क्रम में पीएलएफआइ से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी हैं। इसके बाद एनआइए की कार्रवाई जारी है। पूछताछ के दौरान उसने रनिया इलाके में बेस कैंप और हथियारों का जखिरा होने की जानकारी दी है। इसके बाद एनआइए एक्शन में आयी है। पूरी टीम जंगलों की खाक छान रही है, ताकि हथियार बरामद किये जा सकें। सूत्रों के अनुसार दिनेश गोप ने एनआइए और पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। उसने कामडारा, बसिया और पालकोट के इलाके में उसके साथ-साथ संगठन को मदद पहुंचाने वाले कई सफेदपोश लोगों के नाम भी बताये हैं। इनमें कई ऐसे चेहरे शामिल हैं, जो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े हैं। कई ठेकेदार, भट्ठा और क्रशर संचालक भी मददगारों में शामिल हैं।

### पीएलएफआइ का गढ़ रहा है सरिता गांव

कामडारा इलाके का सरिता गांव और जंगल शुरू से ही पीएलएफआइ का गढ़ रहा है। दिनेश गोप का दाहिना हाथ माने जाने वाला शनिचर सुरीन का घर भी इसी गांव में है। अक्सर इस गांव में पीएलएफआइ उग्रवादियों का जमावड़ा लगता था। साथ ही यहीं से रणनीति तय कर पीएलएफआइ घटना को अंजाम देता था। मगर पुलिस ने 17 जुलाई 2021 को शनिचर सुरीन को खूंटी थाना क्षेत्र के रनिया और गुदड़ी जंगल में मार गिराया था। सरकार ने उस पर 10 लाख का इनाम घोषित कर रखा था।

### मायानगरी मुंबई की चचेरी बहनों ने अपनाया वैराग्य

# झारखंड के मधुबन में दीक्षा लेकर बनीं संन्यासी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** एक तरफ जहां लोग दुनिया की हर सुख-सुविधा को पाने के लिए आतुर हैं, वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो सांसारिक मोह-माया छोड़कर संन्यास और वैराग्य अपना रहे हैं। मायानगरी मुंबई की दो लड़कियों ने झारखंड के गिरिडीह जिले के मधुबन में जैन मुनि से दीक्षा लेकर वैराग्य को अपना लिया और संन्यासी बन गयीं। सम्मेद शिखर जी मधुबन के तलेटी तीर्थ में उनको दीक्षा दी गयी। आचार्य मुक्तिप्रभ सुरीश्वर जी महाराज के निश्रा में चचेरी बहनों की दीक्षा हुई।

**मुंबई के बायखला की रहने वाली हैं दोनों बहनें :** बता दें कि सम्मेद शिखर जी स्थित तलेटी तीर्थ में सोमवार को आचार्य मुक्तिप्रभ सुरीश्वर जी महाराज और साधनारत साधु-संतों की निश्रा में भव्य दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया। धार्मिक विधियों को पूरा करते हुए मायानगरी मुंबई के बायखला की रहने वाली दर्शी कुमारी और देशना कुमारी ने दीक्षा ली।



**दर्शी और देशना के पिता हैं कपड़ा कारोबारी :** इन दोनों बहनों की उम्र क्रमशः 19 वर्ष और 15 वर्ष है। साधु-संतों की दिनचर्या से प्रभावित होकर दोनों ने दीक्षा लेने का निश्चय किया। दोनों के पिता मुंबई में कपड़ा व्यवसायी हैं। दर्शी के पिता का नाम मनीष कुमार है, जबकि देशना के पिता का नाम अमित कुमार है।

**सांसारिक सुख से दूर रहने का दोनों बहनों ने लिया निर्णय :** बताया गया है कि दर्शी कुमारी और देशना कुमारी पिछले तीन साल से साधु-संतों के सान्निध्य में रह रहीं थीं। इसके बाद दोनों चचेरी बहनों ने वैराग्य अपनाने और सांसारिक सुखों से दूर रहने का निर्णय किया। वैराग्य अपनाना दर्शी और देशना की अपनी इच्छा थी। परिवार के लोग उनके फैसले में बाधक नहीं बने। साधु-संतों की प्रेरणा और मुमुक्षुओं की सहमति से दोनों दीक्षार्थी बहनों को सोमवार की सुबह धार्मिक विधि-विधान से साधु दीक्षा प्रदान की गयी।


झारखण्ड सरकार

ध्यानार्थ !

सभी तम्बाकू विक्रेता

सभी तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थ या सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद का विक्रय, विक्रय करने की प्रस्थापना या विक्रय करने की अनुमति देना या पेश करना, सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन, 2003 (COTPA) की धारा 6(a) एवं Juvenile Justice Act (Care and Protection of Children) 2015 की धारा 77, के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

सभी तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद विक्रेता, तम्बाकू बिक्री स्थल पर नीचे दर्शाये गये बोर्ड (प्रारूप एवं मापदण्ड के अनुरूप) का प्रमुखता से प्रदर्शन करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लघंनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

फ्लैक्स/बोर्ड का प्रारूप निम्न प्रकार से है :-




अठारह वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय अपराध है

30 cm

60 cm

आज ही तम्बाकू की लत से अपने को आजाद करें।

कॉल करें– टॉल फ्री नंबर– 1800–11–2356, प्रातः 8 बजे से संध्या 8 बजे तक (सोमवार छोड़कर)

अधिक जानकारी के लिए निःशुल्क डायल करें 104

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 298357 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,500 रु./प्रति किलो |



# तो इसलिए विपक्ष के लिए इतना अहम है 2024 का आम चुनाव

## 2026 में परिसीमन के बाद लगभग अजेय हो जायेगी भाजपा

## नये संसद भवन की जरूरत भी परिसीमन के बाद के परिदृश्य के कारण थी

आजाद सिपाही विशेष

राजनीति में बहुत से ऐसे मुद्दे होते हैं, जो एक-दूसरे से इतनी बारीकी से जुड़े होते हैं कि आसानी से किसी को नजर नहीं आते। नये संसद भवन की जरूरत, परिसीमन और 2024 का आम चुनाव भी ऐसे ही तीन मुद्दे हैं। एक दिन पहले नये संसद भवन का लोकार्पण हुआ। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में नये संसद भवन की जरूरत के औचित्य पर सवाल उठाये गये थे, लेकिन इस दौरान किसी ने इन तीनों मुद्दों के बारीकी से जुड़े होने की तरफ ध्यान नहीं दिया। ये तीनों मुद्दे एक-दूसरे से इस तरह जुड़े हैं कि इन्हें अलग-अलग करना लगभग असंभव है। नये संसद भवन का उद्घाटन हो चुका है, लेकिन इसका 2024 के आम चुनाव और 2026 के परिसीमन से क्या रिश्ता है, यह समझना जरूरी हो जाता है। अनुमान किया जा रहा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा सदस्यों की संख्या लगभग ढाई गुना बढ़ कर आठ सौ से अधिक हो जायेगी। सीटों की यह वृद्धि हिंदी पट्टी के राज्यों में होगी, जहां भाजपा का जबरदस्त प्रभाव है। 2024 का आम चुनाव इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि उस समय बननेवाली सरकार की देखरेख में परिसीमन का काम पूरा होगा। बीते दिनों राज्यसभा में आबादी आधारित परिसीमन और इससे दक्षिण भारत को होने वाले नुकसान का मुद्दा उठाया गया था। इसके बाद से लोकसभा सीटों को लेकर देशभर में होने वाले परिसीमन को लेकर चर्चा तेज हो गयी। पिछली बार लोकसभा सीटों संख्या में संशोधन 1977 में हुआ था। इसका आधार साल 1971 में हुई जनगणना थी। उसके बाद से अब तक देश की जनसंख्या दोगुनी से भी अधिक हो चुकी है। इसलिए अब परिसीमन अपरिहार्य हो गया है। दूसरी तरफ इसकी पृष्ठभूमि 2024 के चुनाव के बाद तैयार होने लगेगी, इसलिए हरेक दल के लिए यह चुनाव इतना महत्वपूर्ण हो गया है। कहा जा रहा है कि परिसीमन के बाद भाजपा लगभग अजेय स्थिति में पहुंच जायेगी, इसलिए विपक्ष किसी भी हालत में उसे सत्ता में आने से रोकना चाहता है। इन तीनों मुद्दों के आपस में जुड़े होने के कारणों के साथ परिसीमन के विभिन्न पहलुओं के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

नये संसद भवन का रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा-पाठ के साथ विधिवत उद्घाटन किया। इस नये भवन में क्या-क्या खास है, इस पर भी लोग जानने को उत्सुक हैं। वहीं नये संसद भवन की लोकसभा में 888 सीटें हैं, यानी इतने सांसद इसमें बैठ सकेंगे। इसमें सीटें बढ़ायी क्यों गयी हैं, इसको लेकर भी चर्चाएं होने लगी हैं। दरअसल 2026 में परिसीमन होना है। इससे लोकसभा की सीटें बढ़ेंगी और शायद इसी को ध्यान में रखते हुए नयी लोकसभा में पुरानी लोकसभा से अधिक सीटें बनायी गयी हैं। लोकसभा की सीटें परिसीमन के बाद बढ़ेंगी, यह तय है। इस बात ने दक्षिण के राज्यों को चिंता में डाल दिया है। इन राज्यों को डर है कि अगर 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें लगभग आधी हो जायेंगी।

### क्या हो सकता है परिसीमन में

जब 2026 में परिसीमन होगा, तो उसके बाद दक्षिण भारत के पांच राज्यों में 42 प्रतिशत सीटें बढ़ेंगी, तो वहीं हिंदीभाषी आठ राज्यों की सीटें करीब 84 प्रतिशत बढ़ जायेंगी। यानी दक्षिण के राज्यों के मुकाबले दोगुनी सीटें बढ़ेंगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन्हीं आठ राज्यों से भाजपा को 60 प्रतिशत सीटें मिली थीं। 1976 में देश में आखिरी बार परिसीमन किया गया था, जो 1971 की जनगणना को आधार मानकर किया गया। उस समय हमारे देश की जनसंख्या 54 करोड़ थी और हर 10 लाख की आबादी पर एक लोकसभा सीट का फॉर्मूला अपनाया गया था। इस तरह लोकसभा की कुल 543 सीटें तय की गयीं। वहीं 2011 में हमारे देश की आबादी करीब 121 करोड़ थी। उसके बाद से जनगणना नहीं हुई है। अगर 2011 की जनगणना को आधार मानकर ही 2026 में परिसीमन किया जाता है और प्रति 10 लाख की आबादी पर एक सीट का ही फॉर्मूला अपनाया जाता है, तो लोकसभा की कुल 1210 सीटें होंगी। चूंकि नयी संसद की लोकसभा में अधिकतम 888 सांसद ही बैठ सकेंगे। अगर इसे परिसीमन का आधार मानकर 1210 सीटों के साथ एडजस्ट करें, तो उत्तर प्रदेश को 147 और कर्नाटक को 45 सीटें मिलेंगी। वहीं बाकी राज्यों में भी यही फॉर्मूला लागू होगा।

### शुरू हो चुकी है परिसीमन की सुगबुगाहट

देश में इस समय परिसीमन की सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। 1971 के बाद भारत में पांच बार जनगणना हो चुकी है, लेकिन 2021 वाली जनगणना अभी बाकी है। जब 2011 में आखिरी बार जनगणना हुई थी, तब देश की आबादी करीब 121 करोड़ थी। यानी 1971 के जनगणना के मुकाबले 2.25 गुना अधिक, लेकिन लोकसभा की सीटें नहीं बढ़ीं। ऐसे में यहां यह सवाल उठता है कि आखिर हम 46 साल बाद भी उसी फॉर्मूले पर क्यों टिके हुए हैं।



### 2019 में प्रणब मुखर्जी ने एक हजार सीटें करने की मांग की थी

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 2019 में लोकसभा में एक हजार सीटें करने की मांग की थी। वहीं रविवार को नये संसद भवन के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि आने वाले समय में लोकसभा की सीटें बढ़ेंगी। परिसीमन का जिक्र राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने भी किया। ऐसे में यह संभावना जतायी जा रही है कि 2026 में परिसीमन किया जा सकता है।

### इसलिए दक्षिण के राज्य चिंता में हैं

दरअसल 60-70 के दशक में सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण पर जोर लगा रखा था और इस मामले में दक्षिण भारत के राज्य उत्तर के राज्यों, खासतौर पर हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले काफी आगे थे, लेकिन उनकी इस उपलब्धि के पीछे एक कड़वा सच भी था। वह यह कि उनकी जनसंख्या घटी, तो लोकसभा में उत्तर भारतीय राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें भी कम हो जायेंगी।

### इंदिरा सरकार ने लगा दी थी रोक

वहीं दक्षिण के राज्यों की इस शिकायत को दूर करने के लिए इंदिरा गांधी की सरकार ने 1976 में इमरजेंसी के दौरान संविधान में संशोधन करके नये परिसीमन पर 50 साल तक, यानी 2026 तक रोक लगा दी। सरकार का यह मानना था कि 2026 तक सभी राज्यों में जनसंख्या बढ़ने की दर एक जैसी हो जायेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और आंकड़े भी इसकी गवाही देते हैं।

### 2011 की जनगणना के अनुसार दक्षिण से काफी आगे निकल गये

2011 की जनगणना के अनुसार दक्षिण भारत के राज्यों की औसत जनसंख्या वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत है, जबकि वहीं हिंदीभाषी राज्यों की औसत जनसंख्या वृद्धि दर 21.6 प्रतिशत है, यानी हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले करीब 9.5 प्रतिशत कम है। इसलिए दक्षिण के राज्यों को लगता है कि अगर प्रति 10 लाख आबादी वाला फॉर्मूला अपनाया गया, तो लोकसभा में उनकी मौजूदगी उत्तर भारत के राज्यों के मुकाबले घट जायेगी।

### उत्तर-पूर्व के राज्यों पर बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं

अगर परिसीमन के बाद लोकसभा की सीटें बढ़ती हैं, तो उत्तर-पूर्व के राज्यों पर इसका कोई बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यहां आठ राज्यों को मिलाकर कुल नौ सीटों की ही वृद्धि हो रही है। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़ोत्तरी असम में ही हो रही है, जहां भाजपा मजबूत है। 2019 के लोकसभा में चुनाव में भाजपा को असम में नौ सीटें मिली थीं।

### तो आठ राज्यों से भाजपा को 60 प्रतिशत सीटें

एक ओर परिसीमन को लेकर जहां सुगबुगाहट तेज हो रही है, तो वहीं दक्षिण भारत की पार्टियां और विपक्ष परिसीमन के पक्ष में नहीं है। उनका मानना है कि अगर 2026 में परिसीमन हुआ, तो भाजपा को फायदा होगा। पूरा खेल यहीं है। इसे समझना बहुत मुश्किल नहीं है। परिसीमन के बाद लोकसभा में 888 सीटें होगीं। मतलब बहुमत के लिए 445 सीटें चाहिए। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल 303 सीटें मिली थीं और इनमें 168 सीटें केवल हिंदीभाषी राज्यों से थीं। यानी करीब 55 प्रतिशत सीटें। अगर मान लिया जाये कि परिसीमन के बाद भाजपा 2019 का ही अपना प्रदर्शन दोहराती है, तो उसे हिंदीभाषी राज्य में ही 309 सीटें मिल जायेंगी, यानी बहुमत के लिए जरूरी सीटों में से भाजपा करीब 70 प्रतिशत सीटें केवल इन आठ राज्यों से ही हासिल कर लेगी। 2019 में भाजपा ने गैर-हिंदी राज्यों, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में जोरदार प्रदर्शन किया था। अगर वही प्रदर्शन भाजपा परिसीमन के बाद भी दोहराती है, तो गुजरात में 44, पश्चिम बंगाल में 28, कर्नाटक में 40 और महाराष्ट्र में 39 सीटें उसे मिलेंगी और इस तरह से भाजपा इन 12 राज्यों से ही बहुमत का आंकड़ा पार कर लेगी।

### क्या 2026 या उससे पहले हो पायेगा परिसीमन

अब बात परिसीमन की करते हैं। अभी भारत में 2021 की जनगणना नहीं हुई है। सरकार परिसीमन से पहले जनगणना कराना चाहेगी। अगर 2021 की जनगणना नहीं होती है, तो सरकार 2011 की जनगणना को ही आधार मानकर परिसीमन करा सकती है, लेकिन इसमें भी पेंच है। दरअसल हमारे संविधान में आर्टिकल-81 में कहा गया है कि सदन में 550 से अधिक निर्वाचित सदस्य नहीं होंगे। ऐसे में जब सीटों की संख्या बढ़ती है, तो संविधान में संशोधन की जरूरत पड़ सकती है। इतना तो तय है कि परिसीमन 2026 या उससे पहले हो सकता है। परिसीमन में दक्षिण के राज्यों के मुकाबले हिंदीभाषी राज्यों में सीटें भी बढ़नी तय है। ऐसे में लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों का काफी दबदबा हो जायेगा और दक्षिण के राज्य इनके मुकाबले काफी पीछे रह जायेंगे। ऐसे में दक्षिण के राज्यों की यह चिंता स्वभाविक है।

इस तरह समझा जा सकता है कि 2024 का आम चुनाव प्रत्येक राजनीतिक दल के लिए 'करो या मरो' की लड़ाई क्यों है और नये संसद भवन की जरूरत क्यों पड़ी। इसलिए कहा जाता है कि राजनीति इन तमाम परिस्थितियों से जुड़े रहनेवाले समीकरणों का ही नाम है।

---

# दामोदर महोत्सव आज, शामिल होंगे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

- मां छिन्नमस्तिका (रजरप्पा) मंदिर परिसर में देवनद-दामोदर महोत्सव-2023 का मुख्य आयोजन
- नद पूजा, आरती और संगोष्ठी में शिरकत करेंगे महामहिम
- 44 अन्य स्थानों पर भी आयोजित होगा दामोदर महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन एवं दामोदर बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में मंगलवार को देवनद-दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य समारोह मां छिन्नमस्तिका मंदिर, रजरप्पा में आयोजित हो रहा है। महोत्सव के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। रजरप्पा के अलावा झारखंड के अन्य 44 स्थानों पर दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा के सदस्य सरयू राय ने जारी एक बयान में बताया कि 30 मई की शाम 5 बजे से सवा 7 बजे तक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महामहिम राज्यपाल नद पूजन, आरती और संगोष्ठी आदि में हिस्सा लेंगे।

श्री राय ने बताया कि दामोदर को बचाने के लिए 2004 में गंगा दशहरा के दिन आंदोलन की शुरूआत हुई थी। यह 19वां साल है। लोगों ने माना है कि दामोदर का पानी साफ हुआ है। लोगों ने यह भी माना है कि लगभग 95 प्रतिशत तक औद्योगिक प्रदूषण से दामोदर मुक्त हो गया है।

श्री राय ने बताया कि वर्ष 2022 में दामोदर समीक्षा यात्रा के दौरान रजरप्पा में यह संकल्प लिया गया कि अब दामोदर को शहरी प्रदूषण से मुक्त करेंगे। इस संबंध में एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) लगाने की भी बात हुई।

बीते वर्ष ही भारत सरकार को पत्र लिखा गया। भारत सरकार ने उदारता दिखायी और एसटीपी के लिए राज्य सरकार को पैसे भेज दिये। ये पैसे रामगढ़, धनबाद और फुसरो में एसटीपी लगाने के लिए दिये गये थे।

चास में डीएमएफटी फंड से एसटीपी लगाने का जिला प्रशासन ने फैसला किया है। पतरातू थर्मल और चंद्रपुरा थर्मल वाले अपने ही खर्चे से एसटीपी लगवा रहे हैं।

श्री राय ने बताया कि रामगढ़ के अलावा राज्य के 44 अन्य स्थानों पर भी दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी स्थानों पर नद पूजा, आरती, संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान आदि आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले साल को आभार प्रदर्शन वर्ष या धन्यवाद वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। आंदोलन के इन 19 वर्षों में जिन लोगों ने भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दामोदर नद को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए आंदोलन में हिस्सा लिया, उन सभी से मिल कर उनका आभार जताया जायेगा।

श्री राय ने बताया कि दामोदर महोत्सव का आयोजन रांची, लोहरदगा, चतरा, लातेहार, रामगढ़, बोकारो और धनबाद के 44 इलाकों में किया जायेगा। कई इलाकों में सुबह तो कुछ में शाम को आयोजन होंगे।

---

# स्कूल में मलाला की तस्वीर लगाने पर विवाद, हटाया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/रांची।** पाकिस्तानी समाजसेवी मलाल यूसुफजई की तस्वीर को लेकर झारखंड के रामगढ़ जिले स्थित मांडू में विवाद की खबर सामने आयी है। एक स्थानीय सरकारी स्कूल में मलाला की तस्वीर लगायी गयी थी। इस बात की जानकारी मिलते ही गांव के लोग भड़क गये। मुखिया जय कुमार ओझा और पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक कर उस सरकारी स्कूल के खिलाफ प्रदर्शन करने का विचार किया। इसके बाद मुखिया ने गांव के लोगों के साथ स्कूल पहुंच कर नारेबाजी करते हुए फोटो लगाये जाने का विरोध किया। गांव के मुखिया ओझा का कहना है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान हमेशा साजिश करने में लगा रहता है। उसके कारण हमारे कई बहादुर सैनिक शहीद हो चुके हैं। ऐसे में हमें पाकिस्तानियों से शांति सीखने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल रविंद्र प्रसाद ने बताया कि स्कूल की एक शिक्षिका ने छात्राओं को प्रेरित करने के लिए यह तस्वीर लगायी थी। इसके लिए प्रिंसिपल ने अनुमति भी दी थी। लेकिन गांव वाले के विरोध के बाद स्कूल परिसर से मलाला की तस्वीर हटा दी गयी।

बता दें कि मलाला यूसुफजइ सबसे कम उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाली महिला है। यह पुरस्कार साल 2014 में दिया गया था।

---

# एनआइए ने पूर्व विधायक पर हमले के आरोप में दूसरी चार्जशीट दायर की

- एनआइए ने दो नक्सलियों पर दायर की चार्जशीट
- भीड़ में छिप कर बचायी थी गुरुचरण नायक ने जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुए नक्सली हमले के मामले में एनआइए ने दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया है। सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए एनआइए के प्रवक्ता ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) आतंकवादी समूह के दो सशस्त्र कैडर 25 वर्षीय तिवारी बांकीरा उर्फ शाका और 20 वर्षीय सदन कोरह उर्फ साजन के खिलाफ शनिवार को एनआइए की अदालत में आरोप पत्र दायर कर दिया गया है।

**कई धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर :** आरोपियों के खिलाफ भारतीय पैनल संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की कई धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के प्रवक्ता ने बताया कि इन्हें बंकिरा को 30 नवंबर को




गिरफ्तार किया गया था, जबकि कोरह 13 फरवरी से हिरासत में लिया गया था। आरोपी पश्चिम सिंहभूम जिले के रहने वाले हैं।

**दोनों आरोपी हमले में शामिल थे** दोनों आरोपी पूर्व विधायक पर हुए हमले में शामिल थे। पूर्व विधायक पर 4 जनवरी, 2022 को पश्चिम सिंहभूम स्कूल परिसर में हमला किया गया था। पुलिस ने शुरुआत में स्थानीय थाने में मामला दर्ज किया था, लेकिन पिछले साल 30 जून को एनआइए ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। एनआइए ने 31 दिसंबर को मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

**खेल मैदान में हुआ था हमला :** पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर चार जनवरी 2022 को पश्चिमी सिंहभूम जिले के झिलरुआ स्कूल के खेल के मैदान में इन पर हमला किया गया था। यह हमला माओवादियों की ओर से हुआ था। भाजपा विधायक की सुरक्षा में तैनात जवानों हथियार भी भाकपा माओवादियों ने लूट लिये थे। इस हमले में दो पुलिसकर्मियों मारे गये थे। साल 2022 के जुलाई महीने से इस मामले की जांच एनआइए कर रही थी।

**इन पर दर्ज किया गया था मामला :** एनआइए की रांची शाखा में साल 2022 में मिसिर बेसरा (एक करोड़ का इनामी), रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा व सोनाराम होनहागा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बताया गया कि सभी आरोपित पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा के रहने वाले हैं।

**भीड़ में छिप कर किसी तरह बचायी थी जान :** जांच में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर कुख्यात नक्सली मोछू के दस्ते का हाथ बताया गया। झिलरुआ स्कूल के खेल के मैदान में कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान उन पर माओवादियों ने हमला किया था। हमले में पूर्व विधायक भीड़ में छिप कर अपनी जान बचायी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.0 °c | 24.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.04 बजे |



# मोदी सरकार ने पिछले नौ साल में जितना काम किया, उतना 70 साल में नहीं हुआ : वीके सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी केंद्र में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। सोमवार को रांची प्रेस क्लब में भाजपा के मीडिया संवाद में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री वीके सिंह ने यह दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नौ साल के शासनकाल में जितना काम किया है, उतना पहले के 70 सालों में भी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने देश में सुशासन और गरीब कल्याण की नींव डाली। इन नौ सालों के दौरान हर वर्ग की उन्नति हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए एक समान काम करती है। उन्होंने आगे कहा कि इतिहास को पलटने से यह प्रमाणित होता है कि इन नौ सालों में अप्रत्याशित काम हुआ है। विकास के मानक सरकार ने पूरे किये हैं।

**पूरी दुनिया को मानव संसाधन उपलब्ध करायेगा:** भारत 2070 तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश होगा। युवाओं का कौशल विकास हुआ तो पूरी दुनिया को मानव संसाधन भारत उपलब्ध करायेगा। राजनीतिक स्थिरता से भी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाला दिन भी भारत का ही है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश और भाजपा विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित थे।



**पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन :** पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में आये क्रांतिकारी बदलाव को मीडिया के समक्ष रखा।

**पीएम मोदी के मिशन पाई पाई से गरीबों की भलाई :** विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान 220 करोड़ वैक्सीन लगायी गयी। इज्जत बढ़ी, सुरक्षा बढ़ी, स्वाभिमान बढ़ा, साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्का घर दिलवाया। 2014 में ग्रामीण इलाकों में शौचालय 39 प्रतिशत था, वहीं 2023 में 100 प्रतिशत है। 12 करोड़ घरों तक नल से जल। 9.6 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन। महामारी में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा। खाद की कीमत नहीं बढ़ी पर्याप्त मात्रा में मिली वह भी समय पर। किसानों के खातों में सालाना 6000 रुपये की सम्मान राशि। राज्य पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा पिछड़ों के सशक्तिकरण में मील का पत्थर। गति भी प्रगति भी व्यापार उद्योग तरक्की की गति कई गुना बढ़ी। 2014 तक 74 9 साल में 74 नये एयरपोर्ट। रिकॉर्ड टाइम में नेशनल हाइवे का निर्माण। 2014 तक 9128 7 किलोमीटर और इन 9 सालों में 53868 किलोमीटर से ज्यादा का निर्माण। वाटर वे 2014 तक 9 सालों में 111। आम हिंदुस्तानी के लिए वर्ल्ड क्लास वंदे भारत एक्सप्रेस। 2014 तक 7 एम्स और इन 9 सालों में 15 नये एम्स। 2014 तक 641 मेडिकल कॉलेज और इन 9 सालों में 700 नये मेडिकल कॉलेज। 2014 तक 82466 मेडिकल सीट और इन 9 सालों मे 69663 नयी सीट। 2014 तक 16 आइआइटी और इन 9 सालों में 7 नये आइडआइटी। 2014 तक 13 आइआइएम और इन 9 सालों में 7 नये आइआइएम। 2014 तक 723 विश्वविद्यालय और इन 9 सालों में 390 नये विश्वविद्यालय। विश्व का पहला लिक्विड नैनो यूरिया प्लांट लगाया। सरयू नहर परियोजना बोगीबील ब्रिज कोसी रेल महासेतु कोल्लम बाईपास केरल। इन अटकी हुई योजनाओं को मोदी सरकार ने पूरा किया। एयरपोर्ट जैसे भव्य रेलवे स्टेशन। विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल कश्मीर में हो रहा निर्माण। दुनिया का सबसे ऊंचा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी। ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स में भारत 46 में नंबर पर 2014 में 83 वे स्थान पर था। 2014 में 4 यूनिकॉर्न और 2022 में 100 प्लस। 2022 में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर जो 2014 में 10 वें पर था। मोदी राज में विरासत भी विकास भी एक तरफ सोमनाथ मंदिर तो दूसरी तरफ महाकालेश्वर मंदिर वहीं केदारनाथ धाम और काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ-साथ देश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर ओ का पुनर्निर्माण हो रहा है और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। पूर्वोत्तर की संस्कृति का प्रचार प्रसार मोदी राज में राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी ने किया। मीडिया संवाद कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव,सरोज सिंह, अविनेश कुमार सिंह, अमित सिंह सह मीडिया प्रभारी तारिक इमरान, तन्मय झा, रजनीश पांडेय, ओबीसी मोर्चा मीडिया प्रभारी राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

# नहीं पहुंच रहे अभ्यर्थी, खाली न रह जाये हाइस्कूल शिक्षकों के पद

**2016 की नियुक्ति प्रक्रिया पर चल रही काउंसलिंग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद साल 2016 में निकाली गयी पीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए इन दिनों काउंसलिंग चल रही है। यह काउंसलिंग विभिन्न विषयों के लिए अलग-अलग जिले में चल रही है। लेकिन इस काउंसलिंग की प्रक्रिया में उम्मीदवार हिस्सा नहीं ले रहे हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग के सामने समस्या आ रही है कि रिक्त रह जा रही पदों का क्या किया जाए? ऐसे में विभाग निर्णय ले रही है कि इन रिक्त रह जा रही सीटों को बैकलॉग में डाल दिया जाये।

## वेटिंग लिस्ट वाले मांग रहे नियुक्ति

इधर रिक्त रह जा रही सीटों को बैकलॉग रखने की जगह डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के बाद वेटिंग लिस्ट में जिनके नाम रह गए हैं, उन्हें नियुक्त करने की मांग की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बादचल रही काउंसलिंग से लगभग 5600 शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। लेकिन कई विषयों में नियुक्ति के लिए काउंसलिंग में उम्मीदवारों के न आने से शिक्षा विभाग की मुश्किलें बढ़ रही है।

## चार हजार पद रिक्त रहने की उम्मीद

दरअसल ऐसी समस्या इसलिए सामने आ रही है कि नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से तय सीटों की संख्या से अधिक उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नियुक्तियां शुरू हुई तो निर्धारित सीट के अनुसार ही उम्मीदवारों की अनुशंसा झाररखंड कर्मचारी चयन आयोग ने की। अब अनुशंसित उम्मीदवार काउंसलिंग में शामिल नहीं हो रहे हैं। ऐसे में पदों के रिक्त रह जाने की उम्मीद है। झारखंड में हाई स्कूलों में लगभग चार हजार सीटें खाली रह जाने की उम्मीद है।

## नयी नियुक्ति में शामिल होंगी सीटें

निर्धारित समय में झारखंड के हाईस्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई तो सीटें बैकलॉग में शामिल कर दी जायेंगी। हालांकि वेटिंग लिस्ट के कंडिडेट कह रहे हैं कि रिक्त सीटों में उनकी नियुक्ति कर ली जाये। फिलहाल उम्मीदवारों की इस मांग पर विभाग कुछ भी कहने से बच रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो अगर सीटें रिक्त रह जाती हैं तो उन्हें बैकलॉग रखते हुए नयी नियुक्ति में शामिल किया जायेगा।

## क्यों बनी ऐसी स्थिति

साल 2016 में आवेदन लेने के बाद 2018-19 में ही बहुत से अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन हो गये थे। इसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगी थी। सुप्रीम कोर्ट से दिसंबर 2022 में फैसला आने के बाद फिर से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन होने वाले का मेरिट लिस्ट निकाल कर अनुशंसा की गयी। मेरिट लिस्ट के कई अभ्यर्थी पहले ही प्लस टू में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, बिहार-बंगाल की शिक्षक बन चुके हैं। कई दूसरी सेवा में जा चुके हैं। ऐसे में अब उम्मीदवार काउंसलिंग में शामिल नहीं हो रहे हैं।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्थितियों में काफी बदलाव होगा। लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार। |
| वृष | कार्यों में तेजी आयेगी। नवीन योजना बनेगी। आमदनी में वृद्धि। मान-सम्मान में वृद्धि। |
| मिथुन | पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेगी। आर्थिक प्रगति बनी रहेगी। |
| कर्क | आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है। नयी कार्य की योजना बनेगी। |
| सिंह | मकान, वाहन, भौतिक सुखों की प्राप्ति। विरोधियों पर विजय। आर्थिक लाभ। स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| कन्या | नयी प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा। संतान सुख। महत्वकांक्षा पूरी होगी। धन लाभ होगा। |
| तुला | नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाई। पारिवारिक उलझन। आर्थिक परेशानी। |
| वृश्चिक | संतानों की उन्नति। आत्मविश्वास में वृद्धि। परेशानी से छुटकारा। |
| धनु | चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी। कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण। अधिकारियों का सहयोग। |
| मकर | आमदनी में सुधार होगा। घर-में सुख-शांति का वातावरण। संतानपक्ष से शुभ समाचार। |
| कुंभ | परेशानी से छुटकारा। अभी नौकरी में बदलाव न करें। सुदूर यात्रा का संयोग बनेगा। |
| मीन | नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। |

# मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा भारत का मान : डॉ देवशरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि देश में मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सुरक्षा व्यवस्था पहले से काफी मजबूत हुई है। भगत सोमवार को हिन्दुस्थान समाचार से मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर विशेष बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पड़ोसी देशों से भी रिश्ते बेहतर हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बहुत सारे देशों का आर्थिक स्थिति चरमरा गयी थी, लेकिन भारत को आर्थिक रूप से कोई फर्क नहीं पड़ा। कोरोना के संकटकाल में भी दूसरे देशों को वैक्सीन देकर भारत ने सहयोग किया। लॉकडाउन सहित कई कड़े फैसले ने कोरोना जैसी महामारी से देशवासियों की रक्षा की। मुफ्त में देशवासियों को वैक्सीन दिया गया। यह मोदी सरकार की सूझबूझ और ऐतिहासिक कार्य को दशार्ता है। डॉ भगत ने कहा कि देश में आतंकवाद और विघटनकारी शक्तियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए मोदी सरकार ने देश को मजबूत और सशक्त किया है। साथ ही देश की एकता, अखंडता और भाई चारगी को बनाए रखने के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जो अपने आप में ऐतिहासिक है। देश की सुरक्षा में लगे सेना को मजबूत करने के लिए कई नए उपकरण से लैस किया गया है।

# झारखंड कला जतरा में चित्रकला शिविर संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा झारखंड कला जतरा - फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी के अंतर्गत चित्रकला शिविर संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 26 से 28 मई से कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा के प्रांगन में किया गया था। इस शिविर मे झारखंड विषय पर युवा कलाकारों ने पेंटिंग बनायी।

पेंटिंग कार्यशाला के संयोजक चित्रकार धनंजय कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला मे झारखंड के विभिन्न जिलों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने झारखंड के जीवन शैली, ग्रामीण परिवेश, वेषभूषा, लोक नृत्य, परंपरा आदि का चित्रण किया। उन्होंने युवाओं को कला के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के सम्भावनाओं के बारे मे भी अवगत कराया।

इस कार्यशाला ने 15 युवा कलाकारों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया की झारखंड कला जतरा पहली बार आयोजित की जा रही है, जिसमें डोकरा आर्ट, क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग, मूर्तिकला, झारखंड की लोक चित्रकला सोहराय, राज्य स्तरीय चित्रकला शिविर चित्रकला एवं कला जतरा मेला का आयोजन किया जायेगा। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम मे अजय कुमार, रजनी कुमारी, हर्ष, आरती, रिचा, मनस्वी, शिखा ने सहयोग किया।

# उपसभापति हरिवंश ने पद के लिए लेखनी और जमीर बेचा, होगी कार्रवाई : जदयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नये संसद भवन को लेकर देशभर में सियासत जारी है। इसी बीच जदयू के अंदर भी घमाशन छिड़ गया है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के नये संसद के उद्घाटन में शामिल होने पर जेडीयू ने करारा हमला बोला है। पार्टी के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि पार्टी लाइन से अलग जाकर वे नयी संसद भवन के उद्घाटन में शामिल हुए। यह सही नहीं है। उन्होंने उन पर पद के लिए जमीर का सौदा करने का आरोप लगाया है। दरअसल कल ही देश के नए संसद भवन का उद्घाटन किया गया है। जिसका 21 राजनीतिक पार्टियों ने बहिष्कार किया। इसमें नीतिश कुमार की पार्टी भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच शेयर करने से जेडीयू अपनी ही पार्टी के राज्यसभा सांसद हरिवंश नारायण पर आगबबूला हो गई है। दरअसल, जदयू नये संसद भवन के औचित्य पर ही सवाल उठा रही है, लेकिन उसके राज्यसभा सांसद और उच्च सदन के उपसभापति



हरिवंश नारायण की पीएम मोदी के साथ मौजूदगी से पार्टी नाराज हो गयी है। पार्टी का आरोप है कि हरिवंश नारायण ने पद के लिए अपनी जमीर और लेखनी दोनों बेच दी है। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने हरिवंश नारायण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी संकेत दिये हैं। हरिवंश ने पत्रकारिता जगत को भी कलंकित किया है। पार्टी नेतृत्व इस पर गंभीर है। अब जेडीयू नेतृत्व तय करेगा कि उन पर क्या कार्रवाई की जाए। जेडीयू के अध्यक्ष ललन सिंह इधर पटना में संसद भवन के उद्घाटन के खिलाफ अनशन कर रहे थे उसी समय दिल्ली में समारोह के दूसरे सत्र में जेडीयू से राज्यसभा सांसद हरिवंश नारायण शामिल हो रहे थे।

# हज यात्रियों का पहला जत्था रांची से कोलकाता रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हज 2023 के सफर का आगाज हो गया। झारखंड से हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन-ए-हज का पहला जत्था सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुआ। राजधानी में एम्बार्केशन प्वाइंट अचानक से हटा दिये जाने के कारण झारखंड के यात्रियों को कोलकाता से मदीना के लिए रवाना होना पड़ेगा। झारखंड के हज यात्रियों का पहला जत्था कोलकाता से 1 जून को रवाना होगा। इसके तहत सोमवार की सुबह 5.40 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से झारखंड के हज यात्रियों को रवाना करने के लिए हज कमेटी के चेयरमैन विधायक इरफान अंसारी अपनी टीम के साथ रांची रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। उन्होंने हरी झंडी दिखा कर हाजियों को रवाना किया। इस



दौरान झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य मौलाना तहजीबुल हसन, सदस्य मौलाना मुनीर अंसारी, सदस्य मो इकबाल, युवा झारखंड के संरक्षक अशें आलम, सचिव अरशद कुरैशी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के वारिस कुरेशी, मो फिरोज अहमद एवं कौसर परवीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भावुक आंखों से अपनों को दी विदाई

हज के पाक सफर में जाने वालों को छोड़ने के लिए परिजन सुबह 4 बजे से ही रांची रेलवे स्टेशन पहुंचने लगे थे। जैसे-जैसे ट्रेन के छूटने का समय करीब आया वैसे-वैसे प्लेटफॉर्म संख्या-3 में भीड़ में इजाफा होने लगा। लोग पाक सफर में जाने वाले यात्रियों से मिलकर अपने लिए दुआ की दरख्वास्त करते दिखे। वहीं, परिजनों की आंखें भी नम थी। भावुक होकर लोग अपनों को विदा कर रहे थे।

## हज यात्रियों के लिए जोड़ी गयी अलग बोगी

रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस से राज्य सरकार द्वारा हज यात्रियों के लिए कोलकाता जाने की व्यवस्था की गई है। दरअसल, अचानक से एम्बार्केशन प्वाइंट हटाये जाने से यात्री परेशान थे। हज कमेटी ने पहल की। तय हुआ कि सरकार अपने खर्च से यात्रियों कोलकाता भेजेगी। इसके लिए हटिया- हावड़ा ट्रेन में अलग बोगी लगायी गयी। वहीं, कोलकाता से लाने का खर्च भी यात्रियों को नहीं देना होगा।




## आजाद सिपाही की खबर का असर : हर घर जल हर घर नल चालू



चरही (आजाद सिपाही)। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बेहरा में 15 दिनों से खराब पड़े पेयजल जल स्वच्छता विभाग पश्चिमी ग्राम पंचायत बेहरा में करोड़ों की लागत से बनी हुई वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट 15 गांव में जो शुद्ध जल देना है वह 15 दिनों से खराब पड़ा था । बातौर मुख्य आतिथि बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के होथो विधिवत पूजा पाठ करके चालू किया गया। ज्ञात हो कि ये योजना माननीय विधायक पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल की प्रयास से यह योजना डीएमटी फंड से लाई गई थी। इस क्रम में ये लोग रहे शामिल। बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, उप मुखिया चरही शिवचंद्र मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य आशा राय, बहेरा पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी, पंचायत के गौतम कुमार सोनी, वार्ड सदस्य आशा मुनि, वार्ड सदस्य गीता देवी, वाटर ट्रीटमेंट देखरेख कर्मचारी प्रदीप लाकड़ा, दीपक महतो, विशाल टूडू, समाजसेवी महादेव रविदास, पूजा में डब्ल्यूटीपी जल स्वच्छता विभाग बेहरा के अध्यक्ष देवकी महतो सहित दर्जनों लोगों ने शामिल हुआ ।

## दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की मासिक बैठक



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव पुराना ब्लॉक स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बड़कागांव दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की मासिक बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती और संचालन संचालन दिव्यांग संगठन ट्रस्ट के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा ने किया। बैठक में जेएसएलपीएस के बीपीएम राम प्रकाश कुमार ने समूह में जुड़े सभी दिव्यांग समूह को ग्राम संगठन में जुड़ने से संबंधित बातें को रखा। एनएलआर फाउंडेशन के तहत काशीनाथ ने दिव्यांग समूह को स्वरोजगार के लिये आर्थिक मदद किये थे। उस राशि को धीरे-धीरे करके 1000-2000 रुपया करके राशि को वापस किया जा रहा है। और विद्यालय में नामांकित वैसे शारीरिक विकलांग बच्चे जिनके लिए विद्यालय में रैंप की व्यवस्था नहीं की गयी है। उससे संबंधित बातों को रिसोर्ट शिक्षक विश्वनाथ महतो ने बैठक में रखी। प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा ने कहा कि एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के प्रयास से कंपनी के सौजन्य से तीन दिव्यांग बच्चों के बीच बैटरी साइकिल वितरण किया गया। जिसमें कंचन कुमारी ग्राम भगवान बागी , मोनिका कुमारी ग्राम चोरका, सूरज कुमार ग्राम ओदरना को दिया गया।मौके पर रामेश्वर महतो, लोकनाथ राणा ,विश्वनाथ महतो, रुकमणी कुमारी, कंचन कुमारी, होरिल महतो, होरिल प्रजापति, ललिता कुमारी, विमला कुमारी, कमलेश कुमार ,पुनीता कुमारी, नैंसी निशा ,रंजीत कुमार, अमरण खातून ,संजय कुमार, शांति देवी, आदि उपस्थित थे।

## मंडा पूजा आज, तैयारी मैं जुटी पूजा समिति

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। हरली गांव में मंडा पूजा को लेकर हरली पूजा समिति के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। 31 मई की रात को भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना के बाद पुजारी दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर अपनी आस्था का परिचय देंगे । और दूसरे दिन 1 जून को प्रातः काल 40 फीट ऊंचे लट्टे से भक्त जन परिक्रमा करेंगे और प्रसाद स्वरूप पुष्प वर्षा करेंगे झुकेंगे। इसकी तैयारी पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, मंडा पुजारी शबुर महतो ,उपाध्यक्ष नरेश कुमार, उप सचिव प्रेम भारती, संयोजक मंडली के सदस्य पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, उमेश कुमार दांगी, विगेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो और सुरेश कुमार दांगी के सहयोग से मंडा पूजा को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

## बिल्टू सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। लियाफी के डिविजनल काउंसिल उपाध्यक्ष बिल्टू सिंह के आकस्मिक निधन पर सोमवार को एलआईसी शाखा कार्यालय जीवन ज्योति के प्रांगण में शोक सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अशोक यादव और संचालन सीके प्रसाद ने की। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय बिल्टू सिंह ने संगठन और एजेंट हित में कई कार्यों को किया जिसे कभी भुलाया जा सकता है संगठन को उनकी कमी हमेशा खटकती रहेगी। सभा में उपस्थित लोगों ने मौन रख कर मृतक की आत्मा के शांति का कामना ईश्वर से की गई। शोक सभा में वरीय पदाधिकारी, प्रथम श्रेणी अधिकारी, शाखा सचिव शंकर कुमार, लियाफी के ओम प्रकाश, सरफुद्दीन, अमित सिंह, गणेश कुमार, बालेश्वर यादव, शत्रुघन सिंह के अलावा कई अभी कर्ता शामिल थे।

## डोभा निर्माण विवाद में मारपीट, थाना में दिया आवेदन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मेरु में जेसीबी मशीन से डोभा निर्माण होने और इसका वीडियो वाइरल होने के बाद हुई मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षो ने थाना में एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वार्ड सदस्य संजय कुमार पांडेय के द्वारा दिये गये, आवेदन में मेरु निवासी दिलीप कुमार यादव के खिलाफ जानलेवा हमला और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। वार्ड सदस्य ने अपनी जानमाल की रक्षा की गुहार थाने से लगायी है। इसी मामले में दूसरे पक्ष के दिलीप कुमार यादव के द्वारा दिये गये आवेदन में वार्ड सदस्य के खिलाफ डोभा निर्माण करने को लेकर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने दोनो पक्षो से आवेदन मिलने की बात कही है साथ ही कहा कि इस मामले में मामला दर्ज करने की बात कही है। इस बारे में बीडीओ गुंजन सिंहा ने कहा कि उन्हें जेसीबी मशीन से डोभा निर्माण करने की शिकायत 26 मई मिली थी जिसके बाद वह इसपर समुचित कारवाई कर रही थी इसी बीच दोनो पक्षो में मारपीट की घटना हो गयी जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। डोभा निर्माण की जांच करने के बाद उचित कारवाई की जायेगी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण प्रमुख और मुखिया ने रोका

दारू। प्रखंड क्षेत्र के हरली पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो में 1.44 करोड़ की लागत से केंद्र की अतिरिक्त भवन, स्टाफ आवास, चारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत सोमवार को अतिरिक्त भवन की ढलाई का कार्य किया जा रहा था। ढलाई कार्य मे निर्धारित मापदंड के तय कार्य नही होने की शिकायत मिलने के बाद प्रमुख कुमारी स्वेता और हरली मुखिया फरजाना खातून ने स्थल पर पहुंचकर कार्य को रुकवा दिया। इस दौरान ठीकेदार के मुंशी और विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार के साथ दोनो जनप्रतिनिधि की तीखी नोकझोंक हो गई। प्रमुख और मुखिया ने कनीय अभियंता से कार्य के इसटीमीट की मांग की साथ ही कम छड़ लगाने घटिया बालू लगाने का आरोप लगाया। इस मामले में काफी तीखी बहस होने की जानकारी मिलने के बाद विभाग के एसडीओ विजय कुमार राय, कनीय अभियंता प्रदीप ठाकुर, अभिजीत चौधरी स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो पहुंचे और ढलाई कार्य का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसके बाद ढलाई कार्य सुचारू रूप से हुआ।

## ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर हत्याकांड का उद्भेदन

# तीन और आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बडकागांव थाना अंतर्गत एंटीपिसी कार्यालय के समीप बरवाडीह हेठगढ़ा पुल के समीप चट्टी बरिया कोल माइन्स ऋत्विक कंपनी में कार्यरत प्रोजेक्ट को-ओडिनेटर को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी तथा उनके अंगरक्षक राजेन्द्र प्रसाद महतो गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस संदर्भ में बडकागांव थाना कांड सं- 156/23 दर्ज कर इस कांड का यथाशीघ्र उदभेदन कर लिया गया था। अमित कुमार सिंह अनु पु पदाधिकारी बडकागांव के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया है। उपरोक्त दल के द्वारा गहरायी से अनुसंधान करते हुए पूर्व में इस कांड के पीछे की साजिश तथा साजिशकताओं के संदर्भ में पता लगाया गया। कांड में शामिल स्थानीय रेक्की करने वालों की पहचान भी स्थापित कर ली गयी है तथा इस कांड का पूर्ण उदभेदन कर लिया गया है। इस हत्या कांड के साजिशकर्ता अमन साहू और कथित मयंक सिंह के निर्देशन पर उसके गैंग के अत्यन्त सक्रिय सदस्य चन्दन साहु पिता लोकनाथ साहु सा-साकुल थाना पतरातु जिला रामगढ़ तथा मनोज राणा पिता कोलेश्वर राणा के द्वारा अपने अन्य साथी संदीप कुमार गुप्ता पिता शंकर गुप्ता, करण कुमार पिता दिनेश्वर महतो दोनों सा- सिकरी थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग, जय मंगल मिश्रा, मो जाहीर अंसारी उर्फ टैक्सी, अमन साव, फिरोज उर्फ छोटका, वारीस उर्फ भुसा सभी सा- साकुल थाना पतरातु जिला रामगढ के साथ मिल कर रची गयी। ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-ओडिनेटर की हत्या 9 मई को कर दी गयी थी। इस संदर्भ में दिनांक 23 मई को जाहीर अंसारी और जय मंगल मिश्रा तथा 26 मई को अमन साव पिता बासुदेव साव सा-साकुल थाना पतरातु जिला रामगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इसी कड़ी में दिनांक- 29 मई को गुप्त सूचना के आधार पर संदीप कुमार गुप्ता पिता शंकर गुप्ता, करण कुमार पिता दिनेश्वर महतो और मनोज राणा पिता कोलेश्वर राणा तीनों सा- सिकरी थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। **बरामदगी:-** घटना के समय प्रयोग में लाया गया ग्रे रंग एवं सिल्वर रंग का स्कुटी तथा याम्हा मोटर साईकिल, तीन स्मार्ट फोन ।

## हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** श्री श्री कौलेश्वरी शतचंडी सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ग्राम महुवाटांड में श्रद्धालु सुबह से यज्ञ मंडप के परिक्रमा को लेकर भीड़ उमड़ रही है। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष विनय सिंह ने बताया कि प्रतिदिन संध्या 7 बजे से विद्वत जनों के द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जा रहा है। यज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव अरविंद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण सिंह, सकलदेव सिंह, वरुण कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, विनोद सिंह, राजकुमार सिंह, महादेव सिंह, महेश सिंह, अर्जुन सिंह, संदीप कुमार सिंह और समस्त ग्रामवासी महायज्ञ को सफल बनाने में लगे हैं।

## लोको पायलट के सम्मान में सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के पाली में आयोजित 47 वां योग चैंपियनशिप में लोको पायलट मिथिलेश राम गुप्ता को टॉप 10 में शामिल किये जाने की खुशी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कोडरमा स्टेशन के सभागार में पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन के गझंडी शाखा सचिव बीबी सिंह के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में कोडरमा स्टेशन सहित धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न स्टेशनों के स्टेशन मास्टर, लोको पायलट शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से सहायक अभियंता संजय कुमार, वाणिज्य प्रवेशक मनोहर राय, रेल यातायात निरीक्षक अरविंद कुमार सुमन, आरपीएफ निरीक्षक जवाहरलाल और रेल अस्पताल के चिकित्सक डॉ शैलेश कुमार, सीएस धर्मेंद्र कुमार मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य रूप से मौजूद आगंतुक अतिथियों ने लोको पायलट श्री गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गुप्ता अपने कार्यकाल में भौतिक जीवन के साथ-साथ आध्यात्मिक जीवन का भी आनंद लिया है। गुप्ता का राष्ट्रीय स्तर पर चयन कोडरमा के लिए गौरव की बात है। गुप्ता अपने मेहनत के बदौलत इस मुकाम को हासिल कर कोडरमा का नाम रोशन किया है । समारोह को ईशा कुमारी गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि उम्र के इस पड़ाव में गुप्ता का योग के प्रति समर्पित अपने आप में काफी मायने हैं। उन्होंने अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि गुप्ता योग के क्षेत्र में और आगे जाये और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कोडरमा का नाम रोशन करें। समारोह का संचालन कर रहे यूनियन के शाखा सचिव बीबी सिंह ने कहा कि अपने ड्यूटी कार्यकाल के दौरान गुप्ता राष्ट्रीय स्तर पर जो मुकाम हासिल किये हैं। निश्चित रूप से कोडरमा के लिए गौरव की बात है। उन्होंने उपस्थित रेल कर्मियों से कहा निरोग रहने के लिए नियमित योग करें। मौके पर एसएस आनंद मोहन, संतोष राय, धर्मेंद्र कुमार, सुशील महतो, एमएस रिजवी, सतपाल सिंह, विश्वजीत सिंह, अजीत कुमार, धनेश्वर यादव, प्रदीप कुमार, पीके पल्लम, सीपी यादव और अरविंद एकघड़ा सहित दर्जनों रेल कर्मी मौजूद थे। आभार प्रकट सहायक अभियंता संजय कुमार ने किया।

## उन्नत कृषि और पशुपालन उत्पादकता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** समर्पण, भारतीय जन उत्थान परिषद और आरएमआई की ओर से बेंदी पंचायत के ग्राम चोरही चट्टान में उन्नत कृषि और पशुपालन उत्पादकता विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। प्रशिक्षण में विभिन्न गांवों से चयनित 30 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षक पंकज कुमार सिंह ने कहा कि कुदरत के बदलते स्वरूप में खेती और पशुपालन एक जोखिम भरा कार्य जरूर है परंतु, नयी तकनीक को अपनाने से यह जोखिम भरा कार्य बिलकुल आसान हो जाता हैं। उन्होंने कृमि से बचाव, खेती की जुतायी के तरीके, जैविक खाद्य बनाने की विधि और प्रयोग आदि की जानकारी दी। इसके अलावे प्लास्टिक मलची के उपयोग के तरीके, टपक सिंचाई की विधि, लैंड लेजर लेवलिंग, मिश्रित खेती, बीज का चुनाव एवं उपचार आदि विषयों पर भी जानकारी दी। उन्होंने कई कीटनाशक बनाने की विधि को डेमो दिखाया। परियोजना उत्प्रेरक आलोक कुमार सिंहा ने कहा कि यहां के लोग खेती पर कम, ढिबरा पर ज्यादा आश्रित है। इसे बदलने की जरुरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से परियोजना कार्यकर्ता मनीष लहरी, निलेश यादव, शिवकुमार, राजेश कुमार, क्षेत्रीय कार्यकर्ता देवंती देवी आदि की भूमिका रही।

## जयनगर में भाकपा का प्रदर्शन 30 मई को

कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि विभिन्न जनसमस्याओं के सवाल पर और प्रखंड और अंचल में भ्रष्टाचार जमीन ऑनलाइन दाखिल खारिज में मोटी रकम लेने आदि सवालों को लेकर भाकपा अंचल कमेटी जयनगर के द्वारा 30 मई दिन मंगलवार को जयनगर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन के मुख्य वक्ता हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, भाकपा राज्य मंत्री महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद सदस्य और जिप सदस्य महादेव राम, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक रहेंगे।

## महिला ने दूसरे के नाम पर ले लिया लोन, कर ली लाखों की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगोडीह में एक महिला और उसके पति के द्वारा ग्रामीण महिला को बहला-फुसलाकर और जाल साजी तरीके से लाखों रुपये की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। देवीपुर पंचायत के ग्राम कोठियार, पहारीडीह गुरहा, डोंगोडीह, लालूडीह के सैकड़ों ग्रामीण महिला संगीता देवी, चंद्रिका देवी, जगिया देवी, बसंती देवी, रिंकी देवी, सोनमती देवी, मुन्नी देवी कलावती देवी, सुमा देवी दुलारी देवी, पूजा साव, मनीता देवी, राखी देवी समेत दर्जनों ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि चंद्रकला गुप्ता पति हेमराज गुप्ता ग्राम डोंगोडीह, पोस्ट खेशमी, थाना नवलशाही के द्वारा हम सभी गांव की महिलाओं को पहले महिला ग्रुप में जोड़कर ग्रुप से 25-25 हजार की लाभ दिलायी। उसके बाद हम सब उसकी बातों में आ गये और विभिन्न 10-12 प्राइवेट संस्था जो कोडरमा और डोमचांच में किसी निजी मकान में कार्यरत है। इनके कर्मचारी और मैनेजर के साथ साठ गांठ से अपने निजी निवास स्थान बुलाकर गांव के सैकड़ों भोली-भाली महिलायों के नाम पर विभिन्न प्राइवेट संस्था से एक महिला के नाम पर दो या तीन लोन उठा लिया है। जबकि जो महिला स्वय पैसा ली है उसका किस्त आज भी दे रही है। जब संस्थाओं में किस्त का रुपया जाना बंद हो गया तो विभिन्न संस्था के कर्मचारी ऋणधारी के घर जाने लगे। तब ऋणधारियो को पता चला कि उनके नाम पर तीन से चार लोन चंद्रकला के द्वारा ले लिया गया है। चंद्रकला यह राशि महिला के खाते में डलवाकर फिंगरप्रिंट के तहत ग्राहक सेवा केंद्र नावाडीह लालूडीह, बरियारडीह में महिलाओं को ले जाकर उठा लेती थी। इस कार्य में उसका पति उसका बेटा और बेटी का भी सहयोग रहा है। जब ऋणधारियों को इस बारे में जानकारी हुई तो उन लोगों के द्वारा चंद्रकला के घर इसकी पूछताछ करने के लिए जाने लगे तब उसने बताया कि मकान बनाने में असमर्थ था। जिसके कारण विभिन्न संस्था से आप लोगों के नाम से पैसा ले ली हूं, दे दूंगी। इस बात को लेकर विभिन्न संस्था के कर्मचारी ने बताया कि जब तक चंद्रकला के द्वारा पैसा दिया जा रहा था तब तक हम आपलोगो के घर नहीं गये। जब कंपनी में किस्त जाना बंद हो गया तब हम आपलोगो के घर आना प्रारंभ किये है। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि इसे लेकर हम कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाएंगे कि जब तक चंद्रकला के द्वारा विभिन्न कंपनियों को पैसा नहीं दे दिया जाता है तब तक कंपनी के कर्मचारी हम लोगों को परेशान और भयभीत ना करें। हमलोग अशिक्षित महिलाएं चंद्रकला के साथ-साथ विभिन्न संस्था के मैनेजर के झांसे में आकर यह कार्य हो गया।

## सिकरी में मंडा पूजा मेला का आयोजन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सिकरी पंचायत में मंडा पूजा की शुरूआत 22 मई 2023 दिन सोमवार को पाठ बंधी से किया गया। इसी दिन से शिव भक्त टोली बनाकर गांव गांव घूम कर चौक चौराहों में निर्गुण भक्ति गीतों के साथ-साथ नाच गाकर शिव भक्ति से लोगों को रूबरू करा रहे हैं । जिसे देखकर लोगों में नयी जोश और उमंग भर आती है। लोग खुशी से शिव भक्तों को रुपया, पैसा, चावल वगैरह देकर दान पुण्य कर रहे हैं । इस बार शिव भक्तों की टोली में छोटे-छोटे नन्हे शिवभक्त भी शिव भक्ति में जुटे हुए हैं, और बड़े और अनुभवी शिव भक्तों के साथ अपनी कला से लोगों को रूबरू करा रहे हैं । खास बात यह है कि इस बार मंडा पूजा में शिव भक्तों की संख्या में नन्हे-मुन्ने शिव भक्तों की संख्या अधिक है, जिसे देखने के लिए लोग कड़ी धूप में भी बाहर निकल आते हैं और उनके द्वारा जो नाच गान का करतब दिखाया जाता है, इसे देखकर लोग बहुत आनंदित होते हैं। मंडा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार 31 मई 2023 दिन बुधवार को शिवभक्त संझत करेंगे, जिसमें सारे शिवभक्त जमीन पर लेट कर धूर लोटन का कार्य करेंगे। इसके बाद सारे शिव भक्त नदी जाकर स्नान कर पुनः शिव मंदिर लौटकर पूजा पाठ कर जलपान ग्रहण करेंगे। 01 जून 2023 दिन गुरुवार को सारे शिवभक्त उपवास करेंगे और रात्रि में स्नान कर आग के अंगारों पर नंगे पांव एक-एक कर चलेंगे । इसके पश्चात सुबह दो जून दिन शुक्रवार को लगभग 40 फीट की ऊंचाई पर झूला-झूल कर मंडा पूजा का समापन किया जायेगा।

## असिया में पीसीसी पथ का शिलान्यास



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के असिया गांव में जीला परिषद मद से निर्मित पीसीसी पथ का शिलान्यास सोमवार को हुआ। शिलान्यास जिला परिषद के चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता और जीप सदस्य रेणु देवी के द्वारा नारियल फोड़कर और पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान जीप चेयर मैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की पूरे जिले में जिला परिषद के द्वारा विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आसिया गांव में पीसीसी पथ की जरूरत थी, अब लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। जीप सदस्य रेणु देवी ने कहा की क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं । यही पहली प्राथमिकता भी है। मौके पर मौके पर करियातपुर मुखिया मोदी मेहता, पूर्व मुखिया डेग नारायण मेहता, समाजसेवी अशोक मेहता, सिकंदर मेहता, नरेश मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शिकायत पर बांका गांव पहुंचे जिप सदस्य



कटकमदाग (आजाद सिपाही)। कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत कटकमदाग पंचायत के बांका गांव में एनटीपीसी का डंपिंग यार्ड है, जहां से एनटीपीसी की अधीनस्थ कंपनी त्रिवेणी कोयले की ढुलाई रेलवे के रैक से देश के विभिन्न शहरों में करती है। भारतीय रेलवे ने वहां पर एनटीपीसी के साथ मिलकर ग्रामीणों का जमीन अधिग्रहण किया है जिस पर उसने डंपिंग यार्ड स्थापित किया है। अभी हाल ही के दिनों में इस डंपिंग यार्ड को बढ़ाया भी गया है और फिर से वहां पर ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण किया गया, जिस पर रेलवे के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा है। परंतु ग्रामीणों का आरोप है कि बाउंड्री वॉल रेलवे और एनटीपीसी के द्वारा अधिग्रहण की गयी। जमीन से आगे बढ़कर रैयती जमीन पर किया जा रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय मुखिया और जिला परिषद सदस्य जीतन राम को किया। जिला परिषद सदस्य जीतन राम ग्रामीणों की शिकायत के बाद निरीक्षण करने पहुंचे तथा उन्होंने पाया कि रेलवे के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने फोन से संबंधित अधिकारियों से बात कर काम को तत्काल रुकवा दिया तथा जांच करने के बाद अधिग्रहित जमीन पर काम करने को लेकर रेलवे के अधिकारियों से बात कही। उन्होंने कहा की ग्रामीणों की शिकायत मिली थी जिसकी जांच में वो यहां पहुंचे और देखने से ही प्रतीत होता है कि ग्रामीणों की शिकायत जायज है और रैयती जमीन पर रेलवे के द्वारा बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है जिसे उन्होंने रुकवाया है। उन्होंने यह भी कहा कि डंपिंग यार्ड के निर्माण होने से यहां का जनजीवन प्रभावित हो रहा है अधिकतर कुएं यहां पर ढक दिये गये हैं जो रैयती जमीन में था।

## पेड़ से लटके मिले लड़का-लड़की के शव

चरही (आजाद सिपाही)। चरही थाना क्षेत्र के ग्राम 44 खदान के समीप जंगल में एक युवक और एक युवती की लाश पेड़ से झुलते मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।।ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना चरही पुलिस को दीया गया। घटना स्थल पर चरही पुलिस पहुंच कर दोनों शवों को अपने कब्जे लेकर जांच की कार्रवाई में जुट गयी। यह घटना चरही थाना क्षेत्र की है, जहां बंद पड़ी 44 खदान के पास जंगल में सोमवार दोपहर युवक-युवती के शव फंदे से झूलते मिला है ये लोग चिमनी ईट भट्ठा में कार्य कर्ता था पुलिस के मुताबिक मृतकों की शिनाख्त ग्राम कुकुर्दी थाना पंचपेडी जिला विलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी सुनीता चौहान पिता पंचराम उम्र 16 वर्ष और ग्राम बकरकुदा थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी हुमुल निशाद पिता दुकाल निशाद 21 वर्ष के रूप में की गयी है। युवती और युवक दोनो शनिवार की सुबह से ही घर से लापता थे। हालांकि परिजनों द्वारा कोई गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस इसकी छानबीन कर रही है और यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना की वजह कुछ और तो नहीं। इसका खुलासा जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## बैठक में जनसमस्याओं के समाधान का निर्देश



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में सोमवार को 20 सूत्री की बैठक हुई। अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम और संचालन वीडिओ रिंकू कुमारी ने किया। 20 सूत्री अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण के दौरान बंद और कम बच्चों की उपस्थिति का मुद्दा उठाते हुए सीडीपीओ को कारवाई करने को कहा। जल नल योजना में जितना भी डीप बोरिंग हो रहा है उस जमीन का सहमति पत्र और कार्य का प्रकरण कॉपी अगला बैठक में मांगा गया। सभी चापाकल खराब पड़े जल मीनार अभिलंब बनाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य केंद्र इचाक के डॉक्टर मृत्युंजय कुमार का डिपटेशन हजारीबाग में किया गया है उसे रद्द करते हुए इचाक में पदस्थापित किया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना 432 लाभुक है इसे अविलंब पूरा किया जाये। अतिक्रमण पर रोक लगाया जाये। जो भी सरकारी विकास योजना सरकार के द्वारा किया जा रहा है उसे पारदर्शिता के साथ युद्ध स्तर के साथ कराया जाए। कल्पू पोखर का सुंदरीकरण डीएफटी फंड से कराया जाये। इस बैठक में सीओ मनोज कुमार महथा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष लालमोहन रविदास, 20 सूत्री सदस्य नगीना सिंह, रामप्रवेश सिंह, दिगम्बर कुमार मेहता, बाबुल हसदा, अजय गोप, सीडीपीओ नीलू रानी, स्वास्थ्य कर्मी पीएचडी, आपूर्ति समेत कई विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## चैंबर कार्यकारिणी की बैठक में जून माह में वार्षिक आमसभा कराने का निर्णय

# प्रतिष्ठानों में हो रही चोरी चिंता का विषय: आनंद

**जिले में बढ़ती चोरी, छिनतई और लूट की घटनाओं पर भी सदस्यों ने जतायी चिंता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी और उपसमिति की बैठक में लॉ एंड ऑर्डर उपसमिति के सभापति अधिवक्ता आनंद अग्रवाल ने जिले में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर चर्चा की। जिले में लगातार चोरी, छिनतई और लूट की घटनाओं की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि एसपी से चेंबर के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मिलने के बावजूद अपराधिक घटनाओं में कमी नहीं हो रही है। आए दिन व्यापारियों के प्रतिष्ठान में लाखों की चोरी हो रही है। जो एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से चैंबर के पदाधिकारियों को वार्ता करनी चाहिए। बैठक के दौरान रामगढ़ शहर के आठों वार्ड की सड़कों की दयनीय स्थिति पर भी चर्चा की गयी। विशेष रुप से लोहार टोला स्थित पंचमुखी मंदिर से लेकर पुराना बस स्टैंड, नेहरू रोड की मरम्मत की मांग मॉनसून से पहले छावनी अधिशासी अधिकारी से करने की बात कही गई। चैंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला और राज्य के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से चेंबर की वार्षिक आमसभा पर चर्चा की गयी। जून माह के अंत में आमसभा करने का निर्णय लिया गया। जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री, को आमंत्रित कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। बैठक में भुरकुंडा की समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गयी।



### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, मानद सचिव मनोज चतुवेर्दी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, सह सचिव संतोष तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पोद्दार, पंकज प्रसाद तिवारी, मुरारी लाल अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह पप्पू, विमल बुधिया, विजय मेवाड़, अमित कुमार सिन्हा, अमित साहू, दिलीप अग्रवाल, सुबोध पांडेय, दिलीप दत्ता, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, मनजी सिंह सहित चैंबर के कई सदस्य शामिल थे।

## मिशन लाइफ कैंपेन के तहत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**जल स्रोतों के साथ अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका निभायें : डॉ असीम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना के तहत 28 से 31 मई तक रामगढ़ जिले में मनाये जा रहे मिशन लाइफ कैंपेन के तहत सोमवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित बड़ी संख्या में पार्क में आए लोगों ने नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। मौके पर नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों की जानकारी सभी को दी। उन्होंने कहा कि बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है वर्तमान समय में जिस प्रकार से क्षेत्रों का तीव्र गति से औद्योगिकरण हो रहा है, ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि हम सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों के साथ-साथ अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने सभी से नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान सभी को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों और गंगा और उसकी सहायक नदियां सहित अन्य नदियों व जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में आम जनों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सभी को जागरूक किया गया।




## केंद्र में भाजपा के 9 साल पूरा होने पर पूर्व सांसद ने किया प्रेस कांफ्रेंस

# मां भारती के माथे पर लगा धारा 370 का कलंक मोदी सरकार ने हटाया : पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** केंद्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरा होने के बाद सोमवार को पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडेय ने रामगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की अनगिनत उपलब्धियां गिनायी। उन्होंने कहा कि जो काम कांग्रेस ने 70 साल में नहीं कर सका। उसे पीएम नरेंद्र मोदी ने 9 वर्षों में ही कर दिखाया है। उन्होंने जम्मू कश्मीर पर खुलकर बात की। कहा कि मां भारती के माथे पर धारा 370 का कलंक लगा था। लेकिन मोदी सरकार उसे हटाकर कर कलंक को हटा दिया है। श्री पांडे ने कहा कि भारत की जो संस्कृति है और जो दाग लगा उसको मिटाने का प्रयास हो रहा है। प्रधानमंत्री के शासनकाल में देश के धार्मिक स्थलों को सजाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार में नए सांसद भवन का निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन आज सांसद भवन बनकर तैयार हो गया है। नए संसद भवन जो बना है भारत की संस्कृति, वस्तु शास्त्र के अनुरूप बना है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण देश का कही न कही कुछ इस नए संसद भवन के निर्माण में लगा है।

धर्म अगर राजनीति में रहती है तो संस्कृति बनती है, और धर्म विहीन राजनीत विकृति होती है, जिन लोगों ने विरोध का स्वरूप बनाया है वास्तु शास्त्र का है कमाल है कि नेगेटिव विचार वाले वे स्वतः नही गये। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबको लेकर चलने वाली पार्टी है। सबका साथ, सब का विश्वास, सबको साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से इन 9 वर्षों की सरकार ने देश के मानबिंदुओं को ख्याल रखा है।

## मनमानी करने वाले पीडीएस दुकानदारों को बख्शा नहीं जायेगा: डीसी




आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने सदर प्रखंड के अनेक जन वितरण प्रणाली की दूकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सदर प्रखंड के नरेश चैधरी के जनवितरण प्रणाली केन्द्र का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उपस्थित कार्डधारियों ने शिकायत किया कि जन वितरण प्रणाली केन्द्र में ससमय व सही वजन से सामान नहीं मिलता है तथा प्रक्रिया में अनियमितता बरती जाती है। इस मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी और सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक को संयुक्त जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक केन्द्र के बाहर सूचना पट लाभूकों की सूचि नहीं लगाने को नियम का उलंघन करने वाले दूकानदारों पर नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभूकों से सूचीबद्ध केन्द्रों से सही वजन तथा समय पर अनाज का उठाव करने की अपील किया। इसके अलावे डीएसओ को समय-समय पर केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते रहने तथा गरीबों के अनाज में कटौती करने वालों के खिलाफ कारवाई करने का सख्त हिदायत दिया। उपायुक्त ने कहा कि असहाय और गरीबों कार्डधारकों के साथ मनमानी करने वाले दूकानदारों को बख्सा नहीं जायेगा। इस मौके पर डीएसओ सलमान जफर खिजरी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बैठक

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के तहत अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम और प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय कमिटि से चयनित योजनाओं के अनुमोदन हेतू जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 15 सूत्री कार्यक्रम के उदे्श्य के बारे में बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग में बढावा देना, मौजूदा व नये योजनाओंके माध्यम से आर्थिक गतिविधियो तथा रोजगार में अल्पसंख्यकों केे कल्याण के लिए समान हिस्सेदारी सुनिष्चित करने समेत अन्य विषयों पर विस्तृत क्रिन्यावित विकास योजनाओं में उपयुक्त हिस्सेदारी सुनिष्चित कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस मौके पर डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, मंत्री प्रतिनिधि भोलाप्रसाद गुप्ता, डीआरडीए निदेषक अरूण एक्का, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज में लगी आग, लाखों की संपत्ति जली



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** क्षेत्र के रांचीरोड स्थित बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज में रविवार की देर रात भीषण आग लग गयी। आग लगी घटना की सूचना बाद आधे दर्जन दमकल गाड़ी आग लगी स्थल पर पहुंची। वही, घंटो काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जाता है कि बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज की बैंक नीलामी के बाद खरीददार द्वारा तोड़फोड़ का काम किया जा रहा था। खरीददार द्वारा कोल्ड स्टोरेज के फ्रेम व एंगल को गैस कटर से काटा जा रहा था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि कटिंग के दौरान गैस कटर की उठी चिंगारी से कोल्ड स्टोरेज में आग लगी। जिससे लकड़ी का बना सारा फ्रेम व रखा खाली बोरा जलकर राख हो गया। आग लगी घटना से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।

## डीसी ने राजस्व और विभिन्न विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा

# सरकारी जमीनों पर ना हो किसी भी तरह का अतिक्रमण: माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में सोमवार को डीसी माधवी मिश्रा ने राजस्व और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीसी ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी लेने के क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर सरकारी जमीनों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण, अतिक्रमण व अवैध रूप से जमीन का इस्तेमाल ना किया जाये, अगर कहीं पर भी इस प्रकार का कोई भी मामला सामने आता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इसकी जानकारी जिला स्तर पर देना सुनिश्चित करें।

डीसी ने म्यूटेशन संबंधित मामलों सहित अंचल कार्यालय द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

### अधिकारियों से डीसी ने ली जानकारी

विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधियाचना एफआरए, एनओसी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी में राजस्व कार्यालय और संबंधित अंचल अधिकारियों से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

जिस पर डीसी ने जमीन अधिग्रहण के उपरांत ससमय मुआवजे का भुगतान लाभुकों को करने और विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने के तहत कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।




## आम्रपाली परियोजना अंतर्गत 20 युवाओं को मिलेगा आइटीआइ प्रशिक्षण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की आम्रपाली परियोजना अंतर्गत के विस्थापित प्रभावित युवाओं को आईटीआई से प्रशिक्षण कर रोजगार के लिये सुनहरा सीसीएल लायी हैं। बताया गया है की इसके लिए आईटीआई करने हेतु आवेदन स्वीकार किया जा रहा हैं। चयनित युवाओं को बीटीटीआई भुरकुंडा में 02 साल का एलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 20 जून 2023 है, और प्रवेश परीक्षा 18 जुलाई 2023 को डीएवी स्कूल बचरा में ली जायेगी। कुल 20 सीट है। इसके लिये निशुल्क आवेदन फॉर्म तथा अधिक जानकारी हेतु सीएसआर विभाग आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल काली मंदिर के पास संपर्क कर सकते है। परियोजना जीएम अमरेश कुमार सिंह ने सभी प्रभावित-विस्थापित युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया हैं।

## दिगवार में सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** दिगवार में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ से भक्ति की बयार बह रही है। महायज्ञ के चौथे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी - देवताओं के आह्वान से पूरा क्षेत्र गुंजयमान है। सोमवार को यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री द्वारा यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, शशि प्रसाद सपत्नीक को वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, हवन, धुपाधिवाश, फलाधिवाश, मिष्ठानधिवाश, आरती, पुष्पांजलि आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। वही, प्रयागराज से आयी विदुषी अंजनी गोस्वामी और रामचरित मानस के राष्ट्रीय प्रखर प्रवक्ता अनिल कुमार बाल व्यास का कथा वाचन किया गया। वही, गोस्वामी जी ने श्री कृष्ण विवाह समेत भागवत के कई अन्य रोचक प्रसंगों को रखने का कार्य किया। जबकि श्री व्यास ने यज्ञ की महिमा का व्याख्या किया। मौके पर कई लोग शामिल रहे।

## विद्यालय में समर कैंप का समापन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बाल विकास विद्यालय घुटुवा में तीनदिवसीय समर कैंप का समापन समारोह आयोजित की गयी। कैम्प के अंतिम दिन बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेकानेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर खूब मस्ती किया। कैंप में छोटे छोटे बच्चों ने झारखंड की संस्कृति व वेशभूषा को प्रस्तुत जिसकी सराहना उपस्थित लोगी ने की। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्राचार्य अमल घोष ने कहा तीनदिवसीय समर कैंप बच्चों के लिए अच्छा अनुभव देकर गया। समर कैंप में बच्चों ने खेल कूद के अलावा चित्रांकन प्रतियोगिता में अहम भूमिका निभाई है। कैम्प के दौरान बच्चों को पर्यावरण की रक्षा संबंधित बातों से अवगत कराया गया जिससे बच्चे व उनके माता पिता पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सके। मौके पर हेमंती देवी, किरण कुमारी, शिल्पी कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## आश्रम में चल रहे महायज्ञ का समापन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित श्रीश्री 1008 पगला बाबा सेवा आश्रम में चल रहें तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा, आवाहित, देवी देवताओं का पुजन, हवन, पुणाहुंति और भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन हुआ। वहीं अंतिम दिन यज्ञाचार्य आचार्य अशोक कुमार मिश्र द्वारा पूरे विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके पूर्व रविवार को 33 कोटी देवताओं का आह्वान, स्थल पुजन, अधिवास, शच्चाधिवास सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। महायज्ञ के दौरान जय श्रीराम, जय माता सीता, जय हनुमान सहित अन्य अराध्य देवी देवताओ के गगनभेदी उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पुजा अर्चना मे बतौर यजमान मनोज सिंह सपत्नी सुमन सिंह शामिल हुए। महायज्ञ को संपन्न कराने में भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, सतीश ठाकुर, यदुनंदन विश्वकर्मा, सतीश ठाकुर, रामसकल सिंह, शशि भुषण स्वर्णकार, अनिता वर्मा, शिवशंकर सिंह, राधिका सिंह, कामेश्वर मेहता, बबलु प्रसाद, अजीत कुमार, पंकज कुमार, मथुरा साव सहित दर्जनो महिला पुरूष शामिल थें।

## रजरप्पा मंदिर में दामोदर महोत्सव, डीसी ने लिया जायजा



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** उत्तर भारत का सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा मंदिर क्षेत्र पर विराजमान देवनद दामोदर महोत्सव को लेकर रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका परिसर में जिला उपायुक्त माधवी मिश्रा, रामगढ़ पुलिस उपाधीक्षक किशोर कुमार रजक ,चितरपुर बीडीओ उदय कुमार, रजरप्पा पुलिस इंस्पेक्टर रजरप्पा हरिनंदन सिंह, के द्वारा महोत्सव का जायजा लिया गया इस मौके पर दामोदर महोत्सव के संयोजक पंचम चौधरी, कार्यक्रम के सदस्य संजय प्रभाकर, बबलू साव, मनोज झा, दिगंबर महतो, बाबूचंद प्रसाद के आलावे रजरप्पा मंदिर ट्रस्टी के सचिव शुभाशीष पंडा, अशिम पंडा ने मिलकर मंदिर परिसर का आयोजन को लेकर स्थल निरीक्षण कर मुआयना किया। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सारी जानकारी लेते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से समीक्षा कर प्रशासनिक स्तर से जांच और निरीक्षण का कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम समय साय 4:30 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक जारी रहने की संभावना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सरयू राय पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सह विधायक जमशेदपुर पूर्वी करेंगे।

# लोकतंत्र का नया प्रतीक

देश को नया संसद भवन मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अनुष्ठानपूर्वक इसका उद्घाटन किया। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास का यह एक महत्वपूर्ण पल है। हालांकि पुराने संसद भवन की भी अपनी अहमियत है और रहेगी। वह देश की लोकतांत्रिक यात्रा के संघर्षपूर्ण और चुनौतीपूर्ण ही नहीं, गौरवपूर्ण पलों का भी साक्षी रहा है। आजादी के बाद देश की पहली सरकार के गठन और उसके कामकाज की बात हो या आपातकाल के रूप में लोकतंत्र पर पहले बड़े आघात की या फिर उस हमले को नाकाम करते जनादेश की- हम हर चुनौती से और मजबूत होकर निकलते रहे और हमारा वह संसद भवन हमारी लोकतांत्रिक आभा से चमकता रहा। लेकिन कोई भी समाज और राष्ट्र नए और पुराने के अनवरत मेल से ही आगे बढ़ता है। लगभग एक सदी तक मरम्मत और विस्तार से काम चल गया, लेकिन धीरे-धीरे यह भी स्पष्ट हो गया कि अब सर्वथा नयी इमारत की जरूरत है। उस लिहाज से कोविड जैसी प्रतिकूलताओं के बीच जितनी कम अवधि में यह पूरी इमारत तैयार कर ली गयी, वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। हालांकि यह सच है कि इसके निर्माण के समय और तरीके को लेकर शुरू से ही असहमतियां भी रहीं, लेकिन एक जीवित लोकतंत्र में यह कोई अनोखी बात नहीं है। उद्घाटन समारोह से जुड़े कई पहलुओं पर भी हमें अलग-अलग तरह की राय और टिप्पणियां सुनने को मिल रही हैं, जो आगे भी चलती रहेंगी। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है। हां, एक बात जरूर खटकने वाली रही कि ऐसे महत्वपूर्ण मौके पर विपक्ष की मौजूदगी नाम मात्र की ही रही। लगभग समूचे विपक्ष ने नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। इस बहिष्कार के कारणों से सहमति-असहमति हो सकती है, लेकिन बड़ी बात यह है कि वे कारण समय रहते दूर नहीं किये जा सके, बल्कि उन्हें दूर करने की कोई गंभीर पहल भी दोनों में से किसी पक्ष की ओर से नहीं दिखी। भारतीय लोकतंत्र की यह खूबी रही है कि तमाम मतभेदों और असहमतियों के होते हुए भी हमारा राजनीतिक नेतृत्व जरूरत पड़ने पर उनसे ऊपर उठने की क्षमता रखता है। ऐसे हर मौके पर उसने यह बात साबित भी की है। यह संभवतः पहला ऐसा बड़ा मौका है, जिसमें दुनिया के सामने हमारे लोकतंत्र का विपक्षहीन चेहरा दिखा। हालांकि सकारात्मक पहलू यह है कि जो तस्वीर दुनिया के सामने गयी वह हकीकत नहीं है। उद्घाटन समारोह में भले ही विपक्ष न दिखा हो, मगर देश में उसकी मजबूत उपस्थिति बनी हुई है। और देखा जाये तो उद्घाटन समारोह से उसकी अनुपस्थिति भी उसके विरोध को और प्रकारांतर से हमारे लोकतंत्र की जिजीविषा को ही रेखांकित कर रही थी। लेकिन फिर भी एक अहम मौके पर विश्व के सामने अपनी एकजुट और संपूर्ण छवि पेश करने में हमारी नाकामी पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए चिंता और चिंतन की बात होनी चाहिए।

**भारतीय लोकतंत्र की यह खूबी रही है कि तमाम मतभेदों और असहमतियों के होते हुए भी हमारा राजनीतिक नेतृत्व जरूरत पड़ने पर उनसे ऊपर उठने की क्षमता रखता है। ऐसे हर मौके पर उसने यह बात साबित भी की है।**

अभिमत | आजाद सिपाही

**कई अध्ययनों से खुलासा हुआ है कि वर्ष 2023 के आखिर तक करीब 10 करोड़ नये कामगार श्रम बाजार में आ जायेंगे। उच्च शिक्षा और उचित कौशल का अभाव भारत के लिए कड़ी चुनौती है। वर्तमान में बेरोजगार युवाओं (15 से 24 आयु वर्ग) की दर 10 प्रतिशत है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि भारत के 43 प्रतिशत युवाओं की रोजगार, शिक्षा या कौशल तक पहुंच नहीं है।**

# बेरोजगारी दूर करने को कौशल-शिक्षा के नये तरीके तलाशने होंगे

दिनेश सूद

142 करोड़ की आबादी के साथ दुनिया का सबसे बड़ा देश भारत बेरोजगारी की समस्या से पार पाने के लिए रोजगार के नए अवसरों के सृजन व अपनी युवा श्रम शक्ति को सही रोजगार के लिए जद्दोजहद कर रहा है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले भारत के लिए जरूरी है कि अपनी श्रम-शक्ति को रोजगार पाने लायक कौशलों और जानकारी से संपन्न किया जाये, ताकि वे देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकें।

कई अध्ययनों से खुलासा हुआ है कि वर्ष 2023 के आखिर तक करीब 10 करोड़ नये कामगार श्रम बाजार में आ जायेंगे। उच्च शिक्षा और उचित कौशल का अभाव भारत के लिए कड़ी चुनौती है। वर्तमान में बेरोजगार युवाओं (15 से 24 आयु वर्ग) की दर 10 प्रतिशत है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि भारत के 43 प्रतिशत युवाओं की रोजगार, शिक्षा या कौशल तक पहुंच नहीं है। इस युवा श्रम-शक्ति को रोजगार बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसके लिए तीन पहलुओं पर गौर करने की जरूरत है।

पहला, उचित और आवश्यक कौशलों की शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उद्योग जगत की सार्थक भागीदारी। दूसरा, स्पष्ट मापदंड और तीसरा, प्रमाणन प्रणाली तथा सही ढंग से डिजाइन एवं लागू की गयी दीर्घकालिक कौशल विकास संबंधी कार्यनीति।

**कई अध्ययनों से खुलासा हुआ है कि वर्ष 2023 के आखिर तक करीब 10 करोड़ नये कामगार श्रम बाजार में आ जायेंगे।**

कौशल विकास के लिए अनेक कदम पहले से उठाये जा चुके हैं, जिनमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ), महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा संचालित उन्नत प्रशिक्षण संस्थान और निजी कम्पनियों या सरकार द्वारा संचालित बेसिक ट्रेनिंग सेंटर और संबंधित इंस्ट्रक्शन सेंटर शामिल हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाइ), अनेक मंत्रालयों और विभागों जैसे कृषि, आवास एवं गरीबी उपशमन, महिला और बाल विकास, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षणों का संचालन तथा मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा बैचलर ऑफ वोकेशन (बीवोक) और डिप्लोमा ऑफ वोकेशन का संचालन किया जा रहा है।




**आइआइटी बेंगलुरु द्वारा कराये गये एक अध्ययन में पाया गया कि संस्थान प्रबंधन समितियों (आइएमसी) में नौकरी देने वालों की भागीदारी सीमित है। सर्वेक्षण में शामिल किये गये 78 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों और 66 प्रतिशत नियोक्ताओं ने स्किल कोर्सेज को औसत बताया।**

तमाम बहुआयामी प्रयासों के बावजूद भारत की लगभग 48.7 करोड़ श्रम-शक्ति आबादी (15-59 वर्ष की आयु वाले लोगों) में से महज 4.69 प्रतिशत औपचारिक तौर पर कौशल प्रशिक्षित है। एक सर्वे में पाया गया है कि व्यावसायिक शिक्षा डिग्रीधारकों में से महज 18 फीसदी छात्रों को ही नौकरियां मिलीं, जिनमें से महज 7 फीसदी छात्रों को ही ये नौकरियां औपचारिक क्षेत्र में मिलीं।

## तीन बड़ी खामियां

पहली, जहां एक ओर व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था (वीइटी) तैयार किया जाना जरूरी है, वहीं इस संदर्भ में उद्योग जगत की भूमिका की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। वीइटी कोर्सेज के डिजाइन और पाठ्यक्रम तैयार करने में उद्योग जगत से पर्याप्त इनपुट नहीं लिए जाने के कारण अक्सर वहां सिखाये जाने वाले कौशल नियोक्ताओं की जरूरत के मुताबिक नहीं होते। उद्योग जगत की कम भागीदारी से हालात ऐसे हो गये हैं कि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बहुत से छात्र शिक्षा और प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद भी रोजगार पाने लायक नहीं हो पाते।

आइआइटी बेंगलुरु द्वारा कराये गये एक अध्ययन में पाया गया कि संस्थान प्रबंधन समितियों (आइएमसी) में नौकरी देने वालों की भागीदारी सीमित है। सर्वेक्षण में शामिल किये गये 78 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों और 66 प्रतिशत नियोक्ताओं ने स्किल कोर्सेज को औसत बताया। एक नये रास्ते की रूपरेखा तैयार किए जाने की जरूरत है, जो वीइटी के डिजाइन और डिलीवरी में उद्योग जगत को ज्यादा प्रभावी रूप से शामिल करे। इसकी जिम्मेदारी सरकार और साथ ही साथ निजी क्षेत्र, दोनों को उठानी होगी।

दूसरी, देश में कौशल प्रशिक्षण के प्रमाणन मापदंड तय करने की तत्काल जरूरत है। वर्तमान में एनएसडीसी के साथ करीब 20 मंत्रालय व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का संचालन करते हैं। उपलब्ध कार्यक्रमों के बारे में स्पष्टीकरण के अभाव और विविध कार्यक्रमों के प्रावधान के कारण नियोक्ताओं को इस प्रशिक्षण की समग्रता और गुणवत्ता पर विश्वास नहीं। पाठ्यक्रम और प्रमाणन के मापदंड तय करने के लिए सरकार को चाहिए कि वह नैशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत गुणवत्ता या क्वालिटी पैक्स के आकलन की जिम्मेदारी औद्योगिक इकाइयों को सौंपे, ताकि उन्हें उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप बनाया जा सके।

वर्तमान में, प्रशिक्षण में सहभागी बनने वाली इकाइयों को छात्रों को नौकरी पर लगाने के लक्ष्य दिये गये हैं- उन्हें दाखिला लेने वाले शत-प्रतिशत छात्रों को नौकरी दिलानी होगी। इस मॉडल के दो प्रमुख जोखिम हैं- पहला, प्रशिक्षुओं को ऐसे पद पर और ऐसे नियोक्ताओं के यहां नौकरी पर रखवा दिया जाता है, जो शायद उनकी दिलचस्पी या कौशलों के अनुरूप न हो।

दूसरा, नौकरी दिलाने के लक्ष्यों में कौशलों की गुणवत्ता तथा कार्यक्रमों के प्रभावी होने के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गयी है।

तीसरी, राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यनीति को मौजूदा कार्यक्रमों के मूल्यांकनों तथा उनके प्रभाव के प्रमाण के अभाव सहित अनेक मामलों पर गौर करने की जरूरत है। सबसे बढ़ कर, श्रम बाजार के ढांचे में बदलावों और तकनीके अपनाने के क्रम में आयी तेजी के कारण, सॉफ्ट स्किल्स, इंटरपर्सनल स्किल्स, रचनात्मकता और महत्वपूर्ण चिंतन के क्षेत्र में कुशल और अकुशल श्रमिक के वेतन में अंतर देखा जा सकता है।

भविष्य में यही सब कौशल विकास कार्यनीतियों का केंद्र बिंदू होना चाहिए। रोजगार संबंधी चुनौतियों को देखते हुए, भारत को हर हाल में अपनी आबादी को कौशल प्रदान करने के नये तरीके तलाशने होंगे।

# जमशेदपुर की खबरें

## सांसद ने नयी दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से की मुलाकात कर स्वर्णरेखा परियोजना अंतर्गत मुराकाटी शाखा नहर के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए आग्रह की। बीते दिनों राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के द्वारा बैठक कर मुख्य नहर से निकलने वाले मुराकाटी शाखा नहर का निर्माण कार्य को बंद करने का निर्णय लिया। गांजिया बराज के निर्माण पर 500 करोड़ खर्च हुआ है। वही खरखई मुख्य दायी नहर के निर्माण पर 600 करोड़ खर्च हो चुका है, लेकिन मुराकाटी नहर का निर्माण नहीं होने से 74 गांव के किसान सिंचाई सुविधा से वंचित है। सांसद श्री महतो ने कहा कि नहर पर पूर्वी सिंहभूम जिला के मुसाबनी, डुमरिया ,जादूगोड़ा ,पोटका सहित अन्य क्षेत्र के हजारों किसान सिंचाई की सुविधा से वंचित हो जायेंगे। सांसद श्री महतो ने कहा कि योजना की पूरी राशि केंद्र सरकार के द्वारा वित्त पोषित है। राज्य सरकार के द्वारा केंद्र की स्वीकृति प्राप्त होने के बावजूद स्वीकृत योजना में परिवर्तन करना उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बातों को गंभीरता पूर्वक सुनकर पूरी योजना को फिर से पुनर्जीवित करने का आश्वासन दिया।

## पुलिस ने एक साथ तीन मामलों का किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत में जमशेदपुर पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। सोमवार को टेल्को क्षेत्र में हुई चोरी के तीन मामलों का पुलिस ने खुलासा कर दिया। तीनों मामलों में दो नाबालिग समेत कुल छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपियों में अरुण कर्मकार, लादेन कर्मकार, अभिषेक तांडी और छोटू सिंह सहित दो नाबालिग शामिल है। चारो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में और दो नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सभी सामान बरामत कर लिया। सोमवार को गोलमुरी पुलिस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मलेन एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल ने बताया 6 मई को चोरों ने टेल्को खड़ंगाझार बाजार के अनु ज्वेलर्स में गहनों की चोरी की थी। दुकानदार भीम प्रसाद सोनी के द्वारा 1.50 लाख की चोरी का एक मामला दर्ज कराया गया था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने एक नाबालिग से पूछताछ के दौरान अरुण कर्मकार और अभिषेक तांडी के अलावा एक अन्य नाबालिग का नाम सामने आया। उसके आधार पर सभी आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। वही अरुण कर्मकार के घर से पुलिस ने चोरी के गहने बरामद किए। वही लादेन कर्मकार के पास से घटना में प्रयुक्त रॉड बरामद किया गया। एएसपी ने बताया अरुण और लादेन के द्वारा घटना में नाबालिग का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया 24 मई को रिवर व्यू इनक्लेव के बंगला नंबर 38 के आउट हाउस में रहने वाले ए रामचंद्र राव के घर से एलईडी टीवी और पीतल के बर्तन का चोरी हो गया था। इस मामले में अभिषेक तांडी को गिरफ्तार कर टीवी बरामद किया गया। उन्होंने बर्तन को 1500 रुपए में बेच दिया जो पुलिस बरामद नहीं कर पाया। उधर 27 मई को जेम्को में सड़क किनारे खड़े ट्रक से बैट्री चोरी के मामले में छोटू सिंह को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल से एक ऑटो भी बरामद किया गया। इस मामले में आरोपी छोटू का साथी फरार चल रहा है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन को लेकर कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** भारत मिशन ग्रामीण भाग दो व जल जीवन मिशन अंर्तगत प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बीडीओ शिलवंत भट्ट की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में प्रमुख श्री सोमनाथ मुंडा, उपप्रमुख अजय बैठा सहित सभी मुखिया, पंचायत सचिव तथा सभी जल सहिया उपस्थित थे। बीडीओ ने आयोजित कार्यशाला के बारे में विस्तार से बताया, कोई भी योग्य लाभुक छूटे नहीं, लाभुक चयन हेतु ग्राम सभा में अनुपस्थित व्यक्ति परिवार पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ध्यान नही देने पर योग्य व्यक्ति नाम छूट जायेगा। इसमें अहम रोल जल सहिया को निभाना पड़ेगा। प्रमुख व उपप्रमुख ने अपने संबोधन में कहा की पूरे प्रखंड को स्वच्छ करना है। इसलिए सभी योग्य लाभुक को शौचालय उपलब्ध कराना है। एक भी व्यक्ति बाहर शौच जाते है तो इसका उद्देश्य सफल नहीं होगा। जिन्हें शौचालय प्राप्त हो गया उन्हें शौचालय का उपयोग के लिए जागरूक करना होगा। कार्यशाला में प्रखण्ड समन्वयक शंभू केसरी और उषा राणा उपस्थित थे।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 के योजना निर्माण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** सभागार में सोमवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के योजना निर्माण हेतु प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सरकार के द्वारा दिये मार्गदर्शन के अनुरूप ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण एवं ई ग्राम स्वराज पोर्टल में आये तब्दीलीयो से अवगत कराना था। विभाग द्वारा दिए गए 9 थीम पर भी चर्चा की गई एवं सभी ग्राम पंचायत सेवको को बताया गया कि जल्द से जल्द कार्यकारिणी से पारित कराते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक योजना निर्माण करें।मौके पर पंचायत सचिव गुहा उराँव,सुहैल अहमद,रोजगार सेवक हिफजूल रहमान,नन्दा भगत,आकाश कुंवर आदि उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत के ईचाक निवासी बीगन गंझू की 40 वर्षीय पत्नी सोहरी देवी की मौत वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि मृतका अपने घर के बगल में सीयानी टांड़ के पास सरर चुन रही थी ।अचानक मौसम के देखते हुऐ समीप के एक जामुन पेंड़ के नीचे पति वो पत्नी दोनो बैठे हुऐ थे। इसी बीच जोरदार बारिश और कड़क के बीच वज्रपात हो जाने से सोहरी देवी की मौत हो गई। जब की साथ नजदीक बैठे पति बीगन गंझू बाल बाल बच गऐ । घटना शाम करीब 5 बजे की है। बताया जाता है कि मृतिका सोसरी देवी मजदूरी कर अपने बार बच्चो की लालन पालन करती थी। घटना का सूचना मिलते ही झाबर पंचायत मुखिया शीलो देवी, मुखिया पति बासुदेव उरांव, अपने कई सहीयोगियो के साथ घटना स्थल पहुंचे ।वही बालूमाथ थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। शव को अपने कब्जे मे कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। उधर इस घटना का जायजा लेने घटना स्थल पहुंचे बालूमाथ प्रखण्ड जेएमएम अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव ने घटना कहा की घटना काफी दुखद है। उन्हो ने बालूमाथ,और लातेहार जिला प्रशासन, से मृतक तक के आश्रितों को मुआवजा देने मांग किया है।

## न्यायालय परिसर से मन का मिलन पखवाड़ा की जागरूकता रथ को किया गया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के न्यायालय परिसर से मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सोमवार को जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के द्वारा मोबाईल जागरूकता वैन को रवाना किया गया। मौके पर उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा मन का मिलन पखवाड़ा के तहत डीएलएसए में आकर मध्यस्थता के माध्यम से अपने लंबित मामलों का निष्पादन करा सकते हैं। उन्होंने कहा मन का मिलन पखवाड़ा में लंबित मामलों का निष्पादन होने से समय,पैसा,आने जाने के परेशानी के साथ आपसी संबंध भी बने रहेंगे। इस अवसर पर डालसा सचिव नितीश निलेश सांगा ने कहा जिले में सोमवार से लगातार 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम चलेगा। इस अवधि में डालसा कार्यालय के फ्रंट ऑफिस, जिले के सभी लीगल एड क्लीनिक में मध्यस्थता के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक विवादों का समझौता हो सके। साथ ही कोर्ट में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन हो सकेगा। उन्होंने कहा मोबाईल वैन के माध्यम से जगह जगह जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पीड़ित व जरूरतमंद लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उधर मन का मिलन पखवाड़ा के पहले दिन न्याय सदन भवन, फ्रंट ऑफिस, मिडिएशन हॉल, रिसेपशन, व्यवहार न्यायालय परिसर सहित अन्य जगहों में लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया गया। साथ ही मध्यस्थता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर लोगों को इसका लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर लीगल कौंसिल मेंबर, पैनल लॉयर्स, पीएलवी व पुलिस अधिकारी के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## रंका प्रखंड के झगराहा गांव में बीडीओ ने अविलंब पेंशन चालू कराने का दिया निर्देश



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम झगराहा में बीडीओ देवानंद राम ने तत्काल पंचायत पदाधिकारी को भेजकर सर्वजन पेंशन योजना से वंचित वृद्ध महिला-पुरुष, विधवा महिला एवं योग्य दिव्यांग लोगों को आवेदन तैयार कर अविलंब पेंशन चालू कराने का निर्देश दिया है। बीडीओ के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में पंचायत पदाधिकारी संजय प्रसाद ने सोमवार को झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी एवं युवा सदस्य संतोष कुमार रवि के साथ झगराहा गांव पहुंचे और पेंशन से वंचित योग्य दर्जनों व्यक्तियों को स्वयं अपने हाथों से फार्म भरकर पेंशन चालू कराने का काम किया गया। बताते चलें कि झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी अपने युवा टीम के साथ झगराहा गांव का दौरा पिछले शनिवार को किया था। जिसमें ग्रामीणों ने पूर्व के जनप्रतिनिधियों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण पेंशन से वंचित रहने की शिकायत करते हुए पेंशन चालू कराने का आग्रह किया था। जिसके आलोक में झामुमो नेताओं ने इस बात से रंका बीडीओ देवानंद राम को अवगत कराया। तत्पश्चात रंका बीडीओ ने पंचायत पदाधिकारी को भेजकर अविलंब पेंशन चालू कराने का निर्देश दिया। पेंशन चालू कराने की कार्रवाई से खुश होकर झगराहा गांव के गरीब ग्रामीणों ने मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, सदस्य संतोष कुमार रवि, अंबिका यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## एआइएसएम जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** धनबाद में पत्रकार प्रवीर महतो पर बलियापुर में हुए गोलीकांड के बाद एआईएसएम जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा राज्य में लगातार विभिन्न जिलों में स्थानीय विधायक, जिला उपायुक्त और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम न्याय दिलाने सहित नौ सूत्री मांग पत्र सौंपे जा रहे हैं। इसी क्रम में एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा गढ़वा उपायुक्त एवं मझिआंव प्रखंड के बीडीओ नीतीश कुमार भास्कर को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र में मुख्य रूप से पत्रकार प्रवीर महतो के बेहतर इलाज, मुआवजा, अपराधियों की गिरफ्तारी, पत्रकार सुरक्षा कानून, एक्रिडेशन कमेटी और पत्रकार आयोग का गठन सहित कुल नौ मांगे शामिल हैं। मौके पर अमित कुमार, सत्यम जायसवाल, सूर्य प्रकाश मेहता, चंदन मेहता, मनोज दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

## कांडी थाना क्षेत्र में बिजली करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहथ बलियारी गांव निवासी रामप्यारी यादव के 26 वर्षीय पुत्र मुकेश यादव की मौत बिजली करंट की चपेट में आने से हो गई। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भाई प्रवेश यादव ने बताया कि मुकेश यादव गांव में ही सुरेंद्र मेहता के घर मजदूरी का कार्य करने गया हुआ था। जहां चापाकल से पाइप निकालने के दौरान पाइप ग्यारह हजार तार के संपर्क में आ गया, जिससे करंट पाइप में प्रवाहित होने लगा और मुकेश घटनास्थल पर ही घायल हो गया। जिसके बाद इलाज के लिए उसे स्थानीय लोगों की मदद से जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जबकि वहीं घटना से मर्माहत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**हत्या : चरवाहों ने सबसे पहले देखा शव, जांच में जुटी पुलिस**

# रमना में विवाहित महिला का चाकुओं से गोदा शव बरामद

**मामले को लेकर छानबीन शुरू कर दी गई है, जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे : एसडीपीओ**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रमना।** थाना क्षेत्र के टंडवा गांव में बदबनी चौकीदारी महुआ पेड़ के समीप 30 वर्षीय महिला की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी पहचान टंडवा निवासी जैनुल अंसारी की पत्नी शहिदा बीबी के रूप में की गई है। खबर के अनुसार मृतक के घर से लगभग दो किलोमीटर दूर बहियार खुर्द पंचायत व टंडवा के सियान पर बदबनी महुआ पेड़ के समीप एक महिला का शव गाय चराने वाले ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद आसआस के ग्रामीणों की जानकारी के बाद मृतका की पहचान की गई।

मृतका के शरीर पर चाकू से लगभग पूरे हिस्से में 50 से ज्यादा वार किये गये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के पति जैनुल अंसारी अभी बंगलौर में चालक का कार्य कर रहा है। जिसको सूचना दे दी गई है। विदित हो कि जैनुल अंसारी की शादी दस वर्ष पूर्व हुई थी।

घटना की सूचना पाकर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी के साथ स्थानीय पुलिस अवर निरीक्षक विवेक पंडित ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए मामले को छानबीन शुरू कर दी है।

इधर मृतका के परिजनों ने दोषियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में डीएसपी प्रमोद केशरी ने बताया कि मामले को लेकर छानबीन शुरू कर दी गई है, जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे।

## जयमाल के पूर्व शादी से भागी लड़की की शादी प्रेमी से कराने का निर्णय

**शादी से पूर्व फरार हुई लड़की की शादी उसके प्रेमी के साथ बंशीधर मंदिर में कराई गयी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** रविवार की संध्या जयमाल की तैयारी के पूर्व अपने प्रेमी संग भागी लड़की की शादी परिजनों ने उसके प्रेमी से कराने का निर्णय लिया। हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार प्रेमी जोड़े के आगे परिवार को झुकना पड़ा। वरमाला से ठीक पहले प्रेमी के साथ फरार हुई नरही की गुंजा की शादी उसके प्रेमी कुणाल चौधरी के साथ परिवारजनों के बीच बंशीधर मंदिर में सम्पन्न कराई गई। एक दूसरे को पाकर दोनों जोड़े काफी खुश लग रहे थे।

थाना क्षेत्र के नरही गांव में रविवार की शाम शादी की बारात पहुंचने से पहले ही दुल्हन अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। शादी करने के लिए बारात लेकर पहुंचा दूल्हा जानकारी मिलने पर बैरंग बारात के साथ वापस हो गया। प्रेमी के संग दुल्हन को फरार होने के बाद गांव में रात दो बजे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला।

पुलिस द्वारा रात में ही प्रेमी के पिता को थाना लाए जाने पर करीब तीन बजे रात्रि में प्रेमी-प्रेमिका थाना पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी सुरेंद्र प्रजापति के पुत्र विनय प्रजापति की शादी नरही गांव निवासी श्रवण प्रजापति की पुत्री गुंजा के साथ 28 मई को होना निश्चित हुआ था। तय तिथि के अनुसार शादी की बारात लेकर रात करीब दस बजे विनय जब दुल्हन के घर पहुंचा, तब पता चला कि दुल्हन 7 बजे शाम में ही गांव के ही अपने प्रेमी कुणाल कुमार पिता संतोष चौधरी के साथ फरार हो गई है।

मामले को लेकर बाराती व घराती के बीच जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा चला। इसके बाद दूल्हा कुछ बारातियों के साथ वापस हो गया। जबकि कुछ बाराती वहीं जमे रहे। पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस संतोष चौधरी को हिरासत में लेकर थाना लौटी। पिता को पुलिस के द्वारा उठाए जाने की सूचना मिलने पर कुणाल गुंजा को लेकर थाना पहुंचा। सोमवार को थाने में गुंजा और कुणाल के स्वजन एक दूसरे की शादी करने को राजी हुए। स्वजनों ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर में दोनों की शादी कराई जाएगी।

## मदर हैचरी से डकैती मामले में शामिल तीन गिरफ्तार

**डकैतों के पास से 9300 रुपये, बोलेरो और सामान बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्रन्तर्गत डेमोटांड स्थित मदर हैचरी में 28-29 की रात्रि कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों ने हथियार का भय दिखाकर 6 लाख रूपया डकैती की घटना को अंजाम दिया था। जिस संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड सं- 154/23 दर्ज कर आगे की करवाई शुरू की गई।

डकैतों की धर पकड़ के लिए छापेमारी दल का भी गठन किया गया। जिसमें छापेमारी दल द्वारा घटना में संलिप्त तथा इस घटना के मुख्य साजिस कर्ता राहुल कुमार उर्फ मोनु पिता स्व राजु राय मंडल सा- सुन्दरपुर मुकुन्दगंज थाना-मुफ्फसिल जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। घटना में संलिप्त दो अन्य अपराधकर्मी अकबर अली उम्र करीब 39 वर्ष पिता मो कलीम शेख पता लालगढ थाना मधुपुर जिला देवघर और सैफुल शेख पिता- चिरकुदिन शेख सा- बारा थाना पथरोड जिला देवघर को तुरंत पकड़ लिया गया तथा घटना में प्रयोग की गई बलेरो गाडी सं जेएच 11ई 6293 एवं पकड़ाये व्यक्तियों के पास से डकैती किया गया समान बरामद किया गया। घटना के मुख्य साजीसकर्ता राहुल कुमार उर्फ मोनु है जो बाहर से अपराधकर्मी को बुलाकर घटना को अंजाम दिया गया था घटना में संलिप्त अन्य अपराधकमीयों की खोजबिन एवं छापामारी जारी है।

**गिरफ्तार व्यक्ति का नाम पता:** राहुल कुमार उर्फ मोनु पे- स्व राजु राय मंडल सा सुन्दरपुर मुकुन्दगंज थाना- मुफ्फसिल जिला हजारीबाग, अकबर अली उम्र करीब 39 वर्ष पिता मो कलीम शेख पता लालगढ थाना मधुपुर जिला देवघर और सैफुल शेख पे चिरकुदिन शेख सा- बारा थाना पथरोड जिला देवघर शामिल है।

**बरामद समान:** बलेरो गाडी सं- जे एच 11ई 6293 एवं गाडी से तीन फर्जी नम्बर प्लेट, डकैती किया गया दो मोबाईल एक ओपो एवं एक पोको कम्पनी का मोबाईल। अभियुक्तो के पास से डकैती किया गया 93,00 रूपया। एक आसमानी एवं ब्लु रंग का पिठु बैग जिसमें दो एक्सटेंसन बोर्ड।अभियुक्तो के पास से 3 एन्ड्रइंड एवं 4 कीपैड मोबाईल।

**छापामारी दल:** पुअनि बजरंग महतो, पुअनि बिरबल करमाली, पुअनि अनील कुमार रजक, सअनि संजय यादव, सअनि बाबुलाल चातर, सअनि लालबहादुर सिंह एवं मुफ्फसिल थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## आने वाला भविष्य बच्चों का है, उन्हें दें अच्छी शिक्षा : विधायक भूषण बाड़ा



**संत मरिया काथलिक चर्च मीचुटोली में नये गिरजाघर के आशीष समारोह का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** बाघडेगा के संत मरिया काथलिक चर्च मीचुटोली में नये गिरजाघर के आशीष समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित फादर बोनिफस डुंगडुंग ने आशीष जल का छिड़काव किया। तत्पश्चात फादर बोनिफास और विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर नवनिर्मित चर्च का उद्घाटन किया।

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि चर्च परिसर प्रार्थना करने के लिए बनाया जाता है। आज ईश्वर की योजना अनुसार मीचुटोली में नये चर्च भवन का आशीष हो रहा है। उन्होंने सभी लोगों को ईश्वर के वचनों को अपने जीवन में अमल करने की अपील की। साथ ही कहा कि जिले के हर एक व्यक्ति मेरे अपने हैं। मेरा हरसंभव प्रयास है कि मेरे अपने लोगों को कुछ भी समस्या से जूझना ना पड़े। इस दिशा में वे निरन्तर प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला भविष्य बच्चों का है। हमें अपने बच्चो को बेहतर बनाना है। तभी हमारा देश हमारा जिला आगे बेहतर बनेगा।

### ईश्वर की योजना से ही हुआ है चर्च का निर्माण : जोसिमा खाखा

वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने लोगों को प्रतिदिन प्रार्थना करने में समय निकालने की अपील की। कहा कि ईश्वर की महिमा अपरंपार है। ईश्वर ने अपनी योजना से यहां चर्च का निर्माण कराया। चर्च के निर्माण से सिमडेगा की कलीसिया और अधिक मजबूत होगी। ईश्वर का आशीर्वाद यहां के लोगों को निरंतर मिलता रहेगा।

मौके पर फादर रंजीत बरवा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा, मुखिया राहुल तिग्गा, पूर्व वार्ड पार्षद अगाथा तिर्की, प्रचारक दिलीप मिंज आदि उपस्थित थे।

## मजदूरी का काम करने गये व्यक्ति की चेन्नई में ट्रेन से गिरकर मौत

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी निवासी उमेश दास का बड़ा बेटा उदय दास की मौत रविवार को चेन्नई रेलवे स्टेशन से 30 किलोमीटर आगे रेलवे पटरी के किनारे गिरने से घटनास्थल पर ही हो गई। इधर मृतक उदय दास के धुरकी स्थित घर पर उसके माता-पिता, भाई, बेटा-बेटी और पत्नी को जैसे ही इसकी सूचना मिली तो उनके घर दुखों का बहुत बड़ा पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के परिजनों ने बताया कि विगत एक सप्ताह पहले वह अपने घर से मजदूरी करने और पैसे कमाने के लिए चेन्नई गया था। वहीं चेन्नई रेलवे स्टेशन से तीस किलोमीटर आगे चलती ट्रेन से वह गिर गया, जिसके बाद उदय की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं मौत होने के बाद चेन्नई रेलवे पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण में भेजने के बाद मृतक के मोबाइल से उसके घर परिजनों को इसकी सूचना दी गई। इधर मृतक के परिजनों ने जिला एवं प्रखंड प्रशासन से मृतक के शव को धुरकी लाने की गुहार लगाई है।

## कांडी थाना क्षेत्र के गड़ा खुर्द गांव निवासी युवक की ससुराल में छत से गिरने से मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कांडी थाना क्षेत्र के गड़ा खुर्द गांव निवासी सुंदरीका राम के पुत्र सरवन कुमार की मौत छत से गिरने से हो गयी। घटना के संबंध में मृतक के भाई अर्जुन राम ने बताया कि सरवन अपने ससुराल मोहम्मदगंज कादल कुर्मी गया हुआ था, जहां रात्रि में उसकी मौत छत से गिरने से हो गयी। ससुराल वालों के बताए अनुसार यह सूचना मिली कि सरवन कुमार रात्रि में खाना पीना खाने के बाद छत पर सोया हुआ था। जिसके तत्पश्चात रात्रि में शौच करने उठा, किंतु छत के ऊपर रेलिंग नहीं होने के कारण अनियंत्रित होकर सरवन कुमार छत से नीचे गिर गया। घटना के बाद घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया, किंतु उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जहां शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

**कार्यक्रम : अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक ने अपनी शादी की 29वीं वर्षगांठ पर नि:शुल्क सत्तू बैंक का किया शुभारंभ**

# मानवता की मिसाल हैं शौकत खान : सीआरपीएफ कमांडेंट

**सत्तू बैंक से अब तक दो लाख से अधिक राहगीरों को पेट भर चुके हैं समाजसेवी शौकत खान**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** हर पल मानवता की सेवा करने वाले अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने 29 मई को अपनी शादी की 29वीं वर्षगांठ पर नि:शुल्क सत्तू बैंक के शुभारंभ के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता गढ़वा सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह को कपड़ा बैंक परिसर में पहली बार पहुंचते ही अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान और उनके परिजनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और अभिनन्दन किया। उसके बाद शौकत खान कमांडेंट सर से नि:शुल्क सत्तू बैंक का उद्घाटन करने का आग्रह किया, फिर कमांडेंट एनके सिंह ने फीता काटकर नि:शुल्क सत्तू बैंक का शुभारंभ करते हुए सत्तू बैंक में उपस्थित सैकड़ों राहगीर और आमजनों के बीच अपने हाथों से सत्तू का जूस पिलाकर एवं तपती गर्मी में सैकड़ों लोगों को गमछा भेंट करते कहा कि शौकत खान ने गढ़वा निवासी शहीद आशीष कुमार तिवारी के सम्मान में एक नहीं अनेक नि:शुल्क बैंक चलाकर गरीब जरूरतमंदों की सेवा सालों भर करते रहते हैं, जो बहुत ही सराहनीय है। आज मैं शौकत खान की अनोखी शादी की वर्षगांठ पर नि:शुल्क सत्तू बैंक का शुभारंभ कर यहां उपस्थित जरूरतमंद लोगों को देखकर और उनको जरूरत की चीजें भेंटकर मन प्रसन्न हो गया। मैंने जितना सुना था शौकत खान के बारे में उससे भी बेहतर सेवा कार्य कर लोगों के लिए मिसाल बने हैं। मैं और मेरी सीआरपीएफ की पूरी टीम आशा करती है कि शौकत खान निस्वार्थ सेवा कार्यों के साथ ऐसी ही सेवा करते रहें और शहीद आशीष कुमार तिवारी के नाम को अमर करते रहें।

वहीं राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने नि:शुल्क सत्तू बैंक के शुभारंभ के मौके पर कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह एवं प्रेसवार्ता में बताया कि हमरा नि:शुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक, आम जरूरतमंद गरीब असहाय लोगों को प्रतिदिन सेवा देता है और अब तक लाखों लाख लोगों को मदद कर चुके हैं, वो भी आम नागरिकों के सहयोग से। शौकत खान ने कहा कि आज हमारी शादी की 29वीं वर्षगांठ है और मैं कभी पार्टी फंक्शन में पैसों को खर्च नहीं करता बल्कि हर खुशियां अपना हो या अपने परिवारजनों का मैं उस पैसे को बचाकर गरीबों में खर्च करता हूं और गरीबों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाता हूं ताकि अमीरी गरीबी का भेदभाव कम हो और हर नागरिक को अच्छी भोजन तन पर कपड़ा और गरीब बच्चों की अच्छी शिक्षा मिल सके। मैं इन चीजों में अपने पैसों को खर्च करता हूं।

बताते चलें कि शौकत खान अब तक दो लाख से अधिक राहगीरों सत्तू बैंक के माध्यम से को पेट भर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं अपनी खुशियां मना रहा हूं। अखबार बांटने वाले हॉकर भाइयों के साथ जिनकी अखबार से हजारों घरों और दफ्तरों में दिन की शुरुआत होती है ऐसे अखबार बांटने वाले भाइयों के बीच शौकत खान ने कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार की तरफ से आए हुए सभी लोगों के बीच बड़ा वाला बैग और गमछा उपहार स्वरूप भेंट किया और खुशियां मनाई। कमांडेंट के हाथों उपहार पाकर सभी हॉकर वाले भाई काफी खुश नजर आए। शौकत खान ने कमांडेंट के साथ सत्तू बैंक में आएं हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## बोलेरो में लदे छह गोवंशीय पशु जब्त, तस्कर फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना के गुलाबगंज से बोलेरो में लदे छह अवैध गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने देर रात जब्त किया है।

इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टोंगो गांव के रास्ते बोलेरो गाड़ी में जानवरों को ठूंस कर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने अपने दल बल के साथ छापेमारी की। जिसके बाद पुलिस की गाड़ी को देख तस्कर गाड़ी छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

इधर जब्त वाहन एवं पशुओं को पुलिस थाने लाकर कड़ी मशक्कत के बाद पैर बंधे हुए गोवंशीय पशुओं को गाड़ी से बाहर निकाला।

बताते चलें कि पुलिस के द्वारा लगातार पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, फिर भी तस्कर बेखौफ होकर पशुओं की तस्करी कर रहे हैं।

**Jharkhand State Beverage Corporation Limited**
**(A Government of Jharkhand Undertaking)**
**Corporate ID No. U51228JH2010SGC014519, GST No- 20AACCJ5622N1ZO**
**Utpad Bhawan, Ground Floor, Near Naveen Police Kendra, Kanke Road, Ranchi-834008**
**E-mail:- jsbcl.jharkhand@gmail.com**

**E- Tender No.-10** **Dated- 27-05-2023**

**E-Invitation regarding Request for Quotation from Insurance Companies for Group Mediclaim Policy for Employees & Family members of JSBCL, Ranchi**

**Important dates**

| S.N. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Starting Date of Request for Quotation: | 30/05/2023 | 10:00 A.M. |
| 2 | Pre-Bid meeting | 07/06/2023 | 04:00 P.M. |
| 3 | Last date/closing date for submission of E-Tender | 17/06/2023 | 04:00 P.M. |
| 4 | Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office. | 17/06/2023 | 06:00 P.M. |
| 5 | Opening of the Technical Bid (tentative): | 19/06/2023 | 04:00 P.M. |

**NAME & ADDRESS OF Tenderer:**
Sd/-
General Manager (Operation-Cum-Finance),
Jharkhand State Beverages Corporation Limited
Utpad Bhawan, Ground Floor
Near-Naveen Police Kendra,Kanke Road Ranchi-834008

PR 298536 Excise(23-24).D

# टीएसपीसी के छह उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

## पुलिस लगातार चला रही नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान, मिल रही है कामयाबी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के पांच उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इन उग्रवादियों की गिरफ्तारी जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के डोंकी-हेसातु-बरवाही तीन मुहान के पास से की गयी है। ये यहां किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के लिए एकजुट हुए थे। एसपी ने यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

**रात 9 बजे मिली गुप्त सूचना, 11 बजे पुलिस ने कर लिया**



**गिरफ्तार :** एसपी ने बताया कि 28 मई की रात्रि तकरीबन साढ़े नौ बजे गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी के पांच-छह उग्रवादी उक्त स्थान पर किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। सूचना का सत्यापन कराने के बाद एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों ने रात के तकरीबन 10:40 बजे तीन मुहान के पास पहुंच कर घेराबंदी की। इस घेराबंदी में वहां मौजूद सभी छह लोग पकड़े गये। पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने अपने आप को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का सदस्य बताया। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व लातेहार अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ये उग्रवादी हुए गिरफ्तार

**मुकेश यादव** (20वर्ष) ग्राम होटाई, पांकी, **मुकेश यादव** (20वर्ष) ग्राम तितलंगी, पलामू, **अवधेश यादव** (23वर्ष) ग्राम चेरी, लेस्लीगंज पलामू, **प्रभात कुमार यादव** उर्फ अफजल उर्फ अभिषेक (22वर्ष) ग्राम बिदरा, पलामू, **भीम पासवान** (26वर्ष) ग्राम डोंकी, मनिका, **नंदू शर्मा** (28 वर्ष) ग्राम जान्हो, मनिका

### हथियार, मोबाइल और बाइक बरामद

पुलिस ने इन उग्रवादियों के पास से एक 315 बोर का लोडेड देशी बोल्ट रायफल, एक लोहे का लोडेड देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, अलग-अलग कंपनी का चार मोबाइल फोन, एक काला-ब्लू रंग का पैशन प्रो मोटरसाइकिल (जेएच 03एन-9932) बरामद किया है।

### गिरफ्तार उग्रवादियों का है आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार सभी उग्रवादियों का अपराधिक इतिहास रहा है। प्रभात कुमार यादव पर कुल छः अपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि मुकेश यादव पर एक, अवधेश यादव पर दो, भीम पासवान पर दो, नंदू शर्मा पर एक व मुकेश यादव पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी :** छापामारी में पुलिस अवर निरीक्षक सह हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार गुप्ता, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, मनिका थाना के पुअनि गौतम कुमार व मिथिलेश कुमार तथा बरवैया पुलिस पिकेट के सअनि देवचंद हांसदा व बरवैया सैट 207 के सशस्त्र जवान शामिल थे।

## बारियातू में किसान गोष्ठी और जागरूकता अभियान



बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित तकनीकी सूचना केंद्र (सिंगल विंडो सेंटर) सभागार परिसर में कृषक गोष्ठी सह जागरूकता अभियान के तहत गोबरधन योजना अंतर्गत फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्यूर (फॉर्म) और लिक्विड फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्यूर (ल्फोम) वैज्ञानिक विधि से प्रयोग करने को लेकर उपस्थित बिरसा किसानों को विस्तृत जानकारी दी गयी। कृषक गोष्ठी मे गोबर का प्रयोग करते हुये बायोगैस बनाने के लिए किसानों को प्रेरित कर ग्राम स्तर में कृषक मित्रो को कार्य करने का दायित्व सौंपा गया। गोबरधन योजना का मुख्य उद्देश्य गांव मे साफ - सफाई का सकारात्मक तौर पर बढ़ना और पशुओं या अन्य स्त्रोत से मिलने वाली ऑर्गेनिक वेस्ट से पैसा और ऊर्जा निर्माण करना, ताकि गांव मे आजीविका के नए रास्ते खुलने से किसान और पशुपालकों को आमदनी हो। कार्यक्रम मे सभी कृषक मित्र प्रोग्रेसिस्ट फार्मर जेएसएलपीएस और विभिन्न पंचायतों के किसान उपस्थित रहे।

## अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के टिकुवा गांव के पास पुलिस द्वारा अवैध खनन को ले वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिस दौरान अवैध पत्थर लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। लेकिन ट्रैक्टर का चालक पुलिस को गाड़ी की ओर आते देख ट्रैक्टर सड़क पर खड़ा कर भागने में सफल हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह ने बताया की जिला खनन पदाधिकारी के आनंद कुमार के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनन को लेकर छेचा मुख्य मार्ग स्थित मुख्य सड़क टिकुवा के पास बरवाडीह पुलिस टीम के द्वारा वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुये एक अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर को जांच के बाद जब्त किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के कुल्हि नाला के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। इस संबंध मिली जानकारी के अनुसार पलामू जिले के सलैया निवासी श्रवण भुइयां, आशीष कुमार अपने रिश्तेदार के यहां बाइक पर सवार होकर बरवाडीह अपने घर आ रहे थे। इसी बीच सड़क दुर्घटना के शिकार हो गये जिसे स्थानीय लोगो व एम्बुलेंस के मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लाया गया। जंहा चिकित्सक डॉ जुबेर अहमद ड्रेसर राजेश चन्द्र उर्फ बबलू, व दीपक सिंह के देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। उसके बाद दोनों लोगो को बेहतर इलाज एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

## क्रांतिकारी के सम्मान में रथ पर चित्र सजा युवक राउरकेला से दिल्ली रवाना



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। देश आजादी के लिए जीवन समर्पण करने वाले क्रांतिकारी के सम्मान में एक युवक राउरकेला से पदयात्रा कर पहुंचा सेन्हा। विश्राम के पश्चात दिल्ली के लिए होगा रवाना। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में क्रांतिकारियों के तस्वीर रथ पर सजा कर 150 किलोग्राम का रथ खींचते पदयात्रा करते हुये पहुंचा सेन्हा। राउरकेला सेक्टर 2 निवासी महेंद्र विश्वाल के 35 वर्षीय पुत्र मुक्तिकांत विश्वाल 16 मई को रथ पर तिरंगा झंडा एवं क्रांतिकारियों का तस्वीर लगा कर दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जो लगातार पद यात्रा करते हुए 13 दिन का सफर तय कर सेन्हा पहुंचा। इस संदर्भ में मुक्तिकांत विश्वाल ने बताया कि आजादी के पूर्व से देश के प्रति जीवन समर्पित करने वाले उन क्रांतिकारियों को अपने ही देश में सम्मान नही मिल रहा है। उन वीर शहीद क्रांतिकारी को सम्मान दिलाने के लिए देश के सपूत क्रांतिकारी सुखदेव थापर, भगत सिंह, शिवराम राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य शाहिद क्रांतिकारी की तस्वीर रथ में लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए है। उन्होंने कहा वहां पहुंच प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन वीर क्रांतिकारियों को सम्मान दिलाने के लिए ज्ञापन सौंप मांग करूंगा। बता दें कि 13 दिन का सफर तय कर सोमवार को सेन्हा पहुंचने की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन शस्त्र बल के साथ सुरक्षा प्रदान किया। फिलहाल सेन्हा दुर्गा मंदिर प्रांगण में रात्रि विश्राम के पश्चात मुक्ति सान्याल मंगलवार को दिल्ली के लिए रवाना करेगा।

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नही

कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू से घाघरा एनएच 143ए में चल रहे सड़क व नाली निर्माण कार्य मे अनियमितता बरते जाने की मिल रही शिकायत पर कुडू पहुंचे राष्ट्रीय उच्च पथ परिवहन सह सुरक्षा परिषद भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी ने नाली निर्माण व ब्लॉक मोड़ के नजदीक नवनिर्मित पुलिया का निरीक्षण किया। श्री तिवारी ने एनएचआई के कनीय अभियंता बिनोद हेम्ब्रम और निर्माण करा रही कंपनी के कनीय अभियंता को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य मे गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता नही होगा। वही कुछ जगहों में अतिक्रमण के कारण बीच मे काम रुकने की स्थिति में अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देने को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद नाली निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव गुडू लाल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, अमित कुमार बंटू, प्रदीप ठाकुर, संतोष साहू, विकास अग्रवाल और लोहरदगा के कमल केशरी उपस्थित रहे।

## मन का मिलन पखवाड़े का शुभारंभ

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार दिनांक 29 मई से लेकर 14 जून तक चलाए जाने वाले मन का मिलन पखवाड़े का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेन्द्र बहादुर पाल के द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में फीता काट कर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात यह कार्यक्रम अगले एक पखवाड़े तक सफलता पूर्वक चलाने का निश्चय किया गया । उद्घाटन अवसर पर पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि लोहरदगा जिले में मन का मिलन पखवाड़े को लेकर जोर - शोर से प्रचार- प्रसार किया गया है। अब इसे मूर्त रूप देने की बारी है। अत: जो लोग भी बेंच में काम कर रहे हैं वह पक्षकारों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे अपने विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के लिए आगे आये। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम मध्यस्थता के प्रचार प्रसार के लिए किया गया है । इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सेवाएं, वीडियो पर सफल कहानियां को दिखाना, लंबित अथवा मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों में आवेदन प्राप्त करना एवं आवश्यक सुझाव पक्षकारों के देना शामिल है। मध्यस्थता के अंतर्गत प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों के बातों को गोपनीय रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हैं और पक्षकारों की सहमति के आधार पर ही समाधान ढूंढा जाता है जिससे पक्षकारों का समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंधों के रक्षा होती है ।

## अमृत सरोवर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिला में तेजी से हो इस पर कार्य

# उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** मिशन अमृत सरोवर के तहत जिले में हो रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने मिशन अमृत सरोवर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अमृत सरोवर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अमृत सरोवर योजना के तहत जिला में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत जीर्णोद्धार / निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन किया



जा रहा है। ताकि भूमिगत जलस्तर बढ़ाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि लातेहार जिला में लक्ष्य के विरुद्ध जल्द से जल्द सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभागों के तालाबों के जीर्णोद्धार के टारगेट पूरा करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि मिशन अमृत सरोवर के तहत कार्य जल्द पूरा हो इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि कार्यों को गंभीरता से लिया जाए। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को मनरेगा, 15वें वित्त आयोग सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, एनडीसी बंधन लांग, जिला योजना पदाधिकारी श्री संतोष भगत, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, संबंधित कनीय अभियंता व प्रखंड कार्यक्रम उपस्थित थे।

# अब 29 जून तक नहीं चलेगी बीडीएम ट्रेन, इलाके के लोगों ने जताया आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह/ बरकाकाना।** बरवाडीह रेलखंड की लाइफलाइन मानी जानी वाली बीडीएम स्पेशल पैंसेजर ट्रेन (03359 व 03360) का परिचालन नहीं होने से लोगों में खासा आक्रोश है। वही एक बार फिर इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण बीड़ीएम ट्रेन का परिचालन की समय एक माह तक पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अधिसूचना जारी कर बढ़ा दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरकाकाना वाराणसी स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का इस बीते वर्ष दिसंबर माह से विभिन्न कारणों से एक एक माह कर चार बार एक्सटेंशन कर 29 मई को पुन परिचालन करने का तिथि निर्धारित किया गया था। लेकिन इससे पूर्व 26 मई को पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन के सीपीटीएम द्वारा वाराणसी और गुलर स्टेशन में यार्ड रीमॉडलिंग






का काम अधूरा रहने और वाराणसी लोको यार्ड 1, 2 एवम 3 में कोचों की वाशिंग क्षमता नहीं रहने के कारण इस ट्रेन की परिचालन की तिथि 29 जून तक बढ़ाया जाता है। इस अधिसूचना के जारी होने के बाद रेल प्रशासन की गलत नीतियों को लेकर एक बार फिर आमजन में उबाल आ गया है। क्षेत्र की जनता ने स्थानीय सांसद व रेल मंत्री से इस गंभीर समस्या पर तत्काल पहल करने की मांग की है। हाल के दिनों में शादी-विवाह (लगन) के मौके पर रेल यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है, जिससे गरीब रेल यात्रियों के लिए यह ट्रेन इस क्षेत्र के काफी सस्ती सुविधाजनक है। लेकिन इस ट्रेन के बंद होने से इस क्षेत्र के लोगो को इस रेल खंड में यात्रा करना मुश्किल व महंगा हो गया है। रेल प्रशासन द्वारा बार बार इस ट्रेन का परिचालन स्थगित करने का आदेश जारी करना इस क्षेत्र के यात्रियों के लिए असहनीय हो गया है। तीन दिन पूर्व ही इस ट्रेन की परिचालन शुरू करने की मांग को लेकर इस रेलखंड के हेहेगड़ा स्टेशन पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामीण रेल यात्रियों 15 जून तक ट्रेन की परिचालन शुरू नहीं होने पर रेल चक्का जाम समेत उग्र आंदोलन की अल्टीमेटम दिया गया है.वही इसके अलावा इस ट्रेन की परिचालन की मांग को लेकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार प्रयास किया गया है.लेकिन अब तक परिणाम सिफर रहा है।

**क्या कहते हैं रेल अधिकारी**

बरवाडीह वरीय स्टेशन अधीक्षक (इंचार्ज) अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि बीडीएम सवारी गाड़ी को परिचालन हेतु 26 मई एसपीटीएम पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर द्वारा पत्र के आलोक में बीडीएम सवारी गाड़ी का वाराणसी में यार्ड रीमॉडलिंग का काम अधूरा रहने और 1 से तीन लोको यार्ड में वाशिंग की सुविधा नहीं रहने के कारण इस ट्रेन का परिचालन 29 जून तक स्थगित किया गया है।

## बाइक चालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रामनगर स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक चालक को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस भेजा जेल। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर सलोनी पेट्रोल पम्प के समीप रविवार को बाइक और स्कूटी के टक्कर में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना को आंजम देने के आरोप पर बाइक चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को पुलिस जेल भेजा। सड़क दुर्घटना में सेन्हा निवासी सुलेमान केर-केट्टा गम्भीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसको इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया था। वही घटना की सूचना पर पुलिस बाइक को जप्त करते हुये गुमला आदर्श नगर निवासी सुरेंद्र गोप का 20 वर्षीय पुत्र, मनु गोप को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## जन सेवकों की 11 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल जारी

भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड में कार्यरत सभी जन सेवकों का 11 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल में चले जाने के कारण विभिन्न विकास योजनाएं प्रभावित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य अवरुद्ध हो गया है। आवास निर्माण का कार्य कर चुके लाभुकों को भुगतान नहीं मिल रहा है। भुगतान नहीं मिलने के कारण आवास निर्माण का कार्य बंद हो रहे हैं। जिसके कारण आवास निर्माण कार्य का लक्ष्य के अनुकूल काम नहीं हो रहा है। क्षेत्र में खेती किसानी का समय नजदीक आ गया है। इस समय में जन सेवकों के द्वारा किसानों के लिए विभिन्न अनुदानित बीजों का वितरण हेतु सूची बनाने सहित अन्य काम किया जाता है। परंतु जन सेवकों का हड़ताल इस काम को भी अवरुद्ध कर रहा है। इसके साथ ही विभिन्न तरह के पेंशन योजना के लाभुकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन योजना के लाभ लेने वाले लाभुकों को छोटी मोटी परेशानी के लिए बैंक और प्रखंड कार्यालय के चक्कर काटना पड़ रहा है । जन सेवकों के हड़ताल में रहने के कारण इनका काम नहीं हो पा रहा है । जन सेवकों का 11 सूत्र मांग को सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। दूसरी तरफ क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं पर इसका असर पड़ रहा है। जन सेवकों का कहना है कि यह हड़ताल राज्यव्यापी हड़ताल है। सरकार जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

## वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण कर जनभावनाओं से खेलना बंद करे झारखंड सरकार : सांसद



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द हटाने पर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग के द्वारा लोहरदगा की सबसे पुरानी हाइ स्कूल में से एक नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द को केवल हटाना यह दशार्ता है कि वर्तमान यूपीए गठबंधन सरकार की राजनीतिक आधार केवल तुष्टिकरण ही रह गई है। यह विधालय जिले के लिए धरोहर की तरह कई पिढियों की यादें इस नाम से जुड़ी है। आज कितने बच्चों और पूर्ववर्ती छात्राओं के प्रमाण पत्रों में नाम अंकित है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कुछ विशेष स्थापित कर नामकरण करने चाहिए थे परंतु यह किये गए कार्यों पर अपनी नामकरण करना आदत बना लिया है। शुरूआत दिनों में स्थापना और संचालन से जुड़े लोगों की मेहनत और योगदान को भी सरकार शून्य कर राज्य का मुख्यमंत्री अपनी सरकार को प्रचारित करने में लगें हैं। जबकि स्कूलों के स्थापना और नामकरण के पीछे शर्त होते है जो योगदान के प्रति सरकार का सम्मान होता और योगदानकताओं के साथ न्याय मिला ऐसा माना जाता है। जो माफी के योग्य नहीं है। लोहरदगा की जनता का आक्रोश जायज है । लोकतांत्रिक युग में जनभावनाओं का सम्मान होता परंतु कांग्रेस और उनके साथी शुरू से अतित के पन्नों को नष्ट कर केवल अपनी विचारधारा को प्रदर्शित किया है। यह वर्तमान में भी जारी उसी कार्यप्रणाली का बड़ा उदाहरण है। परंतु सरकार को ऐस तरह का राज्यदेश देने से पहले परिणामों को सोंचना चाहिए। लोकतंत्र में जनता सर्वश्रेष्ठ इसलिए झारखंड की सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुये अविलंब राज्यदेश को वापस लेकर जो स्कूल का नाम सैंकड़ों वर्षों से नांमाकित है वह पूर्व की तरह रहे।

## आवंटित दुकान के किराये में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ दुकानदार गोलबंद



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नगर परिषद द्वारा गुदरी बाजार स्थित आबंटित दुकानों के किराया मे बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ दुकानदार गोलबंद हो गये हैं। सोमवार को दुकानदारों का एक शिष्टमंडल लोहरदगा उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के कार्यालय में जाकर ज्ञापन दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधि धीरज प्रसाद साहू (सांसद राज्य सभा ), सुदर्शन भगत (सांसद लोकसभा), डॉ रामेश्वर उरांव (विधायक सह मंत्री झारखंड सरकार ) के प्रतिनिधि तथा लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष को भी दिया। शिष्टमंडल में संजय बर्म्मन, प्रदीप कुमार, मुकेश महतो, विवेक कुमार, विजय सिंह थे। दुकानदारों ने बताया कि पिछले दिनों बड़ा तालाब स्थित दुकानों तथा सोमवार बाजार स्थित दुकानदारों को भी बेतहाशा वृद्धि का नोटिस जारी किया गया है। दुकानदारों ने कहा कि यदि किराया में संशोधन नहीं किया गया तो सभी दुकानदार एक मीटिंग आहूत करेंगे तथा आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी।

## बेरमो की खबरें

# होसिर में निकाला गया भाकपा माले का प्रतिवाद मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** होसिर सुभाष चौक में भाकपा माले गोमिया प्रखंड कमिटी द्वारा पार्टी के प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश राम के नेतृत्व में सोमवार को प्रतिवाद मार्च निकाला। पार्टी के प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश राम ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर में महिला पहलवानों द्वारा भाजपा सांसद सह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के ऊपर यौन शोषण और अन्य मामलों के खिलाफ लगभग डेढ़ माह से गिरफ्तारी की मांग कर रहे महिलाओं पर 28 मई को पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज और घसीटते हुए पिटाइ कर सैकड़ों धरनाकारियों को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया । कहा कि एक तरफ भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी लोकतंत्र की हत्या कर नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति महोदया से ना कराकर स्वयं प्रधान मंत्री राजशाही समारोह की तरह उदघाटन किये। नवनिर्मित संसद भवन मजबूती और सुंदरता से लोकतंत्र स्थापित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान का मयार्दा और 140 करोड जनता के आकांक्षाओ को कुचलना बहुत ही निंदनीय है। इस समारोह में आरोपित भाजपा सांसद सह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को शामिल करना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक प्रतीत होता है । दूसरी तरफ प्रधान मंत्री अनेकों बार संकल्प लेते रहते हैं बेटी बचाओ बेटी पढाओ एवं महिला सशक्तिकरण का दम भरते हैं जो पूरी तरह से खोखला साबित हो चुकी है । कहा कि पार्टी मांग करती है कि प्रधान मंत्री अपने स्तर से हस्तक्षेप कर महिला पहलवानों को न्याय दिलाने की मांग की है। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# नंदघर में मनाया विश्व पोषण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**जरीडीह।** नंदघर परियोजना ई.एस. एल. वेदांता की ओर से सामाजिक पहल के तहत बोकारो में 150 नंदघर संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन, नंदघर परियोजना का संचालन कर रही है ।

चास और चंदनकियारी, नावाडीह प्रखंड के नंद घरों में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से विश्व पोषण दिवस मनाया गया। जिसमें नंदघर के पोषक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गर्भवती, धात्री माताओं, कुपोषित बच्चो के माता और किशोरियों को पोषण से जागरूक किया गया। जिसमें अक्षय पात्र कार्यक्रम, टी.एच.आर. से बने पोषण युक्त पकवान बनाने की विधि बताया गया और अपने आस पास के क्षेत्र से प्राप्त खाध्य वस्तुओं का सही उपयोग और उसके लाभ के बारे में बताया गया और अपने घरो मे पोषण वाटिका लगाने की सलाह दी गयी इस कार्यक्रम में आभा मेडम के द्वारा एनीमिया से होने



वाली बिमारी के बारे मे बताया गया और एनिमिया को ठीक करने के उपाय भी बताया गया। अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम द्वारा गांव के लाभार्थी के जीवन मे भी बदलाव आयेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सदर अस्पताल बोकारो के युवा मैत्री केंद्र के किशोरी स्वास्थ्य परामर्शी आभा कुमारी और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मधु कुमारी और एएनएम आशा कुमारी के द्वारा सभी लाभार्थियों को पोषण संबंधी जानकारी दी गयी। मौके पर उपस्थित अमेरिकन इंडिया फाउण्डेशन के टीम और आंगनवाड़ी सेविका- सहायिकाओं द्वारा इस प्रोग्राम को संपन्न किया गया ।

# मन का मिलन पखवारा का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार और माननीया प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारों सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना के मार्गदर्शन में आज दिनांक 29 मई, 2023 को मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवारा का उद्घाटन एसडीजेएम सह अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव दीपक कुमार साहू के द्वारा किया गया। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम सह अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव दीपक कुमार साहू ने बताया कि आज से शुरू हो रहा यह विशेष अभियान 14 जून, 2023 तक चलेगा इसके तहत पूरे जिलें में मध्यस्थता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें संबंधित पक्ष परामश हेतु तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मध्यस्थ, पुलिस पदाधिकारी और सचिव से प्रातः 07:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मिल सकते है। मन का मिलन पखवारा मध्यस्थता के माध्यम से वादों के निष्पादन की एक अनूठी पहल है, जो आम जनमानस के लिए काफी लाभकार और कल्याणकारी साबित होगा। जिसमें 29 मई से 14 जून तक चलने वाले इस मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के लिए प्रतिदिन बेंच का गठन किया गया है। मन का मिलन पखवाड़ा कार्यकर्म के जनता के बीच जानकारी के लिए लोगो को पीएलवी ने पर्चा का वितरण किया। आज इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के मध्यस्था केन्द्र में कुछ मामलों के दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के लिए वार्ता हुई मगर उसमें अगली तिथि को समझौता पर वार्ता करने की बात कही गयी। आज इस मौके पर बेंच पर अधिवक्ता उमेश प्रसाद, शैलेश कुमार सिन्हा, गोमिया ए एस आयी रंजीत पासवान सहित सुभाष कटरियार, संजय कुमार दे, चतुर्भुज कुमार, गुप्ता जी, कृष्णा रजक, चंद्रदेव हंसदा सहित अन्य लोग मौजूद थे। उक्त बात की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दीपक कुमार साहू के द्वारा दी गयी।

## गुमला थाना परिसर स्थित नये महिला और एसटी-एससी थाने का एसपी ने किया निरीक्षण



**31 मई को डीआईजी के हाथों होगा उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को गुमला थाना परिसर स्थित नये महिला व एसटी एससी थाना का गुमला एसपी एहतेशाम वकारीब ने निरीक्षण किया। नवनिर्मित थानों का 31 मई को डीआईजी उद्घाटन करेंगे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि थाना परिसर में स्थित दोनों नया थाना बनकर तैयार हैं। वहीं निरीक्षण के क्रम में एसपी ने अधिकारियों को छोटी-मोटी कमियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं बताया कि पुलिस लाइन में निर्मित दो अन्य नये भवनों का भी उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा एसडीपीओ के लिए नये भवन का भी उद्घाटन होगा।

निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाइन के सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, अंचल निरीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी विवेक चौधरी, महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, आहतु थाना प्रभारी आकाश पांडे, सार्जेंट रविंद्र कुमार यादव, कृष्णा कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भरनो प्रखंड भवन परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो ब्लॉक भवन के प्रांगण में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार, कृषि पदाधिकारी रामकृष्णा ओहदार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा यह शिविर 29 मई से 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़ा के तहत आयेजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से जमीन संबंधी विवाद, पति पत्नी का झगड़ा, ऋण संबंधी समस्या समेत सभी तरह की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मौके पर सीओ संजीव कुमार ने कहा विधिक जागरूकता शिविर में छोटे-मोटे विवादों का समझौता कर सुलझाने का प्रयास किया जाता है। अपने क्षेत्र के लोगों को शिविर में आने के लिये प्रेरित करें। किसानों को केसीसी ऋण से संबंधित ऋण का सही सदुपयोग करने की बात कही। मंच का संचालन रामकृष्णा ओहदार ने किया। मौके पर विधिक सेवा के लीगल एडवायजर लक्ष्मण मोची, सोमनाथ कुमार, शमीम एजाज, अमरेश सिन्हा, मुखिया शांति उरांव, बिनीता आदि उपस्थित थे।

## पुणे में मार्शल आर्ट नेशनल प्रतियोगिता में 9 मेडल जीत कर लौटे गुमला के खिलाड़ियों का स्वागत




**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के बच्चे और युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अच्छा कर रहे हैं। यहां के खिलाड़ी प्रदेश से लेकर नेशनल स्तर पर नाम कर रहे हैं। इसको कायम रखते हुए गुमला के खिलाड़ियों ने 20 से 26 मई तक पुणे में आयोजित 'जीत कुने डो मार्शल आर्ट' प्रतियोगिता में दो गोल्ड, तीन सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल जीत कर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया है। गुमला जिला से नौ खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। इन सभी ने मेडल अर्जित किए हैं। मार्शल आर्ट के विजेताओं के गुमला वापसी पर आज सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने सभी विजेताओं से मुलाकात की एवं शॉल तथा पुस्पगुच्छ देकर विजेताओं को सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल शुरूआत है आने वाले समय में और भी प्रतियोगिता में भाग लेकर और आगे बढ़े एवं देश का नाम रौशन करें। उन्होंने खिलाड़ियों की अनुभूति को भी जाना एवं उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि जिले के हर एक क्षेत्र के खिलाड़ी अपना नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। जिला प्रशासन खिलाड़ियों की उपलब्धियों के लिए हर्ष प्रकट करता है। साथ ही उनकी हर आवश्यताओं की पूर्ति हेतु हरसंभव सहायता हेतु तैयार है। उन्होंने कहा कि जिले में मार्शल आर्ट के लिए जल्द ही एक खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा, जिससे की और भी खिलाड़ी इस खेल से प्रेरित होकर आगे आएंगे एवं प्रैक्टिस कर सकेंगे।

**कार्यक्रम :** माटी शिल्पकारों के उत्थान के लिए उपायुक्त ने शुरू की पहल, टोटो में मिले शिल्पकारों से

# शिल्पकारों के लिए माटी कला केंद्र बनाया जायेगा : उपायुक्त

**गुमला जिले के लघु उद्यमी बनेंगे आत्मनिर्भर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से जिले के पारंपरिक लघु उद्यमियों के विकास हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के पारंपरिक उद्यमियों को चिन्हित करते हुए उनके विकास हेतु कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत उपायुक्त स्वयं ही सभी लघु उद्यमियों से मुलाकात करते हुए उनकी कार्यशैली को देखकर उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे हैं।

इसी क्रम में आज उपायुक्त सुशांत गौरव ने टोटो स्थित पारंपरिक माटी शिल्पकारों से मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त ने सभी शिल्पकारों की कार्यशैली एवं उनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को भी देखा। साथ ही उपायुक्त ने वहां स्थित सभी माटी शिल्पकारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए उसके समाधान हेतु चर्चा की। जिस प्रकार से उपायुक्त द्वारा बांस कारीगरों के विकास हेतु बेसिक सुविधाएं, टूल किट सीएससी भवन देकर उनके आमदनी को दुगना किया गया है। उसी प्रकार उपायुक्त के निर्देश से लघु एवं कुटीर बोर्ड द्वारा माटी शिल्पकार एवं अन्य कारीगरों का मैपिंग करते हुए उनका कारीगर निबंधन, श्रमिक निबंधन कराते हुए उनके उत्पादन को बढ़ाने हेतु सीएफसी निर्माण जैसे कार्य हेतु योजना बनाई जा रही है। माटी शिल्पकारों के साथ हुई बैठक के क्रम में उपायुक्त ने सर्वप्रथम मार्केटिंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मार्केटिंग से लेकर उत्पाद बढ़ाने तक की पूरी प्रक्रिया में सहायता प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने जिला समन्वयक को माटी शिल्पकारों को एक्सपोजर विजिट कराने का निर्देश दिया।

**माटी शिल्प कला केंद्र का होगा निर्माण :** उपायुक्त ने माटी शिल्पकारों की स्थिति को देखते हुए एक छत के नीचे सभी शिल्पकारों को लेकर आने हेतु माटी शिल्प कला केंद्र का निर्माण करने की बात कही। शिल्पकारों के अनुरोध पर सामुदायिक भवन निर्माण करने हेतु भी उपायुक्त ने स्वीकृति प्रदान की। जल्द ही यह दोनों भवन के निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। बैठक में कई ग्रेजुएट महिला माटी शिल्पकार से उपायुक्त ने मुलाकात की जिसे देखते हुए महिलाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल लिट्रेसी योजना से जोड़ते हुए उन्हें निःशुल्क कंप्यूटर की ट्रेनिंग देने का निर्देश जिला उद्यमी समन्वयक को दिया।

मौके पर बीडीओ गुमला, जिला उद्यमी समन्वयक सहित माटी शिल्पकार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## टीबी रोगियों को दिया गया पौष्टिक राशन किट

**नगर परिषद की ओर से लगातार पांच माह से जारी है यह नेक कार्य**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अपील पर गुमला नगर परिषद ने बीते जनवरी माह में शहर के सभी टीबी रोगियों को पोषण की दृष्टिकोण से अगले छह माह के लिए गोद लिया गया था, जिन्हें पिछले चार माह से सूखा राशन सहित विभिन्न पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें प्रोटीन, तेल, घी, गुड़ आदि जरूरी अन्य विभिन्न खाद्य सामग्री शामिल थीं। उक्त पोषण कार्यक्रम को नगर परिषद की ओर से छह माह के लिए प्रायोजित किया गया है। उसी क्रम में इस माह यानि पांचवें माह का पोषण खाद्यान्न वितरित करने हेतु नगर परिषद सभागार में एक सादा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपायुक्त सुशांत गौरव ने शहर के टीबी रोगियों को पौष्टिक खाद्य सामग्री की किट उपलब्ध करवायी।

उपायुक्त ने इस दौरान नगर परिषद पहुंचे उपचार-रत रोगियों तथा उनके परिजनों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं भी दीं। मौके पर उपायुक्त ने साथ ही टीबी मरीजों से अपील की कि जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे टीबी मुक्त गुमला कार्यक्रम के तहत यक्ष्मा विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों तथा नियमों का अनुपालन करते हुए ससमय दवाई लें तथा जिले को टीबी मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभायें। इस दौरान डीटीओ विजय बिरुआ, नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार, जिला यक्ष्मा कार्यालय के कई पदाधिकारी तथा नगर परिषद के कर्मचारी गण मौजूद थे।

## कुड़ुख भाषा समृद्धि की ओर बढ़ रही है : अशोक भगत

**विकास भारती बिशुनपुर में तीन दिवसीय कुड़ुख भाषा सेमिनार का समापन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** विकास भारती बिशुनपुर स्थित अंबेडकर सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कुड़ुख भाषा सेमिनार का आज समापन किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा, आज कुड़ुख भाषा समृद्धि की ओर बढ़ रही है। हमें यह जानकर खुशी है कि दुनिया में इस भाषा को बोलने वाले लोगों की संख्या उत्तरोत्तर बढ़ रही है। भगत ने कहा कि हमारा प्रयास झारखंड के शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में कुड़ुख भाषा को प्राथमिकता दिलवाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश भाजपा जनजातीय मोर्चा के अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने कहा कि दुनिया की संपूर्ण संस्कृतियों की जननी आदिवासी संस्कृति है। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उवि सेन्हा, लोहरदगा की शिक्षिका डॉ वैजयंती उरांव ने अपने संबोधन के क्रम में आदिवासी खानपान पर चर्चा की। कार्यक्रम में उरांव समाज के प्रमुख कार्यकर्ता एवं आदिवासी चिंतन के विद्वान भिखारी भगत, विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, उपाध्यक्ष अनिल भगत, आदिवासी चिंतक भुवनेश्वर उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में ग्रामीण का शव बरामद



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सोमवार को बसिया पुलिस ने बसिया थानांतर्गत पतुरा अंबाटोली से सरूडा कोयनार टोली निवासी लगभग 45 वर्षीय निरल कुल्लू, पिता कामिल कुल्लू का संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रामीणों ने सुबह लगभग 8 बजे पतुरा अम्बाटोली में निरल कुल्लू का शव को देखकर बसिया पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी छोटू उरांव ने सदलबल घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया। लोगों ने बताया कि उसे सुबह साइकिल से गांव से जाते हुए देखा गया था।

## भालू के हमले से युवक घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के हेलता गांव निवासी बिगना उरांव भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बिगना ने बताया कि मजदूरी के लिए मैं अपने गांव हेलता से कोनार टोली के लिए जा रहा था। रास्ते में जंगल के समीप डीबी डोढ़ा के पास अचानक भालू ने मुझ पर हमला कर दिया और अपने नाखून से मुझे घायल कर दिया। मैं अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाने लगे। जिससे कुछ ग्रामीणों को आता देख भालू जंगल की ओर भाग निकला। वहीं ग्रामीणों की मदद से बिगना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां से सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया।

## सिसई में सुमित पेट्रोल पंप का उद्घाटन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सिसई बसिया पथ पर जोगोटोली बानागुटू में सोमवार को सुमित पेट्रोल पंप का उद्घाटन बसिया सर्कल के पुलिस इंस्पेक्टर एसएन मंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संचालक पंकज साहू ने कहा कि इस पेट्रोल पम्प के खुल जाने से जोगोटोली, कुम्हारी, ममरला, रामजड़ी सहित सैकड़ों गांव के उपभोक्ताओं को सुविधा होगी। मौके पर थाना प्रभारी छोटू उरांव, जिप सदस्य विनोद भगत, सुधीर ओहदार, भोला साहू, चंदन कुमार, बलदेव साहू, किशोर साहू, दिनेश साहू, कमलकांत ओहदार, दीपिका देवी, उर्वशी देवी, सहुरण साहू, अंकित कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, आशु साहू, संजीता देवी, सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

**पहल : गुमला नगर परिषद ने किया 'कबाड़ महोत्सव' का आगाज**

# सात दिवसीय महोत्सव के पोस्टर का विमोचन कर पर्यावरण रथ को किया रवाना

**शहर के कबाड़ कारोबारियों के साथ प्रशासक ने की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** गुमला नगर परिषद ने विश्व पर्यावरण दिवस से पहले पूरे एक सप्ताह तक चलने वाले अनूठे प्रोग्राम 'कबाड़ महोत्सव' की आज सोमवार को शुरुआत की। सोमवार को नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ इस महोत्सव के पोस्टर को लांच किया, साथ ही शहर से पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा तथा अन्य ऐसी ही पुरानी वस्तुओं के संग्रह हेतु 'पर्यावरण रथ' नामक वेस्ट कलेक्शन वाहन को रवाना किया। इस अभियान के तहत 'कबाड़ से जुगाड़' थीम पर शहर में विभिन्न जागरूकता परक कार्यक्रम चलाये जाने हैं। इस पूरे अभियान को 'कबाड़ महोत्सव' का नाम दिया गया है।

प्रशासक ने बताया कि कबाड़ हो चुकी वस्तुओं से कैसे उपयोगी सामान बनाए जाएं ताकि न केवल इस दिशा में कुटीर रोजगारों का सृजन हो बल्कि शहर में बढ़ रहे अनावश्यक कचरे के भंडार में यथासंभव कमी आ सके।

**कबाड़ महोत्सव के तहत कार्यक्रमों की सूची :** कबाड़ हो चुकी चीजों को खूबसूरत रूप देकर पुनर्प्रयोग करने हेतु बनाने की दिशा में शहर के लोगों को प्रशिक्षित करने, उन्हें अभिप्रेरित करने तथा पहले से ही ऐसा काम कर रहे लोगों को चिन्हित कर पुरस्कृत करने के लिए सात दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत नगर भवन में कबाड़ से उपयोगी सामान बनाने हेतु प्रशिक्षण सह दो दिवसीय कार्यशाला, कबाड़ से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताएं, जागरूकता कार्यक्रम, सम्मान समारोह, वृक्षारोपण, झोला रैली आदि कार्यक्रम शामिल रहेंगे।

**शहर के कबाड़ कारोबारियों के साथ प्रशासक ने की बैठक :** नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार ने शहर के आधा दर्जन से अधिक बड़े कबाड़ कारोबारियों के साथ बैठक की। जहां एक ओर उन्हें कई जरूरी निर्देश दिए, वहीं उनसे इस कबाड़ महोत्सव में भाग लेने की अपील की। संजय कुमार ने कहा कि कबाड़ कारोबारी अपने यहां मौजूद कबाड़ की वस्तुओं का उपयोग कर 4 जून से पूर्व कुछ रचनात्मक चीजें बनायें। कबाड़ कारोबारियों ने नगर परिषद की इस पहल पर हर्ष व्यक्त किया तथा कहा कि कबाड़ जैसी चीजों को लेकर ऐसा आयोजन वे पहली बार देख रहे हैं, उन्होंने कहा कि वे अपने शहर के लिए अपने अंदाज में कबाड़ से उपयोगी चीजें बनाएंगे।

इस दौरान प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी बिश्वजीत महतो, नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, हिमांशु मिश्रा, नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग सहित एसबीएम एवं एनयूएलएम टीम के कर्मचारीगण मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लघु कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त ने बसिया प्रखंड के रामजड़ी गांव का किया दौरा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** लघु कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा बसिया प्रखंड के रामजड़ी गांव का दौरा किया गया। ज्ञात हो कि रामजड़ी गांव में कंसारी समाज के द्वारा विगत कई वर्षों पूर्व से कुटीर उद्योग के तहत कांसा, पीतल का बर्तन बनाने का काम किया जाता है। इसी को आधुनिक तरीके से सुरक्षित माहौल में कैसे किया जाये इसको लेकर उपायुक्त द्वारा एक-एक घर जाकर उनके द्वारा किये गए कार्यों को समझने का प्रयास किया गया। फलस्वरूप ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनके सुझाव एवं समस्या को सुना गया। उपायुक्त द्वारा लघु कुटीर उद्योग के जिला समन्वयक सूरज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता को निर्देश दिया कि एक प्लान बनाकर दें कि कैसे इन्हें बेहतर और सुरक्षित माहौल दिया जाए। साथ ही एक सोसायटी का गठन कर सभी को जोड़ें। साथ ही एकीकृत एक भवन बनाकर दें जहां ये अच्छे से निर्माण कार्य कर सकें। साथ ही बाजार उपलब्धता के साथ एक बार कारीगरों को फील्ड विजिट करवायें जहां बड़े स्तर पर इसका निर्माण सुरक्षित तरीके से होता है।

### चैनपुर बीडीओ ने की प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजनाओं से जुड़े तकनीकी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त योजना, जेएसएलपीएस, शिक्षा विभाग, पंचायत राज विभाग, कृषि विभाग, के.सी.सी ऋण, भारत नेट का संचालन, आयुष्मान कार्ड सहित कई योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में बीडीओ श्री सिंह ने संबंधित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में लोगों को पानी की समस्या ना हो, जहां भी जल मीनार एवं चापाकल खराब पड़े हैं उन्हें जल्द दुरुस्त करें ताकि लोगों को भीषण गर्मी में जल संकट का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुदूरवर्ती क्षेत्र जानावाल पंचायत के गाढ़ा पाठ गांव में प्रखंड प्रशासन के द्वारा एक दिवसीय कैंप लगाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को प्रखंड स्तरीय कौशल विकास केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में बीपीओ कांति, आवास कोऑर्डिनेटर अमर साहू, हीरा लाल साहू, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, सुशील दीपक मिंज, के साथ प्रखंड के सभी मुखिया एवं सभी रोजगार सेवक पंचायत सेवक उपस्थित थे।

### जविप्र डीलरों की बैठक में 5 जून को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन की तैयारियों पर की गयी चर्चा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के बैनर तले सोमवार को सिसई, भरनो, बसिया व कामडारा प्रखंड के डीलरों की बैठक विवाह मंडप भदौली में हुई। बैठक की अध्यक्षता डीलर संघ सिसई प्रखंड अध्यक्ष मकीन अंसारी ने की। बैठक में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की विभिन्न मांगों को लेकर होने वाले आगामी 5 जून को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा हुई। इस दौरान मकीन अंसारी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के वितरित अनाजों का बकाया भुगतान नहीं होने, एनएफएसए के वितरित अनाजों का बकाया भुगतान नहीं होने, अनुकम्पा के प्रावधानों में बदलाव कर दिए जाने, कमीशन वृद्धि नहीं करने और मानदेय स्वीकृति नहीं करने, 2जी सर्वर को 4जी में तब्दील नहीं करने, वापस लिए जूट बोरियों का भुगतान नहीं करने, गोदामों से सही वजन में अनाज नहीं मिलने, अनाज वितरण के अलावे विक्रेताओं से अन्य कार्यों के एवज में भुगतान नहीं किए जाने की समस्याओं में सुधार की मांग को लेकर 5 जून को जिला में सभी प्रखंड के डीलर फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के बैनर तले धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं बैठक में मौजूद प्रखंड के डीलरों ने बताया कि हमें पिछले 17 महीने से डोर स्टेप डिलीवरी (डीएसडी) का भुगतान नही किया जा रहा है। जिससे हमें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर जिला सचिव तनवीर नाज, भरनो प्रखंड सचिव सुनील केशरी, कामडारा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सिसई प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल साहू, संरक्षक हरिहर प्रसाद जायसवाल, भूपेंद्र बड़ाईक, बहुरा साहू, प्रताप उरांव, रविन्द्र साहू, वसंत जायसवाल, रतिलाल उरांव, नन्दकिशोर राम, सुनील साहू, अनिल उरांव, पूनम देवी, शांता कुमार, रजिया खातून, सरीता देवी, बेर्नादित लकड़ा, लक्ष्मी कुमारी, नीलम देवी सहित सिसई, भरनो, बसिया व कामडारा प्रखंड के अनेक डीलर मौजूद थे।

### सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य, गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे

# तेज रफ्तार टेंपो ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत

**इसी हादसे में चार अन्य घायल, दो की हालत नाजुक, रांची के रिम्स अस्पताल रेफर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य पथ स्थित दिनेश सिंह चौक के समीप सोमवार की दोपहर तीन बजे तेज रफ्तार एक टेंपो सड़क किनारे खड़ी ट्रक में टकरा गयी। इस हादसे में टेंपो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जय प्रकाश ठाकुर नामक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वह हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव का रहने वाला था। वहीं अन्य घायलों संगीता देवी (38), पिंकी कुमारी (18), रूबी देवी (27) और विवेक कुमार का उसी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक प्राथमिकी उपचार के बाद चिकित्सकों ने रूबी देवी और संगीता देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार एक टेंपो में सवार हो कर एक ही परिवार के करीब 10 लोग छतरपुर थाना क्षेत्र के बरदाग अपने रिश्तेदार के यहां गृह प्रवेश में गये थे। वहां से वापस हैदरनगर के कुकही अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच पटेल सीमेंट दुकान के समीप टेंपो चालक वाहन से अपना संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे खड़ी ट्रक के आगे से जोरदार टक्कर मार दी। यह देख स्थानीय लोग मदद को दौड़े। साथ ही पुलिस को भी घटना की सूचना दी गयी। कुछ देर बाद ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साहित्य, संगीत एवं शिक्षा का संगम थे ज्योतिन भैया: देवव्रत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्वर्गीय ज्योति प्रकाश उर्फ ज्योतिन बाबू की 27 वीं पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पत्रकार एवं ज्योतिन बाबू के भाई समान मित्र ने सोमवार को स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। कहा कि ज्योतिन भैया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कारण आम लोगों के स्मृति पटल पर उनकी ख्याति आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। साहित्य, शिक्षा एवं शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उनका योगदान सदा याद रहेगा। मूल रूप से लोहरदगा के तत्कालीन राय बहादुर बलदेव साहू एवं उनके भाई बलराम साहू के वंशज सांसद शिव प्रसाद साहू, धीरज प्रसाद साहू एवं प्रतिष्ठित व्यवसाई उदय प्रसाद साहू से जुड़े ज्योति प्रकाश जी 1940 में डाल्टनगंज आए और छोटे से शहर में मोहन सिनेमा की स्थापना की। शिक्षा के क्षेत्र में उस जमाने में गिने चुने हाईस्कूल को छोड़ कोई डिग्री कॉलेज नहीं था। उस वक्त पलामू में उच्च शिक्षा के लिए शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना अपने घर से की, जो बाद में जनता शिवरात्रि डिग्री कॉलेज बना। शिक्षा के साथ-साथ सेवा एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए रोटरी स्कूल आनंद शंकर की स्थापना भी उन्होंने की थी। शिक्षा के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी उनका योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने दुर्गा मंडप, सदर अस्पताल में टीवी वार्ड का निर्माण भी कराया। कलम से धनी स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने कई उपन्यास भी लिखे जिस पर दिनकर जी, राहुल सांकृत्यायन जैसे दिग्गजों ने लेखनी की काफी प्रशंसा की। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश द्वारा समय-समय पर आयोजित संगीत सम्मेलन के माध्यम में पलामू वासियों को कई ख्याति प्राप्त संगीतकारों को सुनने का अवसर दिया जिसमें भारत रत्न शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां, पद्म विभूषण एवं पद्मश्री से अलंकृत कलाकार किशन महराज, गुदई महाराज, पद्मश्री गिरजा देवी, भीजी जोग, विजय किचलू, सितारा देवी, प्रतिमा बेदी आदि आज भी भुलाए नहीं भूलते है। साहित्य पर उनकी इतनी पकड़ थी की उनके द्वारा लिखित किताब बुलबुल को नॉबेल पुरस्कार विजेता विश्वकवि रविंदर नाथ ठाकुर ने अपने शांति निकेतन के पाठ्यक्रम में शामिल किया।

उनके निधन के बाद साहित्य एवं क्लासिकल सांस्कृतिक कार्यक्रम का पटाक्षेप सा हो गया किंतु सामाजिक एवं सेवा के क्षेत्र में उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर एवं ज्ञान शंकर सब तरह से लगे हुए हैं। उनके पुण्यतिथि पर उन दोनों भाइयों की ओर से सर्वधर्म प्रार्थना, संगोष्ठी एवं हवन जाप कराने, निर्धन के बीच कपड़े एवं सहयोग राशि वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ज्योति प्रकाश ऐसे ख्याति प्राप्त व्यक्ति थे, जिनको लक्ष्मी एवं सरस्वती का वरदान प्राप्त था। वे दोनों का सदुपयोग समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए किया। आज उनके पुत्र वधू अरुणा शंकर जो मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर भी बनी। उनका निधन 76 वर्ष की आयु में 29 मई 1996 को डाल्टेनगंज आवास पर हुआ था। उनके बड़े पुत्र आनंद शंकर पुत्र वधू अरुणा शंकर, छोटे पुत्र ज्ञान शंकर,पुत्र वधू संगीता शंकर, माता द्रौपति देवी, पोते स्रोत शंकर, आकर्ष आनंद, बहू परिधि शंकर, शिवानी आनंद ने परिवार द्वारा संचालित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल तथा ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज में एक प्रार्थना सभा कर आशीर्वाद लिया।

## मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधिक सेवा प्राधिकार में सोमवार को लोक अदालत सह मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने किया। मौके पर अनुमंडल दंडाधिकारी अनीकेत सचान के अलावा न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ने कहा कि 14 जून तक चलने वाले मन का मिलन पखवाड़ा के तहत मध्यस्थता के माध्यम से हर तरह के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इसमें आकर आमजन अपने प्रि-लिटिगेशन के मामले सहित अन्य विवाद जमीन जायदाद, पारिवारिक, चेक वाउंस, वाणिज्य, आपराधिक सुलहनीय मामले, वाहन दुटर्घना मुआवजा, विद्युत, एक्साइज आदि का निःशुल्क एवं त्वरित निष्पादन करा सकते है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पखवाड़ा के तहत अधिक से अधिक लोग खूंटी विधिक सेवा प्राधिकार में आकर विवादों के निस्तारण के लिए मध्यस्थता अपनाकर धन और समय की बचत करें और वाद विवाद से मुक्ति पाएं।

## अनुकंपा समिति की बैठक में 18 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय

**डीसी की अध्यक्षता में हुई 31 मामलों की समीक्षा बैक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी अंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में सामान्य अनुकंपा अंतर्गत कुल 31 मामलों की समीक्षा की गयी, जिनमें 18 आवेदकों के अनुशंसा प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए उन्हें नौकरी देने का निर्णय लिया गया। बैठक में डीसी व अनुकंपा समिति के सदस्य ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक समस्या को लेकर कल्याण पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद की ओर से नगर मंत्री रामा शंकर पासवान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता को लेकर अधिष्ठता छात्र कल्याण पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया गया कि सत्र 2022-24 के व्यवसायिक कोर्स सहित स्नातकोत्तर के सभी विषयों में नामांकन के लिए चास्लर पोर्टल को एक बार पुनः खोला जाए। स्नातक 2019-22 के परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी विद्यार्थियों को अंकपत्र न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्वविद्यालय इसे यथा शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नई शिक्षा नीति एवं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी को अविलंब दूर किया जाए। सत्र 2020-23 जनरल कोर्स का अंकपत्र उपलब्ध कराया जाए, स्नातक ओल्ड कोर्स का परीक्षा परिणाम अभिलंब प्रकाशित किया जाए। इस अवसर पर विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय की गलती की वजह से छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। विश्वविद्यालय के अधिकारी और पदाधिकारी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप मढ़ने में व्यस्त हैं। हमने विश्वविद्यालय प्रशासन से पूर्व में ही मांग किया था कि विश्वविद्यालय सभी छात्रों का दाखिला अविलंब सुनिश्चित करें। पुनः डीएसडब्ल्यू के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करते हैं कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करें अन्यथा कार्यकर्ता पूरजोर आंदोलन करने को बाध्य होगें। इसकी पूरी जिम्मेवारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला संयोजक अभय वर्मा, जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक, नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार रवि, कॉलेज मंत्री विपिन यादव, प्रियांशु कुमार, हिमांशु कुमार आदि मौजूद थे।

## संत मरियम के बच्चों ने स्केटिंग में किया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बिहार के पटना के पटेल नगर स्थित एनर्जी पार्क में 7वां रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड के सैकड़ों स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों में पलामू के स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो और बिट्टू कुमार गोल्ड मेडल और नीरज कोरवा और युवराज सिंह ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। साथ ही राधा कृष्ण साव को सर्टिफिकेट मिला।

विदित हो की इस चैंपियनशिप में पलामू के 11 स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उन सभी को स्केट्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बिहार की ओर से प्रमाण-पत्र देकर मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही स्केटिंग कोच चन्दन कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अपने छात्रों के शानदार सफलता से अभिभूत होकर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि स्केटिंग जैसे खेलों में पलामू का आगे बढ़ना यहां के छात्रों के हित में है। इस चैंपियनशिप के बाद बहुत सारे छात्र विजयी प्रतिभागियों से प्रेरणा लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अब वह दिन दूर नहीं जब पलामू जैसे सुदूरवर्ती इलाके के लोग भी विभिन्न खेलों में अपना कैरियर बनाएंगे। अविनाश देव ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई व मदद करने का आश्वासन दिया।

## स्पोर्ट्स



भारत की फर्स्ट लेडी अवार्ड से सम्मानित और हरियाणा के जींद के गांव मालवी की रहने वाली महिला पहलवान कविता दलाल की जिंदगी पर बायोपिक (बॉलीवुड फिल्म) बनेगा। मुंबई की टीम के साथ कांट्रैक्ट साइन हो गया है।

### राष्ट्रपति दे चुके फर्स्ट लेडी अवॉर्ड : पूर्व आइपीएस अफसर की प्रताड़ना से छोड़ा खेल

# जींद की डब्ल्यूडब्ल्यूइ फाइटर कविता पर बनेगी फिल्म

एजेंसी

**जींद।** भारत की फर्स्ट लेडी अवॉर्ड से सम्मानित और हरियाणा के जींद के जुलाना के गांव मालवी की रहने वाली महिला पहलवान कविता दलाल की जिंदगी पर बॉलीवुड फिल्म (बायोपिक) बनेगी। ग्रांड स्केल पर फिल्म बनाने को लेकर कविता दलाल का मुंबई की टीम के साथ कांट्रैक्ट साइन हो गया है। टीम ने स्टोरी लिखनी भी शुरू कर दी है। दंगल, मेरीकॉम समेत दूसरी बायोपिक फिल्मों की तरह कविता दलाल की जिंदगी भी रुपहले पर्दे पर दिखेगी। कविता दलाल तब ज्यादा चर्चा में आयी थी, जब वर्ष 2016 में सूट-सलवार पहनकर अंतरराष्ट्रीय पहलवान को पटखनी दी। फिलहाल वह आम आदमी पार्टी (आप) से जुड़ी हुई हैं। जंतर मंतर पर पहुंच कर आरोप लगाया था कि पूर्व आइपीएस अफसर की प्रताड़ना से वह रिंग से दूर हुई।



### लंबी कद काठी ने बनाया वेट लिफ्टर

जुलाना के छोटे से गांव मालवी के किसान परिवार में पैदा हुई कविता दलाल को शुरू से ही दूध-दही खाने का शौक था। शारीरिक रूप से मजबूत और 5 फीट 11 ईंच की कद काठी होने के कारण उसका रुझान वेट लिफ्टिंग की तरफ गया। ग्रामीण परिवेश से निकलकर समाज और आर्थिक हालातों से लड़ते हुए कविता ने मेहनत की और धीरे-धीरे मेडलों की झड़ी लगा दी। कविता ने वेट लिफ्टिंग में नेशनल गेम्स में कई मेडल जीते। इसके अलावा साल 2016 में साउथ एशियार्ड में कविता ने गोल्ड मेडल भी जीता। कविता दलाल डब्ल्यूडब्ल्यूई की फाइट देखती थी। उसकी इच्छा भी थी कि वह भी इस तरह की फाइटों में भाग ले। इसको लेकर कविता ने जालंधर की एक एकेडमी में ट्रेनिंग शुरू की। वहां डब्ल्यूडब्ल्यूइ की फाइटिंग के लिए मेहनत करने लगी। साल 2016 में ही कविता दलाल देसी अंदाज में सूट सलवार पहनकर डब्ल्यूडब्ल्यूइ रिंग में उतरी। उसने विश्व स्तर की पहलवान को जबरदस्त पटखनी दी। इसका वीडियो वायरल हुई तो देश ही नहीं, विदेशों में भी कविता दलाल ने सुर्खियां बटोरी।

### लड़कियों को प्लेटफार्म देने का है सपना

कविता दलाल इसके बाद 4 साल तक यूएसए में फाइटिंग करती रही। करीब दो साल पहले इंडिया लौटी और यहां आने के बाद राजनीति में सक्रिय हो गई। आप आदमी पार्टी को जॉइन कर लिया। कविता का मानना है कि खेलों की नीतियां अच्छी हैं, लेकिन यह फाइलों तक सीमित रह जाती हैं और असली टैलेंट दब जाता है। वह चाहती हैं कि सिस्टम में आकर उसका हिस्सा बनकर बहुत कुछ बदला जा सकता है। कविता बताती हैं कि उनका विजन है कि लड़कियों के लिए ऐसा प्लेटफार्म तैयार किया जाए, जिससे उनका टैलेंट उभर कर सामने आए। बतातें चलें कि संघर्ष के दिनों के बारे में कविता दलाल ने कहा कि किसान परिवार से होने के कारण शुरूआत में आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी। परिवार का दूध बेचकर ही गुजारा होता था। अपने भाई संजय के कहने पर खेल में आगे बढ़ी। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कैंप के दौरान एक बार कविता दलाल के पास पैसे नहीं थे तो उसने मंदिर में मूर्ति के आगे रखे 15 रुपए उठा लिए थे और उससे टूथपेस्ट खरीदा था। कुछ दिन बाद वह पैसे वापस मंदिर में रखने के लिए मंदिर गई। वहां मंदिर के बाहर बैठी एक भूखी लड़की को खाना खिलाया।

### राष्ट्रपति ने दिया फर्स्ट लेडी का अवॉर्ड

कविता दलाल की यूएसए से डब्ल्यूडब्ल्यूई की टीम आई तो सिलेक्शन हुआ। दुबई में होने वाली फाइटिंग के लिए वह भारत से अकेली महिला पहलवान थी। डब्ल्यूडब्ल्यूइ के इवेंट में भी कविता ने सूट और सलवार में ही फाइटिंग की और भारतीय कल्चर को बढ़ावा दिया। इसके बाद उसकी पहचान बनने लगी। वर्ष 2017 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें फर्स्ट लेडी के अवॉर्ड से सम्मानित किया।

### खुशी है कि किसी ने उनकी लाइफ को समझा

कविता दलाल ने बताया कि उन्हें खुशी है कि उनकी संघर्ष पूर्ण लाइफ को किसी ने समझा और उस पर फिल्म बनने जा रही है। इससे उन लाखों लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी, जो परिस्थितियों में उलझकर अपना सपना पूरा नहीं कर पाती। कविता ने बताया कि प्रीति अग्रवाल के साथ उनकी फिल्म बनाने को लेकर कांट्रैक्ट साइन हुआ है। फिल्म में उनके जिंदगी के पूरे संघर्ष को दिखाया जाएगा। मैं अटल हूं जैसी फिल्मों के निमार्ता जीशान भी कविता की बायोपिक पर काम करने को लेकर बेहद उत्सुक नजर आ रहे हैं।

### पूर्व आइपीएस की वजह से छोड़ी रेसलिंग

कविता ने कहा कि मुझे भी उत्पीड़न की वजह से रेसलिंग छोड़नी पड़ी। मैंने भी वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व आइपीएस की प्रताड़ना के कारण रेसलिंग छोड़ी थी। पहले कभी आपबीती बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाई, लेकिन दिल्ली के जंतर-मंतर पर विनेश फोगाट को देखा तो हिम्मत आई। ऐसी स्थितियां कई खिलाड़ियों के चारों तरफ पैदा कर दी जाती हैं।

## पलामू की मूल समस्याओं से झामुमो जिलाध्यक्ष ने कराया डीसी को अवगत




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने डीसी से मिलकर पलामू की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। पीएमसीएच में 100 बेड का निर्मित अस्पताल जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 4 दिसंबर 2022 को किया गया था, उसका उपयोग मरीजों के लिए अभी तक शुरू नहीं होने की जानकारी दी। साथ ही इसे जल्द से जल्द शुरू कराने का सकारात्मक प्रयास डीसी की ओर से किए जाने की अपील की। ऊंटारी रोड की कई समस्याओं को भी उन्होंने डीसी के समक्ष रखा, जिसका निदान भी जल्द किया जाएगा। साथ ही पुलिस स्टेडियम का सुंदरीकरण और सुदृढ़ीकरण की मांग भी जिलाध्यक्ष ने रखी। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने बताया डीसी के समक्ष समस्याओं को रखा है, उनसे मुलाकात काफी सकारात्मक रही है। अस्पताल जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। हमारा प्रयास है की मरीजों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। मेरा प्रयास रहेगा कि मरीजों को रांची के रिम्स अस्पताल रेफर से मुक्ति मिले। आने वाले कुछ महीनों में पलामू पुलिस स्टेडियम नए रूप में तैयार किया जाएगा जिससे हमारे खिलाड़ियों को खेल का अच्छा मैदान मिल सके। ऊटारी प्रखंड में समस्याओं का जाल फैला है, इस पर भी डीसी से सकारात्मक बात हुई है। जल्द ही इसका भी निदान किया जाएगा। कहा कि पलामू डीसी बहुत सुलझे व्यक्ति हैं, वे समस्याओं का तुरंत निराकरण करने में विश्वास करते हैं और हमारे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर झामुमो नेता अविनाश देव और उंटारी रोड प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता मौजूद थे।

### अवैध उत्खनन और कोयला चोरी पर लगाम लगाने को लेकर संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

# जमुनिया नदी के किनारे तीन दर्जन से अधिक अवैध मुहानों की करायी भराई

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** कोयलांचल बाघमारा क्षेत्र में अवैध उत्खनन व कोयला चोरी पर लगाम लगाने को लेकर सोमवार को बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र प्रबंधन, वन विभाग, सीआइएसएफ और बाघमारा पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर जमुनिया नदी किनारे हो रहे अवैध उत्खनन स्थल की भराई करवाई। बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के सुरक्षा इंचार्ज राजीव रंजन, सीआइएसएफ इंस्पेक्टर राजीव कुमार, वन विभाग ओमप्रकाश आनंद और बाघमारा पुलिस सहित कई अन्य अधिकारियो की टीम ने जमुनिया नदी के तट पर चल रहे लगभग तीन दर्जन से अधिक अवैध मुहानों की भराई करवाई। अवैध उत्खनन स्थल पर पहुंचते ही पुलिस प्रशासन व बीसीसीएल के अधिकारीगण एक ही स्थान पर महज कुछ फुट की दूरी बनाकर इतनी बड़ी संख्या में हो रहे अवैध उत्खनन को देख अचंभित हो गए। संयुक्त टीम ने अवैध उत्खनन स्थल से कोयला जब्त कर लाने में असमर्थ थी इसलिए टीम ने उत्खनन स्थल पर ही अवैध कोयला को मुहाने के अंदर मिट्टी और पत्थर से दबा दिया। एक बीसीसीएल अधिकारी ने अवैध धंधेबाज की माइंस को देखकर दबी जुबान से कहा कि जरूर इनके साथ अंडरग्राउंड में काम करने में सक्षम व्यक्ति का सहयोग प्राप्त है। तभी इतनी अच्छे तरीका से अवैध माइंस का संचालन हो रहा था।





अवैध मुहानों की भराई करवाती बीबीसीएल, सीआइएसएस व पुलिस की संयुक्त टीम के पदाधिकारी।

### व्यवस्था की कमी का फायदा उठाते कोयला चोर

जानकारों की मानें तो बीसीसीएल प्रबंधन अवैध उत्खनन स्थल पर छापामारी अभियान तो जरूर चलाती है, लेकिन जब्त अवैध कोयले को कोलियरी तक लाने में हमेशा असमर्थ रही है। जहां भी सीआइएसएफ टीम या स्थानीय पुलिस प्रशासन अवैध उत्खनन स्थल पर छापामारी कर कोयला जब्त करती है इनके सामने सबसे बड़ी समस्या ये उत्पन्न हो जाती है कि जब्त कोयले को कोलियरी कोल डंप तक कैसे लाये। इसलिए लगभग सभी जगह पर बीसीसीएल प्रबंधन व सीआइएसएफ टीम जब्त कोयला को अवैध उत्खनन स्थल पर ही दबा कर अपना काम समाप्त कर लेती है और अवैध धंधेबाज थोड़ा-बहुत परेशानी झेल कर उस कोयले को फिर से निकाल लेने में सफल होते है। अवैध उत्खनन स्थल भराई अभियान के दौरान वन विभाग के एसबीओ ओपी आनंद,बाघमारा थाना के सअनि मुंदीप सिंह, सीआइएसएफ इंस्पेक्टर राजीव कुमार, अमीत कुमार आदि थे।

### चल रही थी पार्टी, टीम के आने से पहले भागे कोयला चोर

अवैध उत्खनन स्थल के समीप एक पेड़ के निचे खाना खाने व पार्टी करने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध थी। संयुक्त टीम के पहुंचने से पहले ही अवैध उत्खनन से जुडे लोग उक्त स्थल से भाग खड़े हुए। पुलिस के हाथ केवल कुदाल, बेलचा, टोकरी और पार्टी करने के स्थान पर कुछ खाने-पीने की समाग्री ही हाथ लगी, जिसे टीम ने नष्ट कर दिया।

# पांच दिनों से बिजली गुल, पांच हजार की आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर

**लोयाबाद सात नंबर की बिजली व्यवस्था चरमराई**

आजाद सिपाही संवाददाता







**लोयाबाद।** बारिश शुरू होते ही एक बार फिर लोयाबाद सात नंबर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। इस साल भी लोयाबाद सात नंबर स्वीच रूम में बारिश का पानी भर गया है। अंदेशा जताया जा रहा कि स्वीच और ट्रांसफर्मर में पानी चला गया होगा। जिस कारण पांच दिनों से यहां की बिजली बाधित है। जिससे करीब पांच हजार की आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर है। अभियंता तरुण कुमार का कहना है कि दो दिन और इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल नए चदरे शीट डालने का काम शुरू होगा। आशा है कि मंगलवार शाम तक बिजली बहाल हो जायेगी। बतातें चलें कि रविवार को तेज आंधी-पानी होने के कारण मुसीबत दोगुणा बढ़ गयी। तेज हवा से स्वीच रूम का छावनी उड़ गया। अब स्वीच रूम का ट्रांसफार्मर खुले आसमान के नीचे पड़ा है। जब तक छावनी मरम्मती नहीं होगा, तब तक बिजली बहाल होने संभव नहीं है। वहीं, कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद और भाजपा नेता मनोज मुखिया बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए चिंतित है। दोनों अपने-अपने स्तर से कोलियरी प्रबंधन से संम्पर्क कर जल्द बिजली बहाल करने की कोशिश मे लगे हुए है। सोमवार करीब 11 बजे एरिया सिविल इंजीनियर, अभियंता तरुण कुमार, फोरमैन तपन पंडा, टेक्निकल कर्मी नंदकिशोर पासवान सहित कर्मियों ने निरीक्षण किया। तय हुआ कि तत्काल छावनी शीट बदलकर बिजली बहाल कर दी जाए और छह माह के भीतर नई स्वीच रूम तैयार किया जायेगा। इस बाबत भाजपा नेता मनोज मुखिया का कहना है कि स्वीच रूम की छावनी चदरे शीट की तो है ही दिवार भी उसी चदरे शीट की खड़ी की गई थी। पांच-सात साल में ट्रांसफार्मर रूम जर्जर और सड़ गया दै। जब बारिश होती है तो ट्रांसफार्मर में पानी चला जाता है। पिछले एक साल से नया और रूम बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अधिकारी सुनते नही है।

वहीं, चेंबर सचिव सुनील पांडेय ने कहा कि लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन सात नंबर लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। अक्सर यहां बिजली व्यवस्था ब्रेक डाउन रहती है। बारिश के दिनों में परेशानी बढ़ जाती है। किसी भी जनप्रतिनीधि का बीजली समस्या पर ध्यान नहीं है। वहीं, सात नंबर के ग्रामीण रंजीत साहनी ने कहा कि अधिकारी मजदूरो और ग्रामीणों की समस्या से सरोकार नहीं रखते हे। इसलिए लोयाबाद सात नंबर का बिजली व्यवस्था ध्वस्त है। जबकि कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद ने कहा कि चदरा सीट का रूम है। उसी रूम से करीब पांच हजार अबादी को बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफर्मर और स्वीच स्थापित किया गया था। जबकि रूम को पक्का बनाना होगा। अन्यथा परेशानी बनी रहेगी। उन्होने लोयाबाद कोलियरी पीओ अनिल सिंह से वार्ता कर अविलंब बिजली बहाल करने एवं ट्रांसफॉर्मर रूम बनाने की मांग की है।

# निकाली भव्य कलश यात्रा, शामिल हुईं सैकड़ों महिलाएं

**आमडीह घोराठी में पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रुद्रचंडी महायज्ञ सह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो, जय श्री राम, हरहर महादेव आदि धार्मिक उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। मौका था आमडीह घोराठी में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 108 रुद्रचंडी महायज्ञ सह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को निकली भव्य कलश यात्रा का। मंदिर परिषर से निकली यात्रा आमडीह, घोराठी, हड़कुपभट्ठा, महुलताण्ड, खरियो आदि होते हुए चार किमी की यात्रा तय कर रानी तालाब पहुंची। यहां पंडित रमेश पाण्डेय सहित अन्य विद्वान पंडितों द्वारा सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ 251 कलशों में जलाभरण करवायी गयी। इसके बाद यात्रा में शामिल श्रद्धालु वापस उसी मार्ग से भक्ति गीतों की धुन पर नाचते थिरकते मंडप परिषर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य ने कलशों को मंडप में प्रवेश कराया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिवसीय महायज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा के बाद मंथन कर अग्नि उत्पन्न के बाद संध्या आरती की गयी। जबकि रात्री में वृंदावन से आई कथा वाचिका गंगा मिश्रा द्वारा प्रवचन की प्रस्तुति की जाएगी। कलश यात्रा में जीप सदस्य ललिता देवी, लखन शर्मा, बासुदेव शर्मा, मितलाल शर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा, ब्रह्मदेव राणा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, शंकर मिस्त्री, सुभाष शर्मा, बाबूलाल पांडेय, डब्ल्यू शर्मा, महेश मिस्त्री, विजय शर्मा, पिंटू शर्मा, गुड्डू शर्मा, पोरेश चौबे, शिवनाथ शर्मा, पवन शर्मा, सुरेश शर्मा, संतोष शर्मा आदि शामिल थे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं।

### झांकी आकर्षण का केंद्र

आयोजन समिति की ओर से कलश यात्रा के दौरान निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बच्चे भगवान गणेश, शिव, राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित अन्य वेशभूषा धारण किये श्रद्धालुओं के साथ चल रहे थे। कलश यात्रा के आगे छोटे छोटे बच्चे हाथों में धार्मिक पताखा लिए जयकारा लगाते चल रहे थे। वहीं महिलाएं व युवतियां माथे पर कलश लिए नंगे पांव चल रही थी।

# कण-कण में हैं भगवान, नास्तिकों के पास देखने की आंखें नहीं: देवी शिखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** नास्तिक और कुछ पढ़े लिखे लोग कहते हैं कि भगवान नहीं हैं। अरे भगवान तो कण कण में हैं, लेकिन देखने के लिए उन लोगों के पास आंखें नहीं है। विज्ञान को मानें,लेकिन भगवान को भुलें नहीं। उक्त बातें कथा व्यास देवी शिखा चतुर्वेदी ने जुनकुंदर प्रोजेक्ट कॉलोनी में आयोजित हनुमंत महायज्ञ में राम कथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भगवान के भक्त को कष्ट होते जरूर हैं, लेकिन परमात्मा उसे कम कर देते हैं। धरा (दुखालय) पर आने वाले सभी प्राणी को दुःख है, लेकिन राम के शरण में जाओ तो सुख ही सुख मिलेगा। जीवन का कोई भरोसा नहीं है। इसलिए समय व्यर्थ नहीं गंवा कर प्रभु का गुणगान किया करो। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा में रुचि नहीं रखने वाले को भव रोगी कहते हैं। इस रोग की एक मात्र औषधि भगवान की कथा है। संकल्प के साथ जीवन में एक नियम अवश्य होनी चाहिए। भोलेनाथ को सुबह जल चढ़ाएं, तुलसी जी की सेवा करें या फिर एक माला जाप करें। धैर्य रखते हुए ऐसा करने से नियम का फल जरूर मिलेगा। इस दौरान उन्होंने अकबर बिरबल और कुंभकार को रोज देखने की नियम की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान के वाल स्वरुप उदार होते हैं। प्रभु श्री राम के जन्म की कथा का सजीव चित्रण किया। इधर, देवी देवताओं (मूर्तियों) का प्राण प्रतिष्ठा और हवन के बाद भंडारा हुआ। पूरे अनुष्ठान आचार्य मधुसूदन तिवारी, उपाचार्य छोटेलाल तिवारी, वैदिक चंदन पांडेय, युगलकिशोर, विकास झा, कपिल तिवारी, दीपक तिवारी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, प्रमुख संगीता महतो, मुखिया कोमल झा, संगीता पासवान, काकुली मुखर्जी, रंजीत पासवान, प्रेम सिंह शामिल हुए। वहीं, देवी जी ने सभी को हनुमान चालीस भेंट किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि धीरज सिंह, रिंटू पाठक, राजू रक्षित, अमन सिंह, राजू चौहान, गुड्डू सिंह, बाबन मित्रा, सोनू सिंह, रुपेश चौहान, अविनाश, सूरज, रोहित सिंह, भोला चौहान और सोनू आदि मौजूद थे।



# डीवीसी मैथन परियोजना में चलाया गया सफाई अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दामोदर वैली कार्पोरेशन मैथन परियोजना में सोमवार की सुबह डीवीसी के आवासीय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अभियंता संजीत कुमार सिन्हा ने की। उनके साथ उपमुख्य अभियंता सुरेंद्र कुमार साहू, उपमुख्य अभियंता सुजीत कुमार एवं उपमहाप्रबंधक अनूप पुरकायस्थ्य भी शामिल थे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में वरीय प्रमंडल अभियंता बंदन कुमार राय, कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सफाई अभियान में जनसंपर्क अधिकारी संजय, प्रबंधक वानखेड़े, उत्पल साहा, संजय राय चौधरी, उज्ज्वल बनर्जी, अपूर्व साहा आदि भी थे। सफाई अभियान पोस्ट ऑफिस एरिया से होते हुए कालीपहाड़ी मोड़ पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान संजीत सिन्हा ने कहा कि सफाई हमारे दैनिक दिनचर्या का कार्य है। हम सिर्फ अपने घर ही नहीं आसपास के परिवेश की सफाई का ध्यान रखेंगे तो पूरे समाज को फायदा होगा। इसे सिर्फ एक दिन निभा कर बंद नहीं करना है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। धन्यवाद ज्ञापन उपनिदेशक मानव संसाधन श्यामली कुमारी ने दिया।

# ठनका गिरने से सीआइएसएफ जवान और पांच मजदूर घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** तेज बारिश के बीच सोमवार को बीसीसीएल विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग प्वाइंट के समीप स्थित एक पेड़ पर ठनका गिरने से आसपास मौजूद एक शावेल मशीन के नीचे छिपे सीआइएसएफ जवान केके राम बूरी तरह झुलस गये। इसी हादसे में नीरा देवी और ललिता देवी सहित पांच असंगठित मजदूर भी आंशिक रूप से घायल हो गईं। इसकी सूचना पाकर सीआइएसएफ के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल जवान को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया। वहीं घायल असंगठित मजदूरों को स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज कराया गया। जानकारी के मुताबिक सीआइएसएफ जवान विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग प्वाइंट के समीप खराब पड़े शावेल मशीन के नीचे बैठकर ड्यूटी कर रहा था। जबकि दर्जनों असंगठित मजदूर ट्रक लोडिंग कर रहे थे। तभी अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गयी। बारिश से बचने के लिए एक दर्जन से अधिक मजदूर शावेल मशीन के नीचे छिप गए। इसी दौरान शावेल मशीन के पास एक पेड़ के नीचे ठनका गिरा, जिससे जोरदार झटका सीआइएसएफ जवान केके राम को लगी। वह अचेत होकर वहीं, जमीन पर गिर गया, जबकि कई असंगठित मजदूर भी आंशिक रूप से घायल हो गए। ठनका गिरते ही वहां छिपे मजदूरों के बीच खलबली मच गई। सभी इधर-उधर भागने लगे। दूसरी ओर, इस घटना से नाराज मासस के झरिया अंचल के अध्यक्ष धरम बाउरी ने कहा कि यहां के प्रबंधन से कई बार लोडिंग प्वाइंट में शेड बनाने की मांग की थी। पर प्रबंधन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण बारिश में मजदूरों को शावेल के नीचे छुपना पड़ता है।

## धनबादवासियों को राहत, एसएनएमएमसीएच में बढ़ाये जा रही इमरजेंसी बेड

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी भवन के ऊपर दो तल्ला वार्ड बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के प्रस्ताव पर मुख्यालय रांची में सहमति दे दी है। दो तल्ला भवन बनाने के लिए अब जल्द डीपीआर तैयार किया जाएगा। भवन प्रमंडल विभाग की ओर से बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव होगा। वर्तमान में इमरजेंसी विभाग में कुल 60 बेड हैं।

### 240 प्रशिक्षुओं के बीच वितरित किया गया किट

# आत्मनिर्भर बनने को इच्छुक महिलाओं को उपलब्ध करायी जायेगी नौकरी: अनिल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चास नगर निगम की ओर से केंद्र की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित प्रशिक्षण प्रदाता संस्था ब्लूमिग लाईफ मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड में सेल्फ एंप्लॉयड टेलर जॉब रोल के 240 प्रशिक्षुओं को सोमवार को चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह की ओर से किट (बैग, कुर्ती, पजामा, दुपट्टा, टोपी, डायरी, पेन, आई डी कार्ड आदि) वितरित किया गया। अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि अगर महिलाएं नौकरी करने के लिए इच्छुक हैं तो रोजगार मेला के तहत स्थानीय एवं अन्य शहरों में उन्हें नौकरी उपलब्ध कराया जाएगा। यदि स्वरोजगार से जुड़ने की इच्छा है तो उन्हें बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। वहीं, नगर मिशन प्रबंधक की ओर से बताया कि सभी प्रशिक्षुओं को बैंक द्वारा बैंक लेन देन आदि, किसी बड़े मॉल या जहां बड़े लेबल पर ड्रेस या अन्य कपड़ा सिलाई होता है में विजिट कराया जाएगा, ताकि आप लोगों को बाजार में आने वाले परेशानियों से सामना करने की समझ विकसित हो सके। इस मौके पर सामुदायिक साधन सेवी, चास नगर निगम एवं प्रशिक्षण प्रदाता संस्था ब्लूमिग लाईफ मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के सेंटर मैनेजर, प्रशिक्षक आदि उपस्थित थे।




**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा**

**(खनन शाखा)**

**Category-A & B बालू घाट का रद्द किये गये वितीय निविदा सूचना की विवरणी।**

| क्र0 सं0 | बालू घाटों का नाम | अंचल | रकवा (हेक्टेयर में) | E-Tender reference No. | बेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Son Ghat 06 | खरौन्धी एवं केतार | 44.7 | [garhwa/MDO/03/2023] [2023_GAMD_70931_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 |
| 2. | North Koyal Ghat 04 | मझिआँव | 47.7 | [garhwa/MDO/05/2023] [2023_GAMD_70958_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 |
| 3. | North Koyal Ghat 06 | मझिआँव | 10.9 | [garhwa/MDO/06/2023] [2023_GAMD_70964_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 |
| 4. | North Koyal Ghat 07 | मझिआँव | 20.9 | [garhwa/MDO/07/2023] [2023_GAMD_70968_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 |
| 5. | North Koyal Ghat 08 | मझिआँव | 4.38 | [garhwa/MDO/08/2023] [2023_GAMD_70974_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 |

PR.NO.298552 Mines and Geology(23-24):D

जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

**जिला खनन कार्यालय, चतरा**

कैटेगरी–A बालूघाटो का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना।

| क्र0 सं0 | बालूघाट का नाम | प्रखण्ड | रकबा (हे0 में) | e- Tender Reference No. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | Bid Opening Date | नियम एवं शर्त्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Garhi | Gidhor | 0.9 | 1/23-24 | 29.05.2023 | 08.06.2023 upto 11:00 Hrs. | 09.06.2023 at 14:00 Hrs. | M/s JSMDC Ltd द्वारा तैयार Model Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, चतरा |
| 2 | Suggi, Pondarokalan | Hunterganj | 5.72 | 2/23-24 | | | | | |
| 3 | Garkedli | Hunterganj | 9.56 | 3/23-24 | | | | | |
| 4 | Nawadih | Hunterganj | 4.93 | 4/23-24 | | | | | |
| 5 | Sahi | Hunterganj | 0.37 | 5/23-24 | | | | | |
| 6 | Sahi | Hunterganj | 1.02 | 6/23-24 | | | | | |
| 7 | Sahi | Hunterganj | 0.53 | 7/23-24 | | | | | |
| 8 | Sahi | Hunterganj | 0.28 | 8/23-24 | | | | | |
| 9 | Sahi | Hunterganj | 1.51 | 9/23-24 | | | | | |
| 10 | Sahi | Hunterganj | 6.66 | 10/23-24 | | | | | |
| 11 | Sahi | Hunterganj | 1.9 | 11/23-24 | | | | | |
| 12 | Lohsinghana-kalan | Hunterganj | 3.46 | 12/23-24 | | | | | |
| 13 | Bharhi | Pratappur | 0.53 | 13/23-24 | | | | | |
| 14 | Kutki | Tandwa | 3.44 | 14/23-24 | | | | | |
| 15 | Kutki | Tandwa | 3.2 | 15/23-24 | | | | | |

नोट :–

1. M/s JSMDC Ltd रॉची द्वारा Category-A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के बेवसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. खान एवं भूतत्व विभाग झारखण्ड रॉची एवं M/s JSMDC Ltd रॉची द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्त्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर Model Tender Documents को निःशुल्क डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी

चतरा

PR 298575 Mines and Geology (23-24)_D

# उचित उपचार और इच्छा शक्ति से ब्लड कैंसर को हराया जा सकता है

■ सभी संबंधितों के संयुक्त प्रयास से रोगियों को बीमारी से उबरने में मदद मिल सकती है




आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। चिकित्सा विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि भारत में हर साल औसतन लगभग एक लाख की आबादी में रक्त कैंसर का पता चलता है, लेकिन गंभीर बीमारी को उचित उपचार और रोगी की लड़ने की इच्छा से हराया जा सकता है। एम्स, नई दिल्ली में हेमेटोपैथोलॉजी विभाग के पूर्व प्राफेसर डॉ. हर प्रसाद पति ने कहा, इस धारणा को दूर करने की जरूरत है कि अगर कोई व्यक्ति कैंसर से पीड़ित है तो मौत से बचना मुश्किल है। विश्व रक्त कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर यहां चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के तरफ से ये दिवस मनाया गया। डॉ. पति ने कहा कि पिछले तीन दशकों में हेमेटोलॉजी के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है और अब उचित उपचार, दवाओं के उपयोग, बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से ब्लड कैंसर को हराना संभव है। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले सोआ के प्रमुख सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार महापात्र ने कहा कि रक्त कैंसर गंभीर बीमारियों की सूची में 5वें स्थान पर है। हालांकि यह बीमारी गंभीर है, लेकिन इसका सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है। इस अवसर पर बोलते हुए, आईएमएस और सम अस्पताल के डीन प्रो. (डॉ.) संघमित्रा मिश्र ने कहा कि जो लोग ब्लड कैंसर के खिलाफ विजयी हुए हैं, वे कई अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत होना चाहिए। प्रो. (डॉ.) पुष्पराज सामंतसिंहार चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि अस्पताल में कैंसर के इलाज के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन यूनिट, आईसीयू, लैब हेमेटोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और इंफेक्शन कंट्रोल यूनिट सहित सभी जरूरी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। सभी संबंधितों के संयुक्त प्रयास से रोगियों को बीमारी से उबरने में मदद मिल सकती है, उन्होंने कहा। हेमेटोलॉजी और हेमेटो ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख प्रो. (डॉ.) प्रियंका सामल ने कहा कि अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन की प्रक्रिया 2018 में शुरू हुई थी और अब तक बीएमटी के 48 मामले सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं. उन्होंने कहा कि पिछले फरवरी में अस्पताल में स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन भी किया गया था। हेमेटो ऑन्कोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) प्रीतीश चंद्र पात्र ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। अन्य लोगों में लैब हेमटोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. राजेश भोल के साथ समस्त डाक्टर कर्मचारी उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र वित्तीय वर्ष 22-23 के दौरान एनपीए प्रबंधन में शीर्ष पर

आजाद सिपाही संवाददाता



नयी दिल्ली। (पीटीआई) : मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) की निवल अनर्जक आस्तियां (एनपीए) घटकर 0.25 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर पर रहीं और खराब ऋणों के प्रबंधन के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र श्रेष्ठतम बैंक बनकर उभरा है। बैंकों के प्रकाशित वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, रू.3 लाख करोड़ से अधिक का कुल कारोबार करने वाले न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) बल्कि सभी बैंकों में यह न्यूनतम अनुपात है। पुणे स्थित सरकारी स्वामित्व वाले ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बाद 0.27 प्रतिशत निवल एनपीए के साथ एचडीएफसी बैंक दूसरे स्थान पर और 0.37 प्रतिशत निवल अग्रिम के साथ कोटक महिंद्रा बैंक तीसरे स्थान पर रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में, मार्च 2023 की समाप्ति पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बाद निवल एनपीए 0.67 प्रतिशत के साथ देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और 0.89 प्रतिशत के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा का रहा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एनपीए के लिए लगभग संपूर्ण प्रावधान किया है और उसका प्रावधान कवरेज अनुपात 98.28 प्रतिशत के साथ उच्चतम है, उसके बाद यूको बैंक 94.50 प्रतिशत और इंडियन बैंक 93.82 प्रतिशत है। 31 मार्च, 2023 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात के मामले में, बैंक ऑफ महाराष्ट्र का स्थान 18.14 प्रतिशत के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उच्चतम रहा, उसके बाद के स्थान पर पंजाब एंड सिंध बैंक 17.10 प्रतिशत और केनरा बैंक 16.68 प्रतिशत रहा। बैंकों के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, ऋण वृद्धि के मामले में, बैंक ऑफ महाराष्ट्र वार्षिक आधार पर 29.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बीच शीर्ष स्थान पर बना रहा। 21.28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इंडियन ओवरसीज बैंक दूसरे स्थान पर रहा और इसके बाद 21 प्रतिशत पर इंडसइंड बैंक रहा। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने वित्तीय वर्ष 23 के दौरान ऋणों में 15.38 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्शाई है। जमा वृद्धि दर के मामले में एचडीएफसी बैंक 20.80 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहा, उसके बाद 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ फेडरल बैंक और 16.49 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबी) रहा। हालाँकि, कम लागत वाली चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमाराशियों के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र 53.38 प्रतिशत के साथ चार्ट में शीर्ष पर है, इसके बाद 53.02 प्रतिशत के साथ आईडीबीआई बैंक और केएमबी 52.83 प्रतिशत पर है।

# कैबिनेट बैठक में कोणार्क के विकास को हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। कोणार्क का सूर्य मंदिर ओडिशा के सबसे ऐतिहासिक में से एक है। राज्य सरकार ने कोणार्क मंदिर के परिसर और आसपास के विकास के लिए हमेशा प्रयास जारी रखा है। आज की कैबिनेट बैठक में कोणार्क मंदिर के लिए एक नया बिल भी पास किया गया है। सूर्य मंदिर के परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और विकास की परियोजना के लिए कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। ओडिशा सरकार ने राज्य की अनूठी पहचान कोणार्क सूर्य मंदिर को और विकसित करने और आकर्षित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य कैबिनेट की बैठक में मंजूरी भी मिल गई है। आज कैबिनेट की बैठक में जहां 18 प्रस्तावों पर मोहर लगाया गया वहीं कोणार्क का मंदिर परिसर का विकास भी इसमें शामिल है। राज्य कैबिनेट ने इस परियोजना के लिए कुल 209 करोड़ 73 लाख 70 हजार रुपये की मंजूरी दी है। इसी तरह ओल्ड भुवनेश्वर क्षेत्र के विभिन्न स्मारकों का भी पुनर्स्थापित किया जायेगा। राज्य कैबिनेट की बैठक में नवीन सरकार ने इस बारे में फैसला लिया है। सरकार ने विभिन्न स्मारकों को पुनर्स्थापित करने और सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस प्रोजेक्ट के लिए कैबिनेट ने 156 करोड़ 21 लाख रुपये की मंजूरी दी है। हालांकि, इसे अगले 18 महीनों के भीतर अपना काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन का बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। सप्ताह भर की मौज-मस्ती के बाद, रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा आयोजित चिल्ड्रन समर कैंप का आज समापन हो गया। समापन समारोह रेल ऑडिटोरियम मंचेश्वर भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को पुरस्कार वितरित किए और उन्हें अपने जीवन के भविष्य में शिविर से अपनी शिक्षा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। समर कैंप के दौरान योग्य और प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने योग, संगीत, नृत्य, पेंटिंग, संतरण, अभिनय, सिलाई, सैंड आर्ट, मार्शल आर्ट आदि विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए,पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष दिव्या शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता की और प्रतिभागियों को उनकी अंतर्निहित प्रतिभा और गुणों को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में बच्चों ने मिट्टी, रेत, कागज और जीवंत रंगों के साथ खेलकर अपनी भावनाओं का परी प्रकाश किया। इसके अलावा कैंप के अन्य साथियों को देखकर भी बच्चों ने सीखा और अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को तलाशा। मनमिता मंडल संपादक, संचिता नस्कर सह संपादक, भारती निनावे कोषाध्यक्ष और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम का सक्रिय रूप से समन्वय किया।




# सुंदरगढ़ एसपी ने हेमगिरी एएसआइ को किया निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सुंदरगड जिले के हेमगिरी थाने के एएसआई को निलंबित कर दिया गया है। ट्रैक्टर मालिक से 70 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में सुंदरगड एसपी ने एएसआई को नौकरी से निलंबित किए है। गौरतलब है कि हेमगिरी थाने के एएसआई तपन कुमार बेहेरा ने ट्रैक्टरों में मिट्टी उठाने के लिए दो ट्रैक्टर मालिकों से रिश्वत की मांग की थी। ट्रैक्टर के मालिक ने उसे फोन पे के जरिए पैसे भी दिए। हालांकि इसको लेकर ट्रैक्टर के मालिक ने पिछले हफ्ते इलाके में हुए जन शुनानी में शिकायत की थी। शिकायत सुनने के बाद एसपी प्रत्यूष दिबाकर ने एसडीपीओ को जांच के आदेश दिए थे। जांच में सच्चाई सामने आने पर एएसआई को निलंबित कर दिया गया है



















## अमेरिका में दो सौ में एक कुंवारी लड़की गर्भवती

नयी दिल्ली। अमेरिका में मां बनने वाली हर 200 में से एक महिला वर्जिनिटी खोए बिना गर्भवती होती है। अमेरिका की एक रिसर्च में यह बात सामने आई है, जिसे डॉक्टर्स ने मेडिकल भाषा में वर्जिन प्रेग्नेंसी का नाम दिया है। दुनियाभर में ऐसे मामले सामने आते हैं, लेकिन युवा भी इस समस्या से अंजान हैं। बिना फिजिकल रिलेशन बनाए बनीं मां 2021 में इंग्लैंड की निकोल मूर ने 'वर्जिन मैरी' के नाम से सुर्खियां बटोरीं। वह 18 साल की उम्र में प्रेग्नेंट हुईं और एक बच्ची को जन्म दिया। उन्होंने न तो पार्टनर से फिजिकल रिलेशन बनाए थे और न ही प्रेग्नेंट होने के लिए आईवीएफ जैसी किसी तकनीक की मदद ली। डॉक्टर्स ने जांच की तो पता चला कि निकोल सच बोल रही हैं। बल्कि, वह एक ऐसी समस्या से जूझ रही थीं, जिसकी वजह से वह फिजिकल रिलेशन बनाना तो दूर, टैंपून जैसी चीजें तक यूज नहीं कर सकती थीं। इसलिए वह और उनके पार्टनर सिर्फ फोरप्ले के जरिए ही एक-दूसरे से प्यार जताते। इसी प्रक्रिया में वह प्रेग्नेंट हो गईं। यही वजह है कि मीडिया और लोगों ने उन्हें 'वर्जिन मैरी' नाम दिया। 2020 में अमेरिका की समांथा लिन ईसाबेल ने टिकटॉक के जरिए दुनिया को अपनी स्टोरी बताई। 19 साल की समांथा भी बिना संबंध बनाए प्रेग्नेंट हो गईं। निकोल की तरह ही वह भी वर्जिन थीं। बायोमेडिकल जर्नल पर मौजूद एक रिपोर्ट के अनुसार मलेशिया की एक महिला अपनी 5 साल की शादीशुदा जिंदगी में पति से शारीरिक संबंध बनाए बिना 2 बार प्रेग्नेंट हुई और अपने पति के 2 हेल्दी बच्चों को भी जन्म दिया।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**